■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 310
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
14 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1434 :** फ्रांस के विश्वविख्यात सेंट पीटर कैथेड्रल की आधारशिला रखी गई।
**1563 :** सिखों के दसवें गुरू अर्जुन देव का जन्म हुआ।
**1659 :** औरंगजेब ने दिल्ली पर हुकूमत की लड़ाई में दारा को हराया।
**1809 :** नेपोलियन ने बावारिया की लड़ाई में आस्ट्रिया को शिकस्त दी।
**1891 :** भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का जन्म हुआ।

**कोई भी काम तब तक ही असंभव या कठिन लगता है, जब तक उसे किया नहीं जाता।**

## हमने सभी वर्गों के लिए किया काम : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को राजनीतिक दलों की ओर से पटना में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जदयू की ओर से बापू सभागार में 'भीम संवाद' का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में पार्टी के सभी नेताओं को मिलकर सबके लिए काम करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, सवर्ण सभी के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि हम बाबा साहब के घर पर भी गए हैं। उनके परिवार वालों से भी मिले हैं। नीतीश कुमार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा देश के संविधान निर्माण में निभाई गई भूमिका को याद किया। साथ ही वर्ष 2005 के बाद से बिहार में दलित वर्ग के साथ ही महिलाओं, पिछड़ों, अल्पसंख्यक, सवर्णों के सशक्तिकरण के लिए किये गए कार्यों से राज्य में हुए बड़े बदलाव की जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विशेषकर दलितों के लिए सरकारी की योजनाओं से उनके जीवन में आये बदलावों को बिहार में बड़े सामाजिक परिवर्तन का रूप बताया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन के बीच में ही अचानक मंच पर अपने मंत्रिमंडल के सहयोगी अशोक चौधरी को खड़ा करा दिया। उन्होंने रोचक अंदाज में कहा कि अरे भाई कहां हैं जी अशोक चौधरी। खड़ा होइए न, देखिए ये भी हमलोगों के साथ आ गए और ये पूरा का पूरा काम कर रहे हैं। इनको हम बधाई देते हैं। हम इनसे कहेंगे जितना काम किया जा रहा है, आप सभी जगह जाकर एक -एक बात कहिये। इस इस दौरान मुख्यमंत्री ने अशोक चौधरी का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। अशोक चौधरी ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का झुककर अभिवादन किया। जदयू की ओर से आयोजित भीम संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी, सुनील कुमार, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा सहित पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद थे। इस दौरान संजय झा ने कहा कि बिहार को अगर बैक गियर में नहीं ले जाना है तो 2025 में फिर से नीतीश कुमार की रणनीति पर काम करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 के बाद बिहार में दलित वर्ग के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई योजनाएं चलाई जिससे बिहार में अनुसूचित जाति और जनजाति को बड़ा फायदा हुआ।



## वज्रपात से तीन महिला समेत चार लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शनिवार की रात 11 बजे आई तेज आंधी में एक व्यक्ति की छत से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान स्व. फैजदारी पासवान के 62 वर्षीय पुत्र बालेश्वर पासवान उर्फ कारू के रूप में की गई है। दूसरी घटना सारे थाना क्षेत्र के मलावां गांव की है। जहां ग्रामीणों ने बताया कि जमीदार बिंद की 58 वर्षीय पत्नी रामसखी देवी की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक आंधी पानी में खेत से लौट रही थी। गुरुवार की शाम आए आंधी पानी में गिरने से चोट लग गई। परिवार के लोग इलाज के लिए ले गए जहां इलाज के क्रम में मौत हो गई। वहीं, तीसरी घटना बेन थाना क्षेत्र के जनकपुर गांव की है। जहां देर रात आए तेज आंधी और बारिश के कारण गुरुवार की शाम मृतका का झोपड़ी बर्बाद हो गई थी। जिसे किसी प्रकार बुजुर्ग मरम्मत करा रात को सो रहे थे, उसी क्रम में झोपड़ी बचाने के दौरान वज्रपात से उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अशोक कुमार की 43 वर्षीय पत्नी संजू देवी के तौर पर की गई है। चौथी घटना बिहार थाना क्षेत्र के अहियाचक मुसहरी मोहल्ले की है। जहां तेज आंधी पानी की वजह से जर्जर मकान में महिला की दबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज कुमार की 47 वर्षीय पत्नी सविता देवी के तौर पर हुई है। आपदा के तहत अब तक जिले में 27 लोगों की मौत हो चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिर में गोली मार युवती की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बेखौफ बदमाशों ने एक युवती की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। इस वारदात ने पुलिस को खुला चैलेंज दे दिया है। घटना पटना के घोसवरी थाना क्षेत्र की है। पुलिस को घटनास्थल से दो खोखा बरामद हुए हैं। युवती की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। मौके पर पुलिस जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों में घटना के बाद दहशत का माहौल है। मवेशी चराने निकले ग्रामीणों ने जब शव देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। युवती को पहचानने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अब तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हाल के दिनों में क्षेत्र में इस तरह की कई घटनाएं हुई हैं, जिनकी जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

### गैस से भरे टैंकर में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ (कैमूर)।** बिहार के कैमूर बड़ा हादसा टल गया है। मोहनिया कुदरा एनएच 2 पथ पर कुदरा थाना क्षेत्र के कर्मा गांव के समीप रविवार को एक एचपी गैस टैंकर में अचानक आग लग गई। जिसके कारण चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल हो गया। टैंकर में आग को देखकर लोगों दहशत में आ गए। वहां से गुजर रहे वाहन चालक अपनी गाड़ी को छोड़कर भागने लगे। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना थाने को दी। सूचना पर पहुंची कुदरा थाने की पुलिस ने पहले दोनों तरफ के वाहनों को काफी दूर ही रोक दिया और फिर दमकल की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची दमकल की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मोहनिया से सासाराम के तरफ एक एचपी गैस टैंकर जा रही थी। कर्मा गांव के समीप गैस टैंकर में तेज आवाज हुआ। इसके बाद टैंकर कुछ दूर जाकर रुक गया और उसमें आग लग गई। कुदरा थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि आग बुझने के बाद धीरे-धीरे यातायात बहाल किया गया। किसी के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। ट्रक का आगे का हिस्सा और पहिए जल गए हैं। टैंकर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

### नहीं रहे पूर्व विधायक रामावतार साह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज से पूर्व विधायक रहे रामावतार साह का दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया है। उनके निधन के बाद राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। वहीं, इस खबर के सामने आते ही विभिन्न दलों और आसपास के लोगों का हजियापुर के वार्ड नंबर 27 स्थित उनके आवास पर हुजूम उमड़ पड़ा। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा, जिसमें कई जन प्रतिनिधि शामिल होगे। पूर्व विधायक रामावतार साह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। रविवार को हर दिन की तरह अपने घर में बैठकर पत्नी और पोते से बातचीत कर रहे थे। इसी बीच उन्हें उल्टी आने लगी। जिसके बाद उन्हें परिजनों ने गोपालगंज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। हालांकि डॉक्टर ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। जिसके बाद उनके बेटा और बेटी सहित अन्य परिजन पटना लेकर एंबुलेंस से निकल गए लेकिन रास्ते में ही उनका निधन हो गया। निधन के बाद परिजन उनके शव को लेकर वापस घर आ गए।

### शादी से तीन दिन पहले युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सुपौल।** सुपौल के प्रतापगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-27 पर 25 वर्षीय युवक की मौत सड़क हादसे में हो गयी। मृतक की पहचान भवानीपुर उत्तर पंचायत के वार्ड नंबर दो दुआनियां गांव निवासी दिलीप राम के पुत्र किशोर कुमार राम के रूप में हुई है। किशोर की शादी 16 अप्रैल को तय थी। बताया जाता है कि किशोर रोज की तरह रात करीब 10:30 बजे खाना खाकर अपने रिश्तेदार के घर सोने जा रहा था, तभी एनएच 27 पर सड़क पार करते समय एक अज्ञात चारपहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन सिमराही से फारबिसगंज की ओर जा रहा था और एक ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान किशोर को कुचलते हुए निकल गया। घायल किशोर को पीएचसी प्रतापगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर जैसे ही गांव में फैली, ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने शव को एनएच 27 पर रखकर तीन घंटे तक सड़क जाम कर दिया। घटना बाद से परिजनों में मातम का माहौल है।



# सहकारिता से ही सम्भव है राज्य का सर्वांगीण विकास : डॉ. प्रेम कुमार

## गुजरात से लौटे सहकारिता मंत्री ने कहा, गुजरात की सहकारी व्यवस्था का होगा अनुसरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गुजरात के सहकारिता मॉडल के अध्ययन के पश्चात लौटे बिहार सरकार के माननीय सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य का विकास सहकारिता के माध्यम से ही सम्भव है। उन्होंने गुजरात की सहकारी व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे देश का सर्वश्रेष्ठ सहकारी मॉडल बताया। डॉ. प्रेम कुमार दिनांक 8 अप्रैल से 13 अप्रैल 2025 तक गुजरात में सहकारी संस्थाओं के कार्यप्रणाली और व्यवस्थागत ढांचे के अध्ययन के लिए भ्रमण पर थे। उन्होंने बताया कि गुजरात ने सहकारी बैंकों के माध्यम से एक मजबूत आर्थिक प्रणाली विकसित की है। राज्य की सहकारी समितियां–जैसे सहकारी चीनी मिलें, सहकारी प्रशिक्षण संस्थान, सहकारी विपणन बोर्ड आदि–एक प्रेरक मॉडल प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में भी सहकारी बैंकों तथा अन्य सहकारी संस्थाओं को सशक्त करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य के सहकारी बैंकों में जरूरी सुधार और डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। कोर बैंकिंग सिस्टम को आधुनिक बनाया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी और बैंकिंग प्रणाली अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनेगी। गुजरात की तर्ज. पर बिहार में भी सहकारी बैंकों में अत्याधुनिक लॉकर सुविधा, गोल्ड लोन एवं विविध ऋण सेवाएं शुरू करने की योजना है। मंत्री ने जानकारी दी कि 30 मार्च को बिहार दौरे पर आए देश के सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने भी राज्य की बंद चीनी मिलों को पुनः शुरू करने की आवश्यकता जताई थी। इसी दिशा में गुजरात के सहकारी मॉडल को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जा रही हैं। राज्य की निष्क्रिय गन्ना उत्पादक सहकारी समितियों को पुनः सक्रिय करने हेतु शीघ्र ही विभागीय बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही बिहार में एक सहकारिता महाविद्यालय खोलने की भी योजना है। इस संदर्भ में डॉ. कुमार ने गुजरात दौरे के दौरान प्रसिद्ध संस्थान 'इंस्टीट्यूट ऑफ रुरल मैनेजमेंट, आनंद ' के अधिकारियों से बैठक कर सहयोग का आश्वासन प्राप्त किया है।

# जय भीम पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, अंबेडकर जयंती पर युवाओं ने दिया समता और न्याय का संदेश

## केंद्रीय मंत्री और उपमुख्यमंत्री भी हुए शामिल, राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर राजधानी पटना के गांधी मैदान से 'जय भीम पदयात्रा' का आयोजन किया गया जिसने शहर को संविधानिक मूल्यों और सामाजिक समानता के नारों से गूंजा दिया। यह पदयात्रा राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले आयोजित की गई जिसमें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न कॉलेजों के सैकड़ों छात्रों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस ऐतिहासिक आयोजन में बी. डी. कॉलेज, पटना की भूमिका केंद्रीय रही। कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार साव, विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. सुजीत कुमार दूबे तथा एनसीसी अधिकारी



राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने संविधान, समता और सामाजिक न्याय के संदेश के साथ पूरे मार्ग को जीवंत बना दिया। पदयात्रा की शुरूआत सुबह 9:30 बजे गांधी मैदान के गेट संख्या 07 से हुई। कारगिल चौक, डाकबंगला चौराहा और इनकम टैक्स गोलंबर होते हुए यह यात्रा बी. आर. अंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंची जहां प्रतिभागियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। रास्ते भर 'जय भीम', 'संविधान अमर रहे', और समता और न्याय का संदेश जैसे नारों से वातावरण गूंजता रहा। इस पदयात्रा में भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया तथा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। मंच से अपने संबोधन में अतिथियों ने बाबा साहब के संघर्षों और योगदान को याद करते हुए युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात करने की अपील की।

# दो बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की हुई मौत

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** मसौढ़ी हिल्सा मार्ग के कादिरगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर मोड़ के पास दो बाइक की सीधी टक्कर में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक का नाम कुंदन कुमार उम्र 24 वर्ष पिता पिंटु यादव खरजमा गांव का निवासी बताया जाता है। दरअसल कुंदन कुमार मसौढ़ी से अपने घर खरजमा जा रहा था, उसी दरमियान दरियापुर मोड़ के पास अचानक अनबैलेंस होकर दो बाइक में सीधे से टक्कर हो गई जहां जोरदार टक्कर होने से दोनों बाइक सवार जख्मी हो गए हैं जहां इलाज के दौरान एक बाइक सवार कुंदन कुमार की मौत इलाज के दौरान हो गई है।

# वक्फ बिल के नाम पर ममता सरकार ने भड़कायी हिंसा : मंगल

## सरकार ने भड़काया दंगा, तुष्टिकरण के जरिए लिया जा रहा राजनीतिक लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री व भाजपा पश्चिम बंगाल के प्रभारी मंगल पांडेय ने ममता सरकार पर यह आरोप लगाया है कि वो अपने राज्य में हिंदुओं को डरा रही है। साथ ही राज्य को बंगलादेश बनाने की कोशिश कर रही हैं। राज्य की पुलिस सीएम के इशारे पर मौन है। कत्ल हो रहे हैं मगर संवेदनशून्य सीएम ममता तमाशा देख रही हैं। नतीजतन मामले पर कोर्ट को संज्ञान लेना पड़ा है। कलकत्ता



हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश दिए हैं। वक्फ कानून के विरोध में राज्य में 10 अप्रैल से ही हिंसा का दौर जारी है। इस हिंसा को सरकार ने प्रायोजित किया है, ताकि एक खास वर्ग को वोटबैंक की खातिर खुश किया जाए और एक खास धर्म को निशाना बनाकर तुष्टिकरण की राजनीति की जाए। श्री पांडेय ने कहा कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर गरीब हिंदू परिवार के पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हुई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। मेरी सरकार से अपील है कि वो हिंसाग्रस्त क्षेत्र में हिंदुओं को सुरक्षा मुहैया कराए, सबकी जान कीमती है। सरकार राजनीति के लिए दंगे न भड़काएं। मुर्शिदाबाद हिंसा पर पश्चिम बंगाल सरकार इसका राजनीतिक फायदा लेना चाहती है। यही वजह है कि ममता सरकार ने एक खास धर्म के लोगों को वक्फ बिल के नाम पर भड़काया है। श्री पांडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में आज हिंदू अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्हें अपने त्योहार मनाने के लिए भी कोर्ट जाना पड़ता है। पूरी तरह से ममता सरकार सरिया कानून की समर्थक है जो अपने देश में बनाए गए पूजनीय बाबा साहब अंबेडकर के कानून को नहीं मानती है। ममता सरकार कानून, संविधान व सनातन विरोधी है। ये लोग केवल अपना एजेंडा चलाना चाहते हैं।

# धनरूआ के नीमा गांव के पास डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की गाड़ी हुई अचानक खराब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना गया ठल्ह 83 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव के पास उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा की गाड़ी अचानक खराब हो गई, गाड़ी खराब होने के बाद उनका काफिला कुछ देर के लिए ठहर सा गया। अचानक गाड़ी रूकने पर सुरक्षा बल हरकत में आ गये और आनन-फानन में कुछ देर के लिए नीमा गांव के पास डेरा डाल दिया और फिर गाड़ी को बदली गई उसके बाद पटना की ओर प्रस्थान हुए। दरअसल उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा गया से कार्यक्रम कर पटना वापस लौट रहे थे की नीमा गांव के पास जैसे ही पहुंचे अचानक उनकी गाड़ी खराब हो गई। बताया जाता है कि कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी, सुरक्षा बलों ने और धनरूआ पुलिस के सहयोग से उनकी गाड़ी को दूसरी गाड़ी बदलकर उन्हें पटना तक पहुंचाया गया।

# कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में ''न्याय पथ'' कार्यक्रम को ले बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस लीगल सेल के द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में ''न्याय पथ'' कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने हर घर कांग्रेस का झंडा, सोशल मीडिया, संविधान की चर्चा, लीगल विज्ञापन जैसे कार्यक्रम पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए लीगल टीम के सदस्यों को निर्देश दिया। आगे उन्होंने संगठन विस्तार करने की बात की। भारतीय युवा कांग्रेस लीगल सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश भदोडिया ने कहा कि आगामी दो माह में बिहार के सभी जिला में लीगल सेल संगठन का विस्तार करने तथा चुनाव से सम्बन्धित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को हो रहे परेशानी को दूर करने के लिए लीगल सेल वार रूम की व्यवस्था की जायेगी। विधान मंडल कांग्रेस दल के नेता डा. शकील अहमद खान ने कहा कि समाज में फैले कुरीति को दूर करने के लिए वकीलों की अहम भूमिका हमेशा रही है। कांग्रेस पार्टी लीगल सेल संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस लीगल सेल के अध्यक्ष विकास कुमार झा ने कहा कि लीगल सेल विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों एवं आम लोगों को होने वाले परेशानी को लेकर लीगल से वार रूम के माध्यम से एक-एक समस्या का समाधान करने का कार्य करेगी एवं बिहार के तमाम जिला में जल्द से जल्द कमिटी बनाने की बात कहीं। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता मुदस्सीर शम्स ने कहा कि लीगल सेल गांव-गांव तक पहुंचकर गरीब लोगों को मदद करेगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश युवा कांग्रेस लीगल सेल के अध्यक्ष विकास कुमार झा ने की।

# पारस एचएमआरआई में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पारस एचएमआरआई पटना की ओर से रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया इसमें कई तरह की बीमारियों की जांच और परामर्श निःशुल्क दिए गए। इनमें बीपी, आरबीएस, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, आई स्कैनिंग, डेंटल स्क्रीनिंग और कंसल्टेशन शामिल हैं। शिविर में 510 मरीजों ने पारस एचएमआरआई की आधुनिक तकनीक के साथ जांच और अनुभवी डॉक्टरों से मुफ्त परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में सभी प्रकार की लैब और रेडियोलॉजी सेवाओं पर 50 प्रतिशत तक की बड़ी छूट भी दी गई। इसके अलावा इंटरनल मेडिसिन से लेकर ऑर्थोपेडिक्स, ओंकोलॉजी, कार्डियोलॉजी, डेंटल, फिजियोथेरेपी, यूरोलॉजी, पेडियेट्रिक्स, जेनरल सर्जरी, गायनेकोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ईइनटी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोइन्टेरोलॉजी, डायटेटिक्स और पल्मोनोलॉजी के मरीजों को पारस एचएमआरआई के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने परामर्श दिया। शिविर का आयोजन पारस एचएमआरआई परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक किया गया था।

# हत्या के विरोध में सड़क पर उतरे आक्रोशित, हत्यारों को फांसी देने की मांग, बाजार की दुकानें बंद

शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी मेन रोड स्थित मां गारमेंट वस्त्रालय के ओनर जगदीश प्रसाद के बेटे प्रापर्टी डीलर मुकेश उर्फ छोटन यादव की हत्या के विरोध में मसौढ़ी में रविवार की सुबह से ही आक्रोशितों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी और उसे फांसी देने की मांग कर रहे हैं जहां मसौढ़ी मेन रोड, स्टेशन रोड, कर्पूरी चौक, रेलवे गोलंबर की सभी दुकाने बंद रही। जिला परिषद



प्रतिनिधि वीरेन्द्र उर्फ किरी यादव ने कहा कि बीते शनिवार को सड़क पर दिनदहाड़े एक दुकानदार के बेटे की निर्मम हत्या कर दी गई। यह कैसा सुशासन है। एक तरफ सरकार पुलिस की मुस्तैदी दिखाकर वाह वाही लूटती है दूसरी तरफ दिनदहाड़े सड़क पर बीचो-बीच गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी हो और उसे स्पीडी ट्रायल चला कर उसे फांसी की सजा दिया जाए जिसको लेकर रविवार को सभी दुकानें बंद रहेगी।

# पान महासंघ के अध्यक्ष आईपी गुप्ता ने बनाई नई पार्टी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के गांधी मैदान में रविवार को पान समाज के आरक्षण के लिए इंकलाब का नारा बुलंद करने वाले अखिल भारतीय पान महासंघ के अध्यक्ष आईपी गुप्ता ने नई पार्टी 'इंडियन इंकलाब पार्टी' बनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में अब इंडियन इंकलाब पार्टी अपनी ताकत का अहसास दिलाएगी। गांधी मैदान में पूरे बिहार से उमड़ी भारी भीड़ से उत्साहित आईपी गुप्ता ने इसे पान समाज की ताकत कहा। इस दौरान आईपी गुप्ता ने सियासी दलों पर पान समाज के लोगों से धोखाधड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे तांती-तंतवा को कोई नहीं जानता है, वे पटना में उमड़ी इस भीड़ को देखकर सबको को पहचानने लगे हैं। पान समाज के आरक्षण के लिए लगातार आवाज बुलंद करने का आह्वान करते हुए गुप्ता ने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए यह आंदोलन अब और बड़े रूप में दिखेगा। बिहार विधानसभा चुनाव में पान समाज के लोग अपनी ताकत का अहसास कराएंगे। बिहार सरकार ने वर्ष 2015 में तांती-ततवा सरनेम से पुकारे जाने वाले समुदाय को पान जाति का माना था। साथ ही पान वर्ग को अनुसूचित जाति यानी एस सी का दर्जा दिया। लेकिन 15 जुलाई 2024 को आए सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय में पान जाति का एससी का दर्जा छीन लिया गया।

# कन्हैया कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के खिलाफ पटना के कोतवाली थाना में भाजपा की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल की ओर से की गई शिकायत में कन्हैया पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे दो दिवसीय दौरे पर 19 को आयेंगे बिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में अब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। खड़गे 19 अप्रैल को बक्सर और 20 अप्रैल को पटना में पार्टी की रैली को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे। खड़गे का यह बिहार दौरा बिहार विधानसभा चुनाव का शंखनाद माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का बिहार में सक्रिय होना पार्टी की राज्य में ताकत दिखाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इस चुनावी साल के अब तक शुरूआती चार महीनों में तीन बार राहुल गांधी भी बिहार आ चुके हैं। इस बीच कांग्रेस ने कृष्णा अल्लावारू बिहार का प्रभारी बना कर भेजा। फिर अखिलेश प्रसाद सिंह की जगह राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाया। इसके बाद 40 संगठन जिलों के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की। राहुल गांधी ने चार अप्रैल को दिल्ली में जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। कांग्रेस संगठन में हुए इन बदलावों को पार्टी आने वाले चुनाव के पहले हर मोर्चे पर खुद को मजबूत बनाकर पेश कर रही है। कांग्रेस इस बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है। वह मिशन बिहार में पूरी तरह जुटी हुई है। वहीं खड़गे के दो दिवसीय बिहार दौरे में फिलहाल उनके लालू यादव या तेजस्वी यादव से मिलने की कोई योजना नहीं है। पार्टी सूत्रों के अनुसार वे बिहार कांग्रेस के नेताओं संग बैठक करेंगे। साथ ही किन सीटों पर पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ने की योजना बना रही है उस पर चर्चा करेंगे। इसमें सहयोगी दलों के साथ ही कैसे बेहतर सामंजस्य बनाया जाए इसे भी तय किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि संभव है कि अंतिम समय में खड़गे लालू यादव से मिलें, क्योंकि वह बीमार चल रहे हैं।

# राणा सांगा का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, मसौढ़ी में क्षत्रिय सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** वीर शिरोमणि राणा सांगा के सम्मान में मसौढ़ी के श्री वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में रविवार को क्षत्रिय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह उज्जैन ने किया। मंच संचालन पंकज कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मरकाना ने कहा राणा सांगा का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, अखिलेश यादव की सपा पार्टी के राज्यसभा सांसद ने जिस तरह से अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है उसे माफी मांगनी पड़ेगी, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए नहीं तो आने वाले चुनाव में न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के सभी राज्यों में क्षत्रिय समाज ने संकल्प लिया है कि उस सपा पार्टी को और उससे जुड़े तमाम पार्टियों को चोट की वोट से सबक सिखाएंगे, इसके साथ ही महिपाल सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार से ईडब्ल्यूएस में सरलीकरण, बाबू वीर कुंवर सिंह को भारत रत्न देने और एयरपोर्ट उनके नाम करने की मांग की है। इसके अलावा आगामी 9 मई को दिल्ली में और पटना में भव्य क्षत्रिय सम्मेलन करने का ऐलान किया है। कार्यक्रम में भारी संख्या में राजपूत करणी सेना के लोग पहुंचे। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष आदित्य प्रकाश, गोलू सिंह, पिंटू सिंह, शिवम सिंह, जितेंद्र सिंह, विकी राणा, अभय सिंह, उज्जवल सिंह, मनोज कुमार सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# ज्ञान भवन में जिनियो विजर्ड चैंपियनशिप का आयोजन, एक हजार छात्रों ने लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जिनियो एक्टिव अकादमी द्वारा गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में जिनियो विजर्ड चैंपियनशिप - 2025 का आयोजन किया गया। एबेकस प्रतियोगिता का आयोजन पांच राज्यों - बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली एनसीआर, महाराष्ट्र और झारखंड में हाइब्रिड मोड (ऑफलाइन और ऑनलाइन) में किया गया जिसमें जिनियो एबेकस के 1000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और एबेकस और मानसिक गणित में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, विधानसभा



अध्यक्ष नंद किशोर यादव एवं जिनियो एक्टिव अकादमी के निदेशक डॉ. प्रणीता प्रभांशु, राजीव रंजन, मधु चौरसिया एवं समारोह की मास्टर हेमा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता 11 मिनट तक आयोजित की गई जिसमें सभी छात्रों ने एबेकस और मानसिक अंकगणना के प्रश्नों को हल किया। इस दौरान 6 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों ने चमत्कारी गति से सैकड़ों सवालों को हल किया। इस अवसर पर सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने जिनियो एबेकस कार्यक्रम के लाभों के बारे में विस्तार से बताया और जिनियो एक्टिव अकादमी को ऐसे शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सभी बच्चों और उनके माता-पिता को गणना की इतनी आश्चर्यजनक और चमत्कारी गति के लिए बधाई दी। इसके बाद जिनियो एबेकस के सभी स्तरों को उत्तीर्ण करने वाले 51 छात्रों के लिए एक उपाधि समारोह आयोजित किया गया, जिन्हें एबेकस के ग्रैंडमास्टर का शीर्षक प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक स्तर के चैंपियन और उपविजेताओं को ट्रॉफी और योग्यता सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। प्रत्येक केंद्र के केंद्र प्रमुखों और पाठ्यक्रम के प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

# भीम शक्ति संवाद को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने नियुक्त किए जिला पर्यवेक्षक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 135वीं जयंती पर बिहार कांग्रेस ने सूबे के सभी जिलों एवं प्रखंडों में 'भीम शक्ति संवाद' कार्यक्रम की घोषणा की है। इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने सभी जिला में कार्यक्रम के व्यापक आयोजन के लिए जिला पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 135वीं जयंती के व्यापक रूप से आयोजन को लेकर जिला में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है जो यह सुनिश्चित करेंगे कि बाबा साहब के विचारों को कांग्रेस पार्टी आम जनता के बीच लेकर जाएं। कुल 40 सांगठनिक जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति संबंधी पत्र भी बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने जारी किया है।

# अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ओल्ड बॉयज एसोसिएशन, पटना के तत्वावधान में एएमयू के समर्पित पूर्व छात्र डॉक्टरों की टीम, डॉक्टर प्रभात मेमोरियल हीरामती हॉस्पिटल एवं अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञों के सहयोग से, शास्त्री नगर, बोर्ड कॉलोनी स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम के पास के झुग्गी क्षेत्र में एक भव्य निःशुल्क बहुविशेषज्ञता चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र की वंचित जनसंख्या के 500 से अधिक लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श, निःशुल्क जांच, दवाइयां, आयुष्मान भारत योजना



से संबंधित सहायता तथा आयुष्मान कार्ड के झरिया इलाज की जानकारी एवं जागरूकता, अखंड ज्योति संस्थान के सहयोग से नेत्र परीक्षण, आहार परामर्श, फिजियोथेरेपी तथा आयुष चिकित्सा जैसी सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में न्यूरोसर्जन डॉ. नसीब इकबाल कमली, डॉ. सतीश कुमार सिंह (अध्यक्ष, प्रभात मेमोरियल हॉस्पिटल), हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नेसर अंसारी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रिजवान अहमद, फेफड़ों के रोग विशेषज्ञ डॉ. अरशद एजाजी, डॉ. डैनिश (जनरल फिजिशियन), डॉ. आकांक्षा और डॉ. दनिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ), त्वचा रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. फरजाना और आहार विशेषज्ञ शाहीन फातिमा। सभी ने समर्पण भाव से अपनी सेवाएं प्रदान कीं। मौके पर सीनियर अलीगढ़, एएमयू छात्र संघ के पूर्व सचिव और समाजसेवी सैयद अनवर हुसैन, कांग्रेस विधायक दल के नेता और विधायक शकील अहमद, इंजीनियर जकी अहमद खान, इंजीनियर सैयद काजिम, राजद के सचिव परवेज अख्तर, आसमा खान, कहकशां परवीन, एडवोकेट नसरुलहुदा खान, एजाज हुसैन, चंद्रकला तथा एएमयूओबीए के विभिन्न पदाधिकारी जिनमें अध्यक्ष एडवोकेट नदीम सिराज, महासचिव मुशीर आलम, कोषाध्यक्ष डॉ. अरशद हक, उपाध्यक्ष संजय कुमार, प्रो. रिजवानुल हक प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# फोरलेन पर इ-रिक्शा पलटने से चार जखमी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना-गया फोरलेन पर नदवां से मसौढ़ी जा रहे एक ई रिक्शा अचानक मोड़ के पास पलटी खा गई जहां ई रिक्शा पर सवार एक महिला समेत चार लोग जख्मी हो गए जिसकी सूचना पाकर धनरूआ के डायल 112 की गाड़ी पहुंची और उसे आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया है। जख्मी सविता कुमारी मिश्रीचक, नदवा और रिशु कुमार, गोहापाकड़, जहानाबाद के रहने वाले हैं इसके अलावा दो अन्य नदवां के बताए जाते हैं।

# वीर कुंवर सिंह की स्मृति में 31 वां अन्तर्राष्ट्रीय अन्तजार्लीय संस्कृत सम्भाषण शिविर सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना की संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अन्तर्गत वीर कुंवर सिंह स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक अन्तजार्लीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का उद्घाटन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज; पटना ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वीर कुंवर सिंह को भारतीय स्वातंत्र्य संग्राम का प्रातःस्मरणीय नायक बताते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह न केवल साहस के प्रतीक थे, अपितु भारतीय संस्कृति एवं स्वाभिमान के जीवंत उदाहरण भी थे। शिविर का उद्घाटन डॉ. अनिल कुमार सिंह, पूर्व सचिव, गृह विभाग उत्तरप्रदेश एवं प्रधान संरक्षक द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में वीर कुंवर सिंह के राष्ट्रप्रेम, नीति एवं नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा वे उम्र के अंतिम पड़ाव में भी युवाओं को प्रेरणा देने वाले योद्धा थे। मुख्य अतिथि मिथिलेश झा, वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक ने संस्कृत के सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डालते हुए वीर कुंवर सिंह के योगदान को भारतीय आत्मा का गौरव बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल कुमार चौबे, सुप्रसिद्ध संस्कृत गीतकार ने अपने सुमधुर गीतों के माध्यम से वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुआवजा भुगतान हेतु बेतरी में विशेष भू-अर्जन शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ प्रखंड अंतर्गत बेतरी मौजा के सामुदायिक भवन में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मुआवजा भुगतान प्रक्रिया को प्रभावी, पारदर्शी एवं सुगम बनाने हेतु एक विशेष भू-अर्जन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रैयतों को राजस्व अभिलेख दुरुस्त करने, वंशावली निर्माण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहायता प्रदान की जा रही है। संबंधित अंचलाधिकारी अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर उपस्थित रहकर रैयतों को राजस्व अभिलेख तैयार करने में सहयोग कर रहे हैं।



वंशावली से संबंधित कार्यों को पूर्ण कराने हेतु पंचायत सचिव की भी शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त स्टांप वेंडर को भी बुलाया गया है। ताकि मुआवजा भुगतान के लिए आवश्यक औपचारिकताएं शिविर स्थल पर ही पूर्ण की जा सके।

इस परियोजना की महत्ता को देखते हुए कैमूर जिलाधिकारी स्वयं शिविर स्थल पर मौजूद रहे और कार्यों की प्रत्यक्ष निगरानी की। शिविर का संचालन अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि उप समाहर्ता तथा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। इसके साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और रैयतों की समस्याओं को सुनकर समाधान में सहयोग किया। प्रशासन का उद्देश्य है कि हर रैयत को समय पर, पारदर्शी एवं न्यायसंगत मुआवजा मिले जिससे परियोजना के कार्यों को भी सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

विदित हो कि आर्बिट्रेटर सह आयुक्त पटना प्रमंडल के आदेश के आलोक में कृषि किस्म की भूमि का मुआवजा दोगुना किया गया है। यह शिविर आर्बिट्रेटर के आदेश के आलोक में की गई दोगुना राशि के भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य किया गया था। जल्द ही भुगतान की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में आर्बिट्रेटर के फैसले के पृष्ठभूमि में यह कैंप का आयोजन किया गया था। कैंप में राजस्व अभिलेख बनाने के लिए अंचल अधिकारी की पूरी टीम, वंशावली बनाने के लिए पंचायत सचिव तथा स्टांप आदि की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए स्टांप वेंडर आदि मौजूद थे। जल्द ही भुगतान की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल कटार डिहरी में चार दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन प्रतियोगिता शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डीएवी पब्लिक स्कूल कटार डिहरी में चल रहे चार दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन प्रातः जागरण, नित्य कर्म के पश्चात बच्चों की कई प्रतियोगिताएं शुरू हुई जिसमें शंखनाद, ओम ध्वनि यज्ञ - हवन प्रतियोगिता, वैदिक प्रश्नोत्तरी लिखित और मौखिक परीक्षा शामिल थे। चार दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का समापन समारोह मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह थे। अपने भाषण के दौरान एसडीएम साहब ने चूहे और शेर की कहानी के माध्यम से हर व्यक्ति की अपनी अहमियत होती है। इस बात को समझाया और सभी को अपनी जिम्मेवारी महसूस करना और उसे निभाने की सलाह दी। विद्यालय के छात्रों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसकी सभी अतिथियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। पूरे चार दिनों तक इस शिविर के सफल कार्यक्रम के लिए सहायक क्षेत्रीय अधिकारी अंजलि मैम ने सबको बधाई दी और प्रबंधक सासाराम के प्रिंसिपल वीरेंद्र कुमार ने सभी को वोट आफ थैंक्स दिया। सहायक क्षेत्रीय अधिकारी रामाशीष राय ने विभिन्न विद्यालयों से आए प्राचार्य तथा प्राचार्या को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा स्वयंसेवक छात्रों का भी सम्मान किया। मौके पर डीएभी प्राचार्य एस के घोष, संतोष कुमार, सहित कई लोग मौजूद थे।



## डिहरी अनुमंडल का 33वां स्थापना दिवस मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल का 33वां स्थापना दिवस यूथ इंडिया के संस्थापक शिव गांधी के नेतृत्व में डिहरी के युवाओं के सम्मानित अधिवक्ताओं, डिहरी के विद्वान नागरिकों महिलाओं तथा शिक्षा प्रेमियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहभागिता से अनुमंडल कार्यालय में मनाया गया। सर्वविदित है कि डिहरी अनुमंडल का स्थापना 12 अप्रैल 1993 को किया गया था। 15 अगस्त 1997 से लगातार शिव गांधी के द्वारा डिहरी अनुमंडल का स्थापना दिवस नागरिकों के सहयोग से मनाया जाता रहा है। डिहरी अनुमंडल के स्थापना दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य डिहरी के सभी नागरिकों को एकता के सूत्र में बांधकर डिहरी को बिहार का 39 वां जिला बनाने का है। शिव गांधी का कहना है कि जब रोहतास जिला नहीं बना था तो डिहरी शाहाबाद जिला का पुलिस मुख्यालय हुआ करता था। रोहतास जिला बनने के बाद डिहरी ही मुख्यालय के लिए उपयुक्त था। अधिवक्ताओं के साथ डिहरी हाई स्कूल के एनसीसी के कैडरों एवं शिक्षकों को बहुत सारी शुभकामनाएं जिन्होंने अनुमंडल दिवस मनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




## शंकर अस्पताल खुलने से मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर: पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के शंकर हॉस्पिटल ट्रामा एवं डायलिसिस सेंटर में रविवार को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह पहुंचे जहां अस्पताल के निर्देशक डॉ जयप्रकाश सिंह और महाप्रबंधक राघवेंद्र सिंह उर्फ विशु ने पूर्व सांसद का अंगवस्त्र और माला से स्वागत किया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि शंकर अस्पताल खुलने से औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के मरीज को ही नहीं बल्कि बिहार से सटे झारखंड के कई जिले के मरीजों को डायलिसिस, आईसीयू और 24 घंटे इमरजेंसी सेवा मिलने से मरीज को रांची, पटना और बनारस जाना नहीं पड़ रहा है जिससे कम खर्चे में मरीज को बेहतरीन इलाज मिल रहा है। वे अस्पताल में अपने पार्टी कार्यकर्ता नवीनगर निवासी नर्मदेश्वर पांडेय से आईसीयू में उनका हाल-चाल लेने पहुंचे। उन्होंने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई और आधुनिक मशीन से जांच का लाभ मरीजों को मिल रहा है। मौके पर सुनील कुमार सिंह परवीर कुमार सिंह, डॉ अभिषेक आनंद, कोल परिवहन सेवा संघ अध्यक्ष रविंद्र नाथ सिंह, पप्पू सिंह, अश्विनी सिंह, अनुराग सिंह आदि मौजूद थे।



## राजद ने किया दलित टोला में कैलेंडर वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट (रोहतास)।** राजद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रखंड के काराकाट पंचायत के मोहनपुर के दलित टोला में कैलेंडर वितरण किया। कैलेंडर वितरण का नेतृत्व राजद के वरिष्ठ नेता जनार्दन सिंह यादव ने किया। वर्ष 2025 के बिहार विधान सभा चुनाव में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने को लेकर राजद कार्यकर्ता रात दिन, घर- घर जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। मोहनपुर के दलित टोला, सुग्गी बाल, बेदवलिया, महुअरी, धनछुहां कई गांवों में जन संपर्क अभियान चला कर कैलेंडर वितरण किया गया। राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मिशन विधानसभा चुनाव 2025 में तेजस्वी लाओ, नया बिहार बनाओ के अभियान के साथ जन संपर्क अभियान चलाया। राजद नेता ने कैलेंडर वितरण कर कैलेंडर पर लिखे स्लोगन को जनता के बीच रखा। कहा कि तेजस्वी यादव के माई बहिन मान योजना को गांव के जन-जन तक पहुंचाने का कार्यक्रम जारी है। विधान सभा चुनाव तक जनता का आशीर्वाद पाने के लिए जन संपर्क अभियान जारी रहेगा। जन संपर्क अभियान में राज किशोर सिंह, तुलसी सिंह यादव, चुन्ने सिद्दीकी, श्रीकांत मिश्रा, ज्वाला सिंह, प्रो. मुन्ना सिंह, काराकाट राजद पंचायत अध्यक्ष बिंदा यादव, अवधेश सिंह सहित कई राजद कार्यकर्ता थे।

## रसोई गैस के टैंकर में लगी आग, टली बड़ी हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के बीज निगम के पास फोरलेन सड़क पर रविवार को बड़ी हादसा टल गई। मोहनियां की तरफ से आ रहे रसोई गैस के टैंकर में अचानक आग लग गई जिसमें टैंकर बुरी तरह जल गया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि घंटों फोरलेन सड़क पर वाहनों का परिचालन ठप हो गया। हालांकि सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंची दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि कुदरा के अलावे मोहनियां व भभुआ से भी दमकल की टीम बुलाई गई थी। टैंकर में आग लगते ही टैंकर का चालक टैंकर छोड़कर भाग निकला।


## निजी कोष से बने शिव पार्वती द्वार का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जलालपुर पंचायत के बगही पुल के पास रविवार को रामपुर पथ पर श्री शिव- पार्वती द्वार का उद्घाटन पूर्व रामपुर प्रमुख कान्ति देवी, संदीप कुमार सिंह उर्फ मुना सिंह जलालपुर पैक्स अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस श्री शिव पार्वती द्वार का निर्माण निजी कोष से एसबीआई सेवा निवृत्त मुख्य प्रबंधक गोरख नाथ लाल, मनोरमा देवी, कंचन सिन्हा, राजीव रंजन श्रीवास्तव एसडीओ, सुशील श्रीवास्तव न्यायधीश अन्य सहयोगी प्रदीप कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह, जेपी श्रीवास्तव द्वारा कराया गया है। बताया गया कि बगही पुल से रामपुर गांव जाने वाले रास्ते में मुख्य द्वार नहीं था जिसकी वजह से लोगों को हमारे गांव के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती थी। उद्घाटन से निर्माणकर्ता और मुख्य अतिथि के हाथों विद्वान पंडित द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराया गया और इसके बाद फीता काटा गया। पूर्व प्रमुख कान्ति देवी ने कहा कि मुख्य द्वार का निर्माण सराहनीय कार्य है। इस कार्यक्रम का मंच संचालन अरविन्द कुमार तिवारी ने की। मौके पर पिंटू सिंह, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष डेरवा निवासी राजेश कुमार सिंह, कुंवर बहादुर सिंह, सतीश कुमार सिंह, अनिल सिंह, अशोक सिंह, धर्मपाल सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष विमलेश पांडे, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अजय चौबे, पूर्व पैक्स अध्यक्ष राजनाथ सिंह, मंटू सिंह, पिंटू यादव, बेलाव थानाध्यक्ष अनीश कुमार, सबार थानाध्यक्ष विकास कुमार, आलोक सिंह, अनिल सिंह गुरु सहित दर्जनों ग्रामीण सहित अन्य गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।


**आवश्यकता है**

कूरी पैक्स में औपबंधिक प्रबंधक की आवश्यकता है जिसका योग्यता इंटर पास एवं कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए।
विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नं. 9128118030 पर संपर्क किया जा सकता है।






# आंधी-पानी से किसानों को करोड़ों का नुकसान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिले में गुरुवार के बाद शनिवार की देर शाम आयी आंधी-पानी ने मगही पान उत्पादकों की कमर तोड़ दी। इसलामपुर के बौरीडीह, मैराबरीठ, अदूद, बौरीसराय, अर्जुन सेरथुआ, बैर कोचरा, राजगीर के दुहैय सुहैय आदि इलाकों में सैकड़ों किसानों के पान का बरेजा तेज हवा में जमींदोज हो गया और लगी फसलों को व्यापक क्षति हुई। किसानों को एक करोड़ से अधिक की चपत लगी है। हद तो यह कि इसलामपुर स्थित पान अनुसंधान केंद्र के शेडनेट भी क्षतिग्रस्त हो गया है। खुदागंज मगही कृषि संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीचंद चैरसिया बताते हैं कि इसलामपुर और राजगीर प्रखंडों में आंधी के कारण करीब दो हजार अतरा में बरेजा और पान की फसल चौपट हो गई है। एक अतरा में बरेजा बनाकर पान की खेती करने पर करीब छह से सात हजार लागत आती है। फसल अच्छी होती है तो उपज 10 से 15 हजार मिलती है। उनका कहना है कि अभी पान की नयी फसल लगी ही थी कि प्रकृति आपदा की मार ने सबकुछ तबाह कर दिया है। ज्यादातर पान किसान पान की खेती पर ही निर्भर होते हैं। फसल को नुकसान होने के कारण किसानों की जीविका पर खतरा मंडरा रहा है। पान कृषक शिशुपाल चौरसिया, संतोष चौरसिया, राजेन्द्र प्रसाद, उमेश चौरसिया, रंजन चौरसिया, दिलीप चौरसिया, सिद्धनाथ चौरसिया, पिंटू चौरसिया आदि बताते हैं कि आंधी-पानी से हुए नुकसान के एवज में अगर मुआवजा नहीं मिला तो किसान तबाह-बर्बाद हो जाएंगे। खेती छोड़ दूसरे प्रदेशों में रोजगार की तलाश में पलायन करना लाचारी बन जाएगी। आंधी-पानी से ज्यादातर पुराना पान का बरेजा जमींदोज हुआ है। पुराना पान के बरेजा से बेल पान की टहनी होता है। उसी बेल को नए वाले पान के बरेजा में पुनः रोपा जाता है तो नए सिरे से पान की फसल तैयार होती है। किसानों का कहना है कि एक बार बांस का बरेजा बनाने पर दो साल तक आराम से उसमें खेती होती है। परंतु, आंधी के कारण एक साल पुराना बरेजा भी तबाह हो गया। न चाहकर भी किसानों को नया बनाना पड़ेगा। पूंजी लगानी पड़ेगी। इसलामपुर के पान अनुसंधान केंद्र के प्रभारी पदाधिकारी एसएन दास ने बताया कि निश्चित तौर पर आंधी-पानी से पान किसानों को काफी नुकसान हुआ है। इस तरह के आपदा से बचने के लिए किसानों ने शेड नेट का स्ट्रक्चर तैयार कर उसमें खेती करना चाहिए। इससे नुकसान कम होगा। राजगीर प्रखंड के दुहैय-सुहैय गांव के 60 पान उत्पादक किसानों के 12 एकड़ में बने पान का बरेजा तेज आंधी में धाराशायी हो गया। फसल बर्बाद हो गयी। 40 लाख से अधिक का नुकसान का अनुमान है। दुहैय-सुहैय और नुन्हीं गांव के चौरसिया परिवार पीढ़ियों से मगही पान की खेती जुड़े हैं। यहां तैयार पान की मांग बनारस की मंडी भी खूब है। किसान गणेश प्रसाद चौरसिया, सुबोध प्रसाद चौरसिया, सत्येंद्र कुमार चौरसिया, रंजीत चौरसिया, शिशुपाल चौरसिया, वीरेंद्र प्रसाद चौरसिया, सुनील कुमार आदि ने बर्बाद हुई फसल का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है। क्षति हुए पान की खेती देखने आज अधिकारियों के साथ ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एंव सांसद कौशलेंन्द्र कुमार पहुंचे। उन्होंने किसानों को सहयोग कराने की बात कही।

# वन व पर्यावरण मंत्री ने 16 लाख की योजनाओं का किया उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के मंदिलपुर गांव में रविवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने कुल 16 लाख रुपये की लागत से बनी विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद मंत्री डॉ. कुमार ने गांव में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। मंत्री ने कहा कि सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हर क्षेत्र में विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन योजनाओं से गांव की आधारभूत संरचना मजबूत होगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# डॉ. अनुज सिंह की जनसंपर्क यात्रा को अपार समर्थन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नगर में डॉ. अनुज सिंह जन जागृति फाउंडेशन के तत्वावधान में जनसंपर्क पदयात्रा निकाली गई, जिसे सभी वर्गों का अपार समर्थन मिला। डॉ. अनुज सिंह ने भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा शुरू की। उन्होंने मेन रोड, प्रसाद बीघा, हरिश्चंद्र स्टेडियम, महादलित बस्ती, पुरानी जेल रोड, गोला रोड और पंपू कल चौक तक व्यापारियों, दुकानदारों और आम लोगों से मुलाकात की। यात्रा के दौरान डॉ. अनुज ने कहा, नवादा आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और सुरक्षा के मामले में पिछड़ा है। सड़क जाम और व्यापारियों की सुरक्षा चिंता का विषय है। इंदिरा आवास, राशन कार्ड और वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं में गरीबों को परेशानी और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नवादा को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित जिला बनाने का संकल्प दोहराया और सभी से आगामी विधानसभा चुनाव में समर्थन मांगा। पदयात्रा में प्रसाद बीघा में दिलीप कुमार, हरिश्चंद्र स्टेडियम में प्रमोद कुमार, गोला रोड में दीपक कुमार और कमलेश सैनी के आवास पर कार्यकर्ताओं का भव्य स्वागत हुआ। गोवर्धन मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा पंपू कल चौक पर समाप्त हुई। अल्पसंख्यक वर्ग से मास्टर सफीर खान ने डॉ. अनुज के समर्थन में लोगों से एकजुट होने की अपील की। यात्रा में समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, प्रोफ़ेसर कृष्ण कुमार प्रभाकर, मोहम्मद फैयाज अहमद, पारस कुमार, बिल्लू चौधरी, धर्मवीर सिन्हा, मुकेश कुमार, राकेश रौशन, विजय शंकर पाठक, द्वारिका प्रसाद यादव, विपिन सिंह, अनिता कुमारी, निशा कुमारी, राधा देवी सहित हजारों समर्थक शामिल रहे। जनता का उत्साह इस बात का संकेत है कि आगामी विधानसभा चुनाव में नवादा में बदलाव की बयार बह सकती है।

## आंधी-पानी में गिरी छत, एक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र के उगावा गांव में शनिवार की रात 11 बजे आई तेज आंधी में एक व्यक्ति के उपर छत से गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान स्व. फैजदारी पासवासन के पुत्र बालेश्वर पासवान उर्फ कारू के रूप में की गई है। घटना की जानकारी रविवार की सुबह 7 बजे अस्थावां थाना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचे। थानाध्यक्ष लाल मनी दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। दुसरी ओर गिरियक प्रखंड के चोरसुआ गांव निवासी भुषण कुमार का छत तेज आंधी और पानी से छत गिर गया। हालांकि इस घटना में किसी को आहत होने की सुचना नहीं है लेकिन छत गिर जाने से उनका काफी क्षति हुआ है।

# शिव शक्ति महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धा की गंगा, सैकड़ों श्रद्धालु कर रहे हैं भागीदारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत अंतर्गत सेक्टर-ए के नीचे टोला स्थित काली मंडा परिसर में श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं सात दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन 9 अप्रैल से जारी है। महायज्ञ के चौथे दिन रविवार को यज्ञ स्थल पर परिक्रमा एवं पूजन के लिए आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उमड़ पड़े। संपूर्ण वातावरण शिवमय हो उठा। आयोजन समिति के अनुसार, यह धार्मिक अनुष्ठान कल्याण, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना के साथ आयोजित किया गया है। यज्ञ में उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित कामरू कामाख्या सिद्धपीठ के साधक महंत श्री श्री 108 राम नारायण दास, आचार्य अंकित बाबा, उपाचार्य राहुल बाबा, वैदिक रिपु शास्त्री, प्रियांशु शास्त्री और चंदन शास्त्री के नेतृत्व में पूजन-अर्चन, वेदपाठ और हवन का सिलसिला जारी है। यज्ञ के स्थानीय पुजारी संतोष मिस्त्री हैं, जो विधि-विधान के साथ समस्त अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं।

**दिन-प्रतिदिन के अनुष्ठानों की झलक**

पहला दिन (9 अप्रैल): कलश यात्रा के साथ यज्ञ की शुरुआत।

दूसरा दिन (10 अप्रैल): पंचांग पूजन, मंडप वेदी पूजन एवं हवन परिक्रमा।

तीसरा दिन (11 अप्रैल): जलाधिवास सहित वेदी पूजन एवं हवन।

चौथा दिन (12 अप्रैल): अन्नाधिवास एवं मंडप वेदी पूजन।

पांचवां दिन (13 अप्रैल): नगर भ्रमण, महास्नान और श्याधिवास अनुष्ठान।

छठा दिन (14 अप्रैल): प्राण प्रतिष्ठा, शिव विवाह, हवन एवं आरती।

अंतिम दिन (15 अप्रैल): पूर्णाहुति, मंडप पूजन और भव्य भंडारा के साथ यज्ञ का समापन। आचार्य अंकित बाबा ने बताया कि यह यज्ञ व्यक्ति और समाज की सुख-समृद्धि हेतु किया जाता है। यज्ञ में दी गई आहुति से देवता प्रसन्न होते हैं और यजमान की कामनाओं की पूर्ति होती है। वेदों में वर्णित है कि प्रजापति ब्रह्मा ने आदि यज्ञ से ही सृष्टि की रचना की। आज भी यज्ञ के माध्यम से देवताओं से आत्मिक और आध्यात्मिक संबंध स्थापित होता है, जिससे जीवन में सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार होता है। यज्ञ स्थल पर संध्या आरती के समय माहौल भक्तिमय हो जाता है। चारों ओर गूंजती शिव स्तुति, भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से भर रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण आयोजन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने में तन-मन-धन से जुटे हुए हैं।

# टीसी लेते समय बच्चों की अनूठी पहल : विद्यालय में लगाए पौधे



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्रखंड के कबला पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लीलो के बच्चों ने स्थानांतरण के समय एक नई और सराहनीय पहल की है। अब विद्यालय छोड़ने वाले बच्चे टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) लेते समय एक पौधा रोपित करेंगे, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ विद्यालय परिसर की शोभा भी बढ़ाएगा। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार ने बताया कि इस वर्ष आठवीं कक्षा में 50 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। शनिवार को 10 बच्चों ने टीसी लिया और सभी ने गमले में लगे पौधों को विद्यालय परिसर में स्थापित किया। इस पहल को अन्य वर्गों के छात्र भी प्रेरणास्रोत मानते हुए आगे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। वे इसे एक अभियान के रूप में जारी रखने का संकल्प ले रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कृपाशंकर पांडेय, सतीश रंजन, विद्या भारती, रसोइया अनिता देवी और रेखा देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्रखंड के धमौल बाजार में शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से ओतप्रोत भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और ल्लजय श्रीरामङ्क के उद्घोष तथा महावीरी पताकाओं के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा की शुरुआत भोजपुर टोला, धमौल से हुई, जो मेन बाजार, गणेश मंदिर चौक, देवी मोहल्ला, तुर्कबन रोड, मेन रोड होते हुए दुर्गा मंदिर से गुजरती हुई पुनः भोजपुर टोला स्थित हनुमान मंदिर के पास सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की टोलियां भजन-कीर्तन करते हुए चल रही थीं। इस पावन अवसर पर युवा, बच्चे और बुजुर्ग सभी पूरे श्रद्धा भाव और उल्लास के साथ सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में धमौल पंचायत के मुखिया रामरूप यादव, सरपंच इंद्रजीत सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र सिंह समेत कई समाजसेवियों की उपस्थिति रही। शोभायात्रा के शांतिपूर्ण संचालन और सुरक्षा को लेकर धमौल पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पूरे मार्ग में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शोभायात्रा से एक दिन पूर्व हनुमान मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने पूरे भक्ति भाव से भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में रामानंदन यादव, राजेंद्र यादव, जयप्रकाश यादव, अनिल सिंह टीपू, धर्मेंद्र यादव, जवाहर यादव सहित कई स्थानीय जनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर

### शिक्षकों को समय पर वेतन देने की मांग

**पकरीबरावां।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के पकरीबरावां के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा ने शिक्षकों को हर माह निर्धारित तिथि पर वेतन देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि विशिष्ट शिक्षकों को अबतक मार्च माह का वेतन नहीं दिया गया है। वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस दिशा में पहल का आग्रह किया है।

### किसानों ने की मुआवजे की मांग

**पकरीबरावां।** आंधी पानी से क्षति हुई गेहूं की फसल के लिए किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। धेवधा गांव के किसान सुधीर सिंह, पप्पू सिंह, खपुरा गांव के संजय सिंह, पप्पू सिंह, हसनगंज गांव के रामचरित्र यादव,भगवानपुर के सुमंत कुमार आदि ने बताया कि आंधी से गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। आंधी के कारण गेहूं के बोझे उड़ गए।

### भाजपा ने चलाया सफाई अभियान

**कौआकोल।** 14 अप्रैल को मनाए जाने वाले बाबा साहब की जयंती के पूर्व रविवार को भाजपा की पूर्वी मण्डल इकाईं ने सफाई अभियान चलाया। पूर्वी मण्डल के अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा के नेतृत्व में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पार्क की साफ-सफाई की। मौके पर नीतू कुमारी, सूरज साव, महेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम आज

**पकरीबरावां।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान एवं कोषाध्यक्ष लवली टेलर ने संयुक्त रूप से बताया कि जयंती की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया गया कि प्रखण्ड कार्यालय परिसर एवं कचना मोड़ के पास बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद कचना गांव के महादलित टोला में बच्चों के बीच कॉपी एवं कलम का वितरण किया जाएगा।

### फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के सिमरकोल गांव से पुलिस बलों ने फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि सिमरकोल निवासी प्रयाग राजवंशी के पुत्र रवि राजवंशी के विरुद्ध एक कांड में न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था एवं वह फरार चल रहा था।सूत्रों से मिली गुप्त सूचना के आलोक में थाना में पदस्थापित एएसआई संजय कुमार ने सशस्त्र पुलिस बलों के सहयोग से वारंटी रवि राजवंशी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### दूसरी बार आई आंधी-तूफान से खुन के आंसू बहा रहे किसान

**बिहारशरीफ।** सिलाव प्रखंड क्षेत्र मे दो दिन पुर्व आई आंधी-तूफान के तबाही से उतर भी नही पाए कि शनिवार के रात्रि मे पुनः हल्की आंधी-तूफान तुफान आई व फूलो को नुकसान पहुंचाई। किसान ने बताया कि पहले आंधी-तूफान मे पेड़-पौधो को ज्यादा नुकसान पहचाया था। रविवार को रात्रि मे आई आंधी-तूफान ने खलिहान व खेत के फसलो काफी नुकसान पहुंचाई। किसानो ने बताया कि वेसमय आंधी-तूफान ने किसानो को खून की आसु बहा दिया।

### करंट से दो मवेशियों की मौत

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर थाना क्षेत्र के हरसेनी गांव में बिजली के करंट लगने से दो मवेशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना के संबंध में पशुपालक मोती राम ने बताया कि दोनों मवेशी बंधा हुआ था कि इसी दौरान टूटे हुए बिजली के तार की चपेट में आने से दोनो मवेशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि ग्रामीणों द्वारा मवेशी को बचाने का हरसंभव प्रयास किया गया, किन्तु दोनो मवेशी की मौत हो गई। दोनो मवेशियों की कीमत 70 हजार रुपये बताई जाती है।

### वज्रपात से महिला की मौत

**बिहारशरीफ।** बेन थाना क्षेत्र के बेन-जनकपुर गांव में वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई। थाना प्रभारी राजु रंजन कुमार ने बताया कि अशोक कुमार की करीब पत्नी संजु देवी की मौत वज्रपात से हो गई है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया गया है।

# सुलेखन प्रतियोगिता से भी संवारा जाएगा सरकारी विद्यालय की छिपी प्रतिभाओं को



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बाल प्रतिभाओं को निखारने के लिए नवादा जिला पत्रकार संगठन जिले भर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराएगा। इसके अलावा सुलेखन प्रतियोगिता करा कर सरकारी विद्यालय की छिपी प्रतिभाओं को संवारा जाएगा। नवादा जिला पत्रकार संगठन की एक महती बैठक में यह निर्णय लिए गए। बैठक में सांगठिनक मजबूती पर भी चर्चा चली। दो सत्र में बंटे इस कार्यक्रम का आयोजन कौआकोल प्रखंड के सोखादेवरा स्थित जेपी आश्रम स्थित राजेन्द्र भवन सभागार में किया गया। जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार रवि की अध्यक्षता में पहले सत्र में संगठन के विगत बैठक की पुष्टि के अलावा आगामी कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया। ट्रस्ट निर्माण कर संगठन का रजिस्ट्रेशन और इसके बाद आईडी कार्ड जारी करने पर सहमति बनी। जबकि स्मारिका प्रकाशन को लेकर संपादक राजेश मंझवेकर ने आलेख भेजने की समय सीमा निर्धारण और विज्ञापन आदि को लेकर सर्वानुमति से निर्णय लिए। इसके बाद दूसरे सत्र का आरम्भ हुआ। जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार रवि की अध्यक्षता और ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार समेत कौआकोल थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष दीपक कुमार,वन क्षेत्र पदाधिकारी सौरभ कुमार व स्वदेशी संस्कार संस्थान के प्रबंध निदेशक योगी त्यागनाथ समेत डॉ.भारत भूषण शर्मा,केवीके के वैज्ञानिक अंगद कुमार,जिला जदयू उपाध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह एवं छबैल मुखिया भोला गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में संगठन के महत्व और संगठन के कार्यों में ग्राम निर्माण मंडल की भागीदारी समेत पत्रकारिता के आदर्श और शुचिता पर चर्चा चली। संगठन संयोजक राजेश मंझवेकर के मंच संचालन में संगठन के वरीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार, सचिव रविन्द्र कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार समेत सभी वक्ताओं ने पत्रकारों में ऊर्ज़ा भरी। संगठन की कौआकोल इकाई के अध्यक्ष नवीन कुमार समेत शिवशंकर सिंह, रौशन कुमार सोनू, शैलेश कुमार आर्य, दशरथ मिस्त्री, कुमार शानू, अमित कुमार, रामानुग्रह सिंह, रजनीश कुमार, नरेंद्र वर्मा आदि पत्रकारों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस क्रम में संगठन के पदाधिकारियों व अतिथियों ने जेपी, विनोबा भावे और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित की और नमन कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# शिक्षक रामबालक प्रसाद के निधन से शोक की लहर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले में रविवार को प्रख्यात शिक्षक, समाजसेवी और पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के मामा रामबालक प्रसाद (96) का लंबी बीमारी के बाद सुबह निधन हो गया। नारदीगंज प्रखंड के पचिया गांव में मार्च 1929 में जन्मे रामबालक प्रसाद अपनी निष्ठा और समर्पण के लिए जाने जाते थे। उन्होंने बोधगया और नवादा के विभिन्न मध्य विद्यालयों में शिक्षक के रूप में सेवा दी और 31 वर्ष पूर्व मध्य विद्यालय देदौर से सेवानिवृत्त हुए। वे पूर्व विधायक स्व. कृष्णा प्रसाद के स्मारक पर हर वर्ष 15 अगस्त और 26 जनवरी को ध्वजारोहण की जिम्मेदारी निभाते थे। उनके निधन की खबर से राजबल्लभ परिवार, इष्ट-मित्र और बुद्धिजीवी वर्ग शोक में डूब गया। नवादा विधायक विभा देवी ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा, उनकी छत्रछाया में हमें जो सुकून मिलता था, वह आज हमने खो दिया। वे बेहतर समाज के लिए जीवनभर सक्रिय रहे। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए बाढ़ के प्रसिद्ध गंगाघाट ले जाया गया, जहां पूरे सम्मान के साथ दाह संस्कार किया गया। रामबालक प्रसाद अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

# बुधौली में विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना को लेकर छात्रों से संवाद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** महंत रामधन पुरी इंटर स्कूल, बुधौली में आपदा प्रबंधन समिति के गठन को लेकर एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्लस टू शिक्षक डॉ. रंजन आर्य के नेतृत्व में अप्रैल 2025 के दूसरे सप्ताह में यह संवाद छात्रों के बीच किया गया, जिसमें बाल प्रेरकों का चयन, हैज़र्ड हट की स्थापना, विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति का गठन एवं पुनर्गठन तथा समग्र आपदा प्रबंधन योजना के निर्माण पर चर्चा हुई। डॉ. आर्य हाल ही में पटना में 9 व 10 अप्रैल को आयोजित मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेकर लौटे हैं। उसी के आलोक में विद्यालय स्तर पर योजना निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार मंगलवार को चयन समिति के गठन की आधिकारिक घोषणा करेंगे। संवाद के दौरान छात्र चंद्रगुप्त, सौरव कुमार, शुभम कुमार, अंजली कुमारी, संजना कुमारी, नेहा कुमारी, सोनम कुमारी सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जहां-तहां बाइक खड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

**बिहारशरीफ।** एकंगरसराय नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुधारने और सड़क जाम की समस्या को हल करने के लिए एकंगरसराय पुलिस सख्त रुख अपना रही है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने चेतावनी दी है कि जहां-तहां बाइक खड़ी करने और यातायात बाधित करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना हेलमेट के दोपहिया बाहन चलाने वाले वाहन चालकों का चालान काटा जाएगा और जरूरत पड़ने पर वाहन जब्त भी किए जा सकते हैं। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने कहा, अक्सर देखा जाता है कि लोग अपनी बाइक सड़क के किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़ी कर देते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। जाम की समस्या पैदा होती है। यह लापरवाही न केवल परेशानी का कारण बनती है, बल्कि दुर्घटनाओं की वजह भी बनती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी गाड़ियों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

# ट्रेन से कट कर एक महिला ने की आत्महत्या



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रविवार को दोपहर नालंदा थाना क्षेत्र के तुलसी बिगहा गांव के पास रेलवे क्रोसिंग के नजदीक एक अज्ञात महिला की लाश मिली, आसपास गांव के लोगो ने बताया कि महिला खुद्कुशी करने के लिए ट्रेन के सामने खड़ी हो गई थी। ट्रेन के झटके से वे दुर जा कर गिर गई। जिससे महिला की मौत घटनास्थल पर हो गई, आसपास के लोगों ने इसकी सुचना नालंदा थाना को दी, सुचना मिलते ही नालंदा थानाध्यक्ष निसी कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रेलवे जीआरपी पुलिस को इसकी सुचना दी गई, महिला की पहचान के लिए पुलिस गांव एव थाने के चौकीदार को बुलाया गया, मगर किसी ने नही पहचान कर सका, समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर बाबा साहब को किया नमन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार हैं। वे समता, न्याय और मानवता के सर्वोच्च प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जी न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि एक प्रखर दार्शनिक, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, न्यायविद, लेखक, बहुभाषाविद और शिक्षा प्रेमी व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने जीवन को वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्ष 2015 से 14 अप्रैल को समानता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की जिससे बाबा साहब की जयंती को एक व्यापक सामाजिक संदेश मिला। आज यह दिवस भारत ही नहीं, बल्कि 65 से अधिक देशों में अंबेडकर अनुयायियों द्वारा उत्सवपूर्वक मनाया जाता है। मंत्री ने बताया कि बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच स्थलों – भीम जन्मभूमि (महू), दीक्षाभूमि (नागपुर), लंदन (शिक्षा भूमि), चैत्यभूमि (मुंबई) और नेशनल मेमोरियल (दिल्ली) – का सर्वांगीण विकास मोदी सरकार ने कराया है। इसके साथ ही 195 करोड़ की लागत से अंतर्राष्ट्रीय अंबेडकर केंद्र की स्थापना भी की गई है, जो उनके विचारों के वैश्विक प्रचार-प्रसार का केंद्र बनेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने छुआछूत, जातीय भेदभाव, और सामाजिक असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उनका मानना था कि जब तक अस्पृश्यता मिटेगी नहीं, तब तक भारत प्रगति नहीं कर सकता। वे महिलाओं, मजदूरों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के भी प्रखर पक्षधर थे। उन्होंने बहिष्कृत भारत, मूकनायक, जनता जैसे पत्रों के माध्यम से सामाजिक चेतना का संचार किया। डॉ. अंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय (अमेरिका), लंदन स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स और मुंबई विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। 14 अक्टूबर 1956 को उन्होंने लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म स्वीकार कर सामाजिक नवजागरण की मिसाल पेश की। उन्होंने अंत में कहा कि बाबा साहब की दूरदर्शिता और संघर्षों के कारण आज अनुसूचित जातियों से 133 सांसद और 500 से अधिक विधायक निर्वाचित होकर देश निर्माण में भागीदार बन रहे हैं।

## तीन वारंटी गिरफ्तार, गये जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से तीन वारंटी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। इन पर पहले से ही वारंट जारी थे। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि ग्राम काजी बिगहा निवासी प्रभु पासवान, ग्राम चंदैनी निवासी हृदय रविदास एवं ग्राम फतेहपुर निवासी राम नरेश सिंह को गिरफ्तारी के लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे थे। अब इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के समग्र विकास के लिए बिहार सरकार की विशेष पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में बोधगया स्थित महाबोधि संस्कृति केंद्र के हॉल में जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ-साथ सभी बीडीओ, सभी सीओ, सभी प्रखंडों के कल्याण पदाधिकारी/ आपूर्ति/ शिक्षा/ सांख्यकी, सभी पंचायत सचिव, विकास मित्र एवं राजस्व कर्मचारियों को आज एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर रूप रेखा का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सरकार से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में जिला के सभी प्रखंड में प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति टोलों में उनके समग्र विकास के लिए कल्याण विभाग के सौजन्य से शिविर के आयोजन की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इसका शुभारंभ 14 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री बिहार द्वारा किया जाएगा। डीएम के द्वारा विस्तृत जानकारी बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी को दी गई। उक्त बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी (डीडब्ल्यूओ) द्वारा शिविर का उद्देश्य एवं शिविर की गतिविधियों से संबंधित कार्य योजना पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के योग्य लाभुक यदि सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं, इस शिविर के माध्यम से उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है, जैसे- राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, औपचारिक शिक्षा, बच्चों का नामांकन, आंगनबाड़ी की योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कुशल युवा प्रोग्राम, कौशल विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता, ई-श्रम कार्ड, बिहार भवन एवं अन्य निर्माण कार्य, कल्याण बोर्ड में निबंधन, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वासभूमि, बासगीत पर्चा, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कबीर अंत्येष्टि, कन्या विवाह योजना, दिव्यांगजन से संबंधित योजनाएं आदि का अच्छादन किया जाएगा। डीएम के द्वारा शिविर के आयोजन से पहले सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने एवं पंचायत वार माइक्रो प्लान तैयार कर लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी को डीएम के द्वारा निर्देश दिया गया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से कोई भी योग्य अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति परिवार के पात्र नहीं छूटे इसे सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल से सभी प्रखंड में बुधवार एवं शनिवार को कैंप का आयोजन तब तक किया जाएगा। डीडब्ल्यूओ के द्वारा बताया गया कि इस तरह के लगभग 2500 टोला की सूची बनाई जा रही है जहां यह आयोजन किया जाएगा। डीएम ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि आयोजित होने वाले शिविर का लगातार अनुसरण करेंगे एवं शिविर आयोजन में समन्वय का कार्य करेंगे। बैठक में डीडीसी, सिविल सर्जन, एसडीओ शेरघाटी, डीटीओ, डीएसओ, डीडब्ल्यूओ, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, डीएओ, पीएचईडी, बिजली, शिक्षा, ग्रामीण विकास विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रेलवे का पैदल ऊपरी पुल बंद रहने से यात्रियों की परेशानी बढ़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के सामने का रेलवे ऊपरी पैदल पुल के रिपेयरिंग हो जाने के बाद करीब 2 महीने से ऊपरी पुल बेवजह बंद कर- के रखने के चलते यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बाढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर हमेशा कोयले से लदी मालगाड़ी खड़ी होने के चलते प्लेटफार्म संख्या दो और तीन पर यात्रियों को जाने में परेशानी होती है। लोग जल्दबाजी में मालगाड़ी के नीचे से होकर प्लेटफॉर्म बदलते हैं ऐसे में अब तक कई बार लोग हादसा का शिकार होते-होते बच्चे हैं। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि ऊपरी पुल के सीढ़ी का निर्माण कर तो दिया गया, लेकिन न तो उस पर पानी पटाया गया और न ही उसे यात्रियों के लिए खोला गया है। मोकामा आई ओ डब्लू से जब बात की जाती है तो कोई सार्थक जवाब नहीं मिलता है जिसके चलते यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। स्टेशन प्रबंधक के द्वारा कई बार इस गंभीर समस्या के बारे में दानापुर डिवीजन को पत्राचार भी किया जा चुका है, लेकिन आज तक समस्या का निदान नहीं हुआ।

## अज्ञात शव बरामद

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बुनियादगंज थाना के थानाध्यक्ष को रविवार को सूचना मिली कि कुकरा पुल के नीचे एक अज्ञात शव पाया गया है। प्राप्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष बुनियादगंज थाना के द्वारा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी के साथ तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु एएनएमएमसीएच, गया भेजा गया। एफएसएल एवं तकनीकी टीम को भी घटनास्थल निरीक्षण के लिए भेजा गया है। गया पुलिस द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं आसूचना संकलन करते हुए सभी बिंदुओं पर गहनतापूर्वक जांच की जा रही है।

## आईआईएम बोधगया ने किया 38 बिहार पुलिस अकादमी अधिकारियों के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रम होस्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गया)।** आईआईएम बोधगया ने 1 अप्रैल से 12 अप्रैल, 2025 तक दो चरणों में बिहार पुलिस अकादमी से 38 डीएसपी परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए एक प्रबंधन विकास कार्यक्रम का संचालन किया। यह कार्यक्रम बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित नवनियुक्त अधिकारियों को उभरते प्रशासनिक परिदृश्य में प्रभावी पुलिसिंग के लिए आवश्यक प्रमुख प्रबंधन, नेतृत्व और व्यवहारिक दक्षताओं से लैस करने के लिए तैयार किया गया था। आईआईएम बोधगया कि निदेशक डॉ विनीता एस सहाय के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। डॉ सहाय ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा सामुदायिक विश्वास बनाने में डीएसपी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कानून प्रवर्तन में नैतिक निर्णय लेने, समयबद्ध नेतृत्व और अंतर-विभागीय समन्वय के बढ़ते महत्व पर बात की। यह एमडीपी एग्जीक्यूटिव एजुकेशन एवं कंसल्टेंसी के चेयरपर्सन, डॉ अमित श्रीवास्तव की निगरानी में आयोजित, डॉ विशाल अशोक वानखेड़े और प्रो सजन पुकोकोदन द्वारा समन्वित किया गया था। कार्यक्रम में कक्षा सत्र, आकलन और क्षेत्र के दौरे शामिल थे।संकाय सदस्यों ने लक्ष्य निर्धारण, निर्णय लेने, नेतृत्व, संकट संचार, डेटा उपयोग और सोशल मीडिया जैसे विषयों को कवर किया। आईआईएम बोधगया परिसर में कार्यक्रम का पहला चरण 1 अप्रैल से 5 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किया गया और इसमें समय प्रबंधन, संकट नेतृत्व, मानव व्यवहार, सहयोग और मीडिया संचार पर सत्र शामिल रहे। अधिकारियों ने विष्णुपद मंदिर और महाबोधि मंदिर का भी दौरा किया, तथा विरासत और लौटाव को सहानुभूति, अनुशासन और नैतिक नेतृत्व जैसे मूल्यों से जोड़ा।बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में कार्यक्रम का दूसरा चरण 7 अप्रैल से 12 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किया गया जिसमे सार्वजनिक सेवा, बजट, नागरिक सेवा वितरण, गुणवत्ता प्रबंधन और व्यवहार अंतर्दृष्टि में नैतिकता पर सत्र शामिल रहे।

## सकसोहरा बाजार स्थित बाड़ी नदी की जमीन पर स्थानीय लोगों का अवैध कब्जा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बाढ़।** बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा बाजार स्थित बाड़ी नदी पर बने पल के पास स्थानीय नागरिक और दुकानदारों ने नदी के सरकारी जमीन को हर दिन अतिक्रमण करते हुए उसे पर सीमेंटेड मकान और दुकान बनाने में जुटे हुए हैं। कभी 100 फीट की चौड़ाई वाला यह नदी की चौड़ाई अब 40 फीट भी नहीं बची है और वर्तमान में भी अवैध निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। स्थानीय ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी पीयूष पांडे को दर्जनों शिकायत पत्र दिए जाने के बाद भी अधिकारी के द्वारा न तो अतिक्रमण रोका गया और न ही अंचलाधिकारी किसी बड़े पदाधिकारी का आदेश माने। बाढ़ एसडीओ शुभम कुमार के द्वारा अंचलाधिकारी को अतिक्रमण हटाए जाने और अतिक्रमण पर रोकथाम लगाने का आदेश भी जारी की गई, लेकिन आज तक अंचलाधिकारी के द्वारा अतिक्रमण पर रोकथाम नहीं किया गया जिसको लेकर पूरा बाजार अतिक्रमण का शिकार हो चुका है। लिहाजा अब स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम करते हुए आंदोलन करने की बात कही है।

## समकालीन अभियान चलाया गया

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार शनिवार को फतेहपुर थाना द्वारा विमुक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। इस दौरान फतेहपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में फतेहपुर थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा कुल 11 व्यक्तियों को शराब सेवन के आरोप में गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## दिव्यांग की हत्या के दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** क्षेत्र में दिव्यांग दुकानदार की हत्या पर दिव्यांग संस्थान की राष्ट्रीय टीम पहुंचकर रविवार को परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की। एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिसेबिलिटीज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव प्रसाद ने कहा कि एक दिव्यांग की ऐसी निर्मम हत्या को बर्दाश्त नहीं किया जायगा। यह पूरे दिव्यांग समुदाय के लिये गहरा आघात है। 42 वर्षीय सुमिन्द्र साव अपने छोटे से दुकान के माध्यम से अपना जीवकोपार्जन चला रहे थे, वे बेहद मिलनसार व शांति प्रिय व्यक्ति थे। ऐसे में बिना बात के मेहनतकश एवं आत्म निर्भर दिव्यांग की हत्या मानवता पर सवाल खड़ा करता है। उक्त घटना में शामिल सभी आरोपितों की गिरफ्तारी एवं मामले का उद्भेदन एवं उचित न्याय बिना मिले हम शांत नहीं रहेंगे। स्थानीय पुलिस से लेकर उच्च न्यायालय तक दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिये हम संघर्ष करेंगे, ताकि भविष्य में कोई भी दिव्यांगजनों को कमजोर समझने की भूल न करे। मौके पर संस्थान के सदस्य एवं पदाधिकारी सुगंध नारायण प्रसाद, यशु पाल, उत्तमा कुमारी, मुन्ना विश्वकर्मा, पंकज कुमार यादव, सुमन सौरभ, चंदन कुमार, अजय कुमार यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सभी परिजनों को सांत्वना दी एवं पुलिस प्रशासन से दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

## डीजीपी पहुंचे गया, गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार के डीजीपी विनय कुमार का आगमन पुलिस कार्यालय, गया में रविवार को हुआ। इस अवसर पर वहां उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी। तत्पश्चात डीजीपी विनय कुमार ने पुलिस सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक का नेतृत्व किया। बैठक में मगध क्षेत्र के आईजी क्षत्रनील सिंह, गया एसएसपी आनंद कुमार, सीटी एसपी रामानंद कुमार कौशल, सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष और अन्य वरीय पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने अपनी योजनाओं और प्राथमिकताओं को विस्तारपूर्वक साझा किया और डीजीपी के मार्गदर्शन का लाभ उठाया। डीजीपी ने सभी पदाधिकारियों को उनके विभागीय दायित्वों को न केवल कुशलता बल्कि पूर्ण ईमानदारी के साथ निभाने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्हें विधि-व्यवस्था की प्रभावी देखरेख के साथ-साथ समाज में सकारात्मक और सशक्त उपस्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए।

## प्रखण्ड व अंचल में कर्मचारियों की घोर कमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** पिछले कई माहों से प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में कर्मियों की कमी से ससमय कार्यों का नहीं हो रहा निपटारा। प्रखण्ड कार्यालय में सिर्फ एक क्लर्क और चपरासी हैं वर्तमान में पदस्थापित। हालांकि पिछले साल कई एलडीसी एवं यूडीसी को भेजा गया था, परन्तु अपने-अपने सुविधा के अनुसार क्लर्कों ने डिप्टेशन करवा लिया और प्रखण्ड कार्यालय का हाल पुनः पहले जैसा हो गया। वहीं अंचल में कहने को तो चार क्लर्क पदस्थापित हैं परन्तु वर्तमान में मात्र एक कर्मी ही कार्य कर रहे हैं। कर्मचारियों की कमी से सरकारी एवं आमजनों के कार्यों के निष्पादन में काफी विलम्ब हो रहा है। इस संबंध में बीडीओ संभव कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत सचिव एवं आवास सहायकों की भी घोर कमी है। दूसरी ओर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के आंगन में विभिन्न विभागों का नवनिर्मित कार्यालय बनाया गया है और उसके छत पर लोहे का करकट डाल देने से उपयोगिता समाप्त हो गया है। गर्मी के मौसम में उक्त कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को बैठना दुश्वार हो जाएगा तथा बरसात में बारिश की बूंदों के शोर से कार्य करना मुश्किल। इस संबंध में एक पदाधिकारी ने मजाकिया लहजे में कहा कि अंचल और प्रखण्ड कार्यालय का आलमीरा यहां रखा जाएगा।

## पुस्तक विक्रेता को दी गोली मारने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** सुशासन की सरकार सिर्फ अब कहने मात्र की रह गई आमजनमानस कारोबारी सुरक्षित नहीं रह गए। सरकार लाख बड़े-बड़े दावे कर ले पर हकीकत ढाक के तीन पात ही है। अपराधियों की मनमानी सर चढ़कर बोल रहा है। शिक्षा जगत में जहां माफियाओं का बोलबाला रहा वहीं अब गुर्गे गुंडे अपराधियों की भी इंट्री हो गई। ऐसा ही एक मामला सरबहदा बाजार में किताब बेचने को लेकर उठा जो हिंसक रुख अख्तियार कर लिया। ज्ञात हो कि निजी विद्यालय दीक्षा कान्वेंट सरबहदा में नालन्दा इस्लामपुर महालक्ष्मी पुस्तक भंडार के संचालक मनोज कुमार द्वारा निजी विद्यालय संचालक से सांठ गांठ कर किताब विक्रय किया कराया जाता है तथा स्थानीय पुस्तक विक्रेता पर जबरन सामान्य प्रकाशन की किताब बेचने पर रोक लगाई जाती है। नहीं मानने पर गोली मारने की धमकी दी जाती है। इस संदर्भ में सरस्वती पुस्तक भंडार के दुकानदार रवि कुमार को गोली मारने की धमकी दी गई। रवि कुमार स्थानीय पुस्तक विक्रेता ने बताया कि निजी विद्यालय संचालक को इक्कीस लाख कमीशन के रूप में इस वर्ष दी गई है जबकि पिछले वर्ष अट्ठारह लाख कमीशन दी गई थी इसीलिए अन्य पुस्तक विक्रेता को पुस्तक विक्री करने पर रोक लगाते हैं अन्यथा सीधे गोली मारने की धमकी देते हैं जबकि मैं इनके प्रकाशन का किताब भी बेच नहीं रहा हूं। फिर भी विद्यालय संचालक के गुर्गे गोली मारने की धमकी दे रहे हैं जिससे मैं मानसिक तनाव में रह रहा हूं स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है पर पुलिस अबतक कोई कार्रवाई

# 10वीं के छात्र को प्रिंसिपल ने हार्ड पाइप से पीटा

### शरीर पर नीले जख्म के निशान, हाथ में आई गंभीर चोट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के माड़नपुर में परमज्ञान निकेतन स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र के साथ बर्बरता का मामला सामने आया है जिसमें टीशर्ट पहनकर स्कूल नहीं आने पर प्रिंसिपल ने स्टूडेंट की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित छात्र के हाथ-पैर में कई जगहों पर नील पड़े हैं। इस मामले में छात्र के पिता रंजन यादव ने विष्णुपद थाना में लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, स्कूल डायरेक्ट रेमश कुमार सिन्हा ने आरोपी प्रिंसिपल को अगले 25 दिनों के लिए फोर्स लिव पर भेज दिया है। साथ इस घटना पर खेद जताते हुए कहा कि इस तरह की घटना स्कूल में नहीं होनी चाहिए थी। इस मामले में विष्णुपद थाना इंस्पेक्टर धर्मेंद्र यादव का कहना है कि शिकायत देर शाम आई है, उसकी जांच की जा रही है जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विष्णुपद थाने में दी गई आवेदन में रंजन यादव का कहना है कि 12 अप्रैल को उनका बेटा स्कूल गया था। दोपहर तक सब सामान्य था, लेकिन शाम को स्कूल से फोन आया कि बच्चा घायल हो गया है। परिजन जब स्कूल पहुंचे तो देखा कि छात्र को बेरहमी से पीटा गया है। उसके दोनों हाथों में गंभीर चोटें थीं। दाहिना हाथ पूरी तरह से काम करना बंद कर चुका था। छात्र ने बताया कि शनिवार को स्कूल ड्रेस के मुताबिक टीशर्ट पहन कर जाना था, लेकिन हम टीशर्ट में स्कूल नहीं जा सके थे क्योंकि हमारे पास टीशर्ट नहीं है। उसने बताया कि जहां से टीशर्ट लेना था, वहां हमारे साइज की टीशर्ट नहीं थी। दुकानदार ने 4 से 5 दिन बाद टीशर्ट देने की बात कही थी। इस वजह से शनिवार को टीशर्ट पहन कर हम स्कूल नहीं जा सके। आम दिनों वाला ही स्कूल ड्रेस पहन कर स्कूल शनिवार को गए तो स्कूल के एक टीचर बुलाकर प्रिंसिपल के पास ले गए। प्रिंसिपल पहले लकड़ी के डंडे से पीटा, जब वो टूट गया तो प्लास्टिक के हार्ड पाइप से बेरहमी से पिटाई की जब मैं घर पर बात बताने का बोला तो सर ने कहा कि स्कूल की बदनामी होगी। हम इलाज करवा देंगे। पीड़ित छात्र के पिता रंजन यादव ने शिक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य और आरोपी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि दोबारा किसी और छात्र के साथ ऐसी घटना न हो। फिलहाल छात्र घर पर है और उसका इलाज निजी डॉक्टर से चल रहा है। स्कूल के डायरेक्टर रमेश कुमार सिन्हा ने कहा कि स्कूल में चिंताजनक घटना हुई है। इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए थी। हमने स्कूल प्रिंसिपल को उनके पद से हटाते हुए फोर्स लिव पर भेजा है। उनकी जगह पर दूसरे सीनियर टीचर को प्रभारी प्रिंसिपल की जिम्मेवारी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि जानकारी में बात आई है कि स्टूडेंट्स ने प्रिंसिपल को अपशब्द कहे थे जिसके बाद यह घटना हुई। हालांकि जांच जारी है और प्रिंसिपल को फिलहाल हटाया गया है।

## एमएस मेमोरियल अकादमी स्कूल का धूमधाम से मना 19वां वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कोठी एमएस मेमोरियल अकादमी स्कूल का 19वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया जहां कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्कूल के निर्देशक एमडी के.के. खान, स्कूल के चेयरमैन नज्मेंहुरैरा खान, एलेक्जेंड खान सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं इस दौरान उपस्थित मुख्य अतिथियों को स्कूल के प्रिंसिपल मोहम्मद राशिद करीम खान ने मोमेंट एवं बुके देकर स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने एक से एक बढ़कर नृत्य संगीत पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सफल प्रतिभागी बच्चों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं फील्ड मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि स्कूल के निर्देशक एमडी के.के. खान ने कहा कि स्कूल के बच्चे पूरी तरह से अनुशासन में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। निःसंदेह उन्हें विश्वास है कि यहां के बच्चे काफी मेधावी है और आगे चलकर स्कूल का नाम देश में रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस स्कूल की व्यवस्था और खासकर यहां की एक्टिविटी बच्चों को हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन करने का अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन नज्मेंहुरैरा खान, एलेक्जेंड खान, शौकत उलाला खान, एकबारून रहमान, पिंकू खान, मौलाना बुलंद जफरुल्ला, जिला परिषद प्रतिनिधि डॉक्टर संतोष दास, मुखिया प्रतिनिधि छोटन खान, मुखिया उत्तमदीप यादव उर्फ टुन यादव सहित अन्य शिक्षकों, बच्चों एवं

## नेशनल में बेहतर प्रदर्शन गेम्स वाले खिलाड़ी सम्मानित

### रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी ने नन्हे तीरंदाजों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आंध्रप्रदेश में आयोजित मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रविवार को गया कॉलेज खेल परिसर में रोटरी गया सिटी ने इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर दो गोल्ड मेडल जीतने वाले गोलू कुमार, रिकर्व में गोल्ड जीतने वाले नमन प्रभाकर व इंडियन राउंड में ब्रांज मेडल जीतने वाले करण कुमार को मोमेंटो के साथ अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे और सभी खिलाड़ियों को जो इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किये उन्हे अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर रोटरी गया सिटी के अध्यक्ष राय आनंदवर्द्धन व सचिव डा अमृता सिन्हा ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपने जिले के साथ राज्य का नाम रोशन किया है। ये लोग और बेहतर प्रदर्शन करें यही हमलोगों की शुभकामना है। इसके लिए रोटरी गया सिटी हर संभव मदद करते रहेगी।

**नकद राशि देकर किया सम्मानित**

वहीं क्लब के राजकुमार दुबे ने इन खिलाड़ियों के प्रतिभा देख प्रभावित हुये और अपनी ओर से मेडल जीतने वाले और उन्हे सहयोग करने वाले खिलाड़ी को पांच हजार का नकद इनाम दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपलोग हेल्दी फूड का सेवन करें जंक फूड से दूर रहें। इस दौरान क्लब के सदस्य विजय भलोटिया की ओर से मगध आरचीं फाउंडेशन को दस कुर्सी दिया गया। क्लब की ओर से डा रतन कुमार, डा अरविन्द कुमार सिन्हा, पी पी चकरियार ने भी बच्चों को सम्मानित किया। तीरंदाजी कोच जयप्रकाश ने भविष्य में ये खिलाड़ी और बेहतर करेंगे इसके लिए उन्हें आश्वस्त किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, धर्मदेव कुमार, सतीश गुप्ता, राकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मैगरा थाना में नए थानाध्यक्ष विद्या शंकर ने संभाला पदभार

**इमामगंज (नबिटा सं.)।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत मैगरा थाना में रविवार को नए थानाध्यक्ष विद्या शंकर ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री कुमार ने कहा कि मैगरा थाना में प्रभार ग्रहण करने के बाद मैगरा थाना क्षेत्र में कई स्थान पर भ्रमण कर क्षेत्र का जायजा लिया है। उन्होंने कहा कि नक्सल और अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही पुलिस-पब्लिक के बीच समन्वय बना कर विधि-व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैगरा थाना क्षेत्र झारखंड से सटा हुआ बॉर्डर है। इसलिए यहां पर अपराध नियंत्रण के साथ-साथ शराबबंदी कानून को सख्ती से पालन कराया जाएगा। भूमि विवाद मामलों में चल रहे जनता दरबार को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की। इसके पूर्व थानाध्यक्ष ने मैगरा थाना में तत्काल बैठक कर क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने, शराबबंदी को शख्ति से पालन करने, अपराध एवं नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही पुलिस गश्ती को और तेज करने का निर्देश दिया।

## डॉ. मनीष पंकज मिश्रा को गया शहर से उम्मीदवार बनाए जाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** रविवार को गया जिले के पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन संगत गया धर्मशाला में ब्राह्मण सेना का स्थापना दिवस समझ में सभी अंगतुकों के उपस्थिति में समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले के प्रमुख और गणमान्य ब्राह्मण जनों की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता अजीत तिवारी ब्राह्मण सेना जिला अध्यक्ष एवं संचालन ब्राह्मण सेना के सचिव बृजराज पांडे के द्वारा किया गया। बैठक मुख्य उद्देश्य समाज की वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करना और आने वाले विधानसभा चुनावों में समाज की भूमिका को सशक्त रूप से स्थापित करना था। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गया जिला, विशेषकर गया शहरी विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से ब्राह्मण समाज की अनदेखी होती आ रही है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा समाज को केवल एक वोट बैंक के रूप में देखा जाता है जबकि समाज के योगदान और योग्यता को नजरअंदाज किया जाता है। वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि गया विधानसभा क्षेत्र से ब्राह्मण समाज पहले भी जनसंघ के टिकट पर दो बार विजयी होकर विधानसभा पहुंच चुका है जिससे यह स्पष्ट होता है कि समाज में नेतृत्व की क्षमता और जनसमर्थन दोनों मौजूद हैं। बैठक में एक महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया जिसमें यह मांग की गई कि भारतीय जनता पार्टी आगामी 2025 विधानसभा चुनाव में गया शहरी विधानसभा क्षेत्र से शिक्षित एवं लोकप्रिय भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित भारतीय जनता पार्टी के नीतियों को जन जन एवं घर-घर तक पहुंचने वाले भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा को अपना उम्मीदवार बनाए। प्रस्ताव में कहा गया कि डॉ. मिश्रा एक कर्मठ, योग्य, शिक्षित और भारतीय जनता पार्टी के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्ति हैं। वे सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्रों में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता भी लगातार बढ़ रही है। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि डॉ. मनीष पंकज मिश्रा को उम्मीदवार बनाए जाने से न केवल भाजपा संगठन को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिलेगी, बल्कि ब्राह्मण समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा कि पार्टी समाज के योग्य लोगों को उचित प्रतिनिधित्व दे रही है।

संपादकीय

# शिक्षक भर्ती घोटाले की आंच

पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बर्खास्त 25 हजार शिक्षक अब सड़कों पर हैं। कोर्ट ने कहा है कि इन शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द कर, फिर से चयन परीक्षा करवाएं। इससे राज्य में नया राजनीतिक और आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई शिक्षक ओवर एज हो चुके हैं वो अब कहां जाएं। कई के सामने समस्या ये है कि यदि नई चयन परीक्षा में पास नहीं हुए तो उनका और उनके परिवार का क्या होगा? हालांकि राज्य की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी कह रही हैं कि वो पीड़ित शिक्षकों के साथ हैं। जरूरी हुआ तो पद से इस्तीफा देने को भी तैयार हैं। वो यह भी कह रही हैं कि सरकार 'योग्य' शिक्षकों की नौकरी बचाने का पूरा प्रयास करेगी। लेकिन कैसे यह स्पष्ट नहीं है। इस्तीफा देकर वो सियासी दांव चल सकती हैं, लेकिन नौकरियां वापस कैसे मिलेंगी, कोई नहीं जानता। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने तीन महीने के भीतर नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। इससे पहले अप्रैल 2023 में कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी ऐसा ही फ़ैसला सुनाया था। लेकिन उस फ़ैसले को सरकार और सेवा आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने मामूली संशोधनों के साथ हाईकोर्ट के फ़ैसले को बरकरार रखा। उधर सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले से प्रभावित हज़ारों शिक्षकों ने अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए 'डिप्राइव्ड टीचर्स एसोसिएशन' नामक संगठन बनाया है। कोर्ट के आदेश के बाद एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी और राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि उनके जीते जी किसी भी योग्य उम्मीदवार की नौकरी नहीं जाएगी। लेकिन इस योग्य शब्द ने भी भारी भ्रम पैदा कर दिया है। सीएम के साथ बैठक से पहले कथित तौर पर 'योग्य' और 'अयोग्य' उम्मीदवारों के बीच तीखी झड़प हुई, जिससे इलाके में अफ़रा-तफ़री मच गई। नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों की सरकार से मांग है कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरूद्ध समीक्षा याचिका दायर करे, जब तक याचिका पर सुनवाई पूरी न हो, तब तक शिक्षकों को नौकरी से न निकाला जाए। साथ ही इस दौरान नई भर्ती परीक्षा न हो। हालांकि मुख्यमंत्री ममता ने शिक्षकों से कहा है कि वो पढ़ाना जारी रखें। लेकिन इससे भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना होगी। उधर राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की वजह शिक्षक भर्ती में भारी घोटाला और राज्य सरकार की नाकामी माना है। दूसरी तरफ कांग्रेस और वामपंथी भी इस मुद्दे पर हमलावर है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मामले में चिट्ठी लिखकर ममता के करीब आने का संकेत दिया है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में विस चुनाव तृणमूल अकेले लड़ती है। यकीनन कोर्ट के फैसले से हजारों शिक्षकों के घर फाकाकशी की नौबत आ गई है। अगर सुधार याचिका भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज दी तो फिर क्या होगा? ममता के सामने दूसरी बड़ी चुनौती अगले साल होने वाले विस चुनाव हैं। अगर ममता विस चुनाव कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ती है तो राज्य में उनकी राजनीतिक ताकत और अजेयता पर प्रश्नचिन्ह लगेगा। लेकिन राज्य में भारी शिक्षक चयन घोटाला और वक्फ बिल पर ममता का मुसलमानों के साथ खड़ा होना विपक्षी भाजपा को फायदा पहुंचा सकता है। दूसरे, ममता ने यह भी कहा है कि योग्य' शिक्षकों की नौकरी नहीं जाएगी। लेकिन यह 'योग्यता' कौन और किस पैमाने पर तय करेगा, यह बड़ा सवाल है। उधर जिन शिक्षकों की नौकरी गई है, उनके सामने खाने के लाले पड़ गए हैं। इससे राज्य में सरकार विरोधी माहौल गहराएगा, ममता के लिए बनेगा, यह बड़ी चिंता है।

# सामाजिक क्रांति के महानायक डॉ.अम्बेडकर की पत्रकारिता आज भी प्रासंगिक



**संजय कुमार**

संविधान निर्माता और बहुजनों के मसीहा डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर महान एवं जुझारू पत्रकार भी थे। डॉ. अम्बेडकर ने 'मूकनायक' पाक्षिक अखबार के जरिये 31 जनवरी 1920 को सामाजिक क्रांति का जो बीज, पत्रकारिता की दुनिया में बोया था वह अम्बेडकरी पत्रकारिता के से जाना जाता है। मुख्यधारा की मीडिया में गांधी, तिलक, राजेन्द्र प्रसाद, आदि की पत्रकारिता की चर्चा तो खूब होती है, लेकिन डॉ.अंबेडकर ने जो और जिस तरह की पत्रकारिता की थी उसकी चर्चा नहीं के बराबर दिखती है। जितना आसान गांधी, तिलक, राजेन्द्र प्रसाद आदि की पत्रकारिता थी उतनी डॉ.अंबेडकर की नहीं। डॉ. अंबेडकर की पत्रकारिता खास और अलग थी। समाज और देश को आइना दिखाने वाली वंचित समाज की पत्रकारिता थी।

डॉ. अंबेडकर के सामने उद्देश्य के साथ-साथ मिशन और एक लड़ाई की तरह पत्रकारिता थी। जो, जाति के सवाल को लेकर, अछूत और पिछड़ों के हक को लेकर थी। कह सकते है कि समाज में व्याप्त गैर-बराबरी के सवाल को लेकर एक ऐसा वैचारिक युद्ध, जो समाज में सभी जाति को बराबरी देने को लेकर था। जहाँ एक ओर पत्रकारिता एक वर्ग के हितों की रक्षा के लिए खड़ी थी, वहीं उसमें वंचितों की समस्याओं और सवालों को जगह नहीं दी जाती थी। वंचित वर्ग पत्रकारिता की छाया से दूर ही नहीं रहा बल्कि, उनकी ओर ताका तक नहीं जाता था। ऐसे में डॉ. अंबेडकर ने बेजुबानों का नायक बन 'मूकनायक' के प्रकाशन की घोषणा की और विज्ञापन पूरी षुल्क के साथ तिलक के समाचार पत्र 'केसरी' में दिया। तिलक ने विज्ञापन को छापने से साफ इंकार कर दिया था। डॉ.अंबेडकर एक पत्रकार की भूमिका में आये, उन्हें लग गया था कि मीडिया एक सशक्त माध्यम है, जो बहुजनों को गोलबंद कर सकता है। बाबा साहब का मानना था कि दलितों को जागरूक बनाने और उन्हें संगठित करने के लिए उनका अपना स्वयं का मीडिया का होना बहुत जरूरी है। इसी मकसद के लिए उन्होंने 31 जनवरी, 1920 को मराठी पाक्षिक 'मूकनायक' का प्रकाशन प्रारंभ कर, पहल शुरू की। डॉ. अंबेडकर ने कलम को थामा और उसे सिपाही बनाया। इस 'मूकनायक' के प्रकाशन हेतु शाहू महाराज ने उस समय रूपये 2500/- की सहायता की थी। चूँकि उस समय डॉ.अंबेडकर मुम्बई के सिडनहेम कालेज में प्राध्यापक थे, सरकारी सेवा में थे, इसीलिए उन्होंने संपादन के रूप में पांडुरंग नंदराय भटकर का नाम डाला। 'मूकनायक' पाक्षिक होकर शनिवार को प्रकाशित होता था और इसका पंजीयन क्रमांक बी-430 था, शीर्षक के दायीं ओर विज्ञापन की दरें और बायीं ओर वार्षिक शुल्क तथा फुटकर अंक का दाम दिया जाता था। इसके कार्यालय का पता-हरारवाला बिल्डिंग, डॉ. बाटलीवाला रोड़, पोपबावड़ी, परेल, मुम्बई था। इसके प्रथम पृष्ठ पर संत तुकाराम के अभंग की दो पंक्तियां दी गई थी। समाचार पत्र वंचित समाज में बदलाव लायेगा, इस बात का उन्हें भरोसा था। वे जानते थे कि सामाजिक आन्दोलन या क्रांति में समाचार पत्रों की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। ज्यादा पढ़ी लिखी जनता नहीं थी, केवल मराठी ही समझ पाती थी। ऐसे में उन्होंने मराठी पत्रों का प्रकाशन एवं सम्पादन किया। 'मूकनायक' (31जनवरी,1920), 'बहिष्कृत भारत' 3 अप्रैल,1927), 'समता' (29 जनवरी, 1928), 'जनता' (24नवंबर,1930) एवं 'प्रबुद्ध भारत' (14अक्टूबर,1956) पत्रों का प्रकाशन शुरू कर डॉ.अम्बेडकर ने देश की सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक सहित अन्य मुद्दों पर अपनी धरदार लेखनी से पत्रकारिता की शुरूआत की।

दलित पत्रकारिता के आधार स्तम्भ डॉ. अम्बेडकर दलित पत्रकारिता के पहले संपादक, संस्थापक एवं प्रकाशक बने। उन्होंने जिस तरह, 'मूकनायक' से सामाजिक पत्रकारिता की शुरूआत कर 'प्रबुद्ध भारत' तक की पत्रकारिता यात्रा की और शानदार सामाजिक एवं जनपक्षीय पत्रकारिता करते रहे वह अपने आप में खास थी। जो, बाबा साहब को एक महान पत्रकार-संपादक के रूप में स्थापित करता है।

बाबा साहब ने मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, जनता और प्रबुद्ध भारत समाचार पत्रों के माध्यम से अपने विचारों से स्पृश्य यानी अछूतों को जागृत करने का काम किया। समाचार पत्रों ने दलितों की सोच एवं जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया। डॉ. अंबेडकर ने 1945 में कहा था कि और दलितों के पास अपना कोई प्रेस नहीं है। और जो प्रेस है, उसका दरवाजा दलितों लिए बंद है। अछूतों का अपना प्रेस हो ही नहीं सकता। कारण बिल्कुल साफ है। कोई भी प्रेस विज्ञापन की आय के बिना जिंदा नहीं रह सकता है।

31 जनवरी, 2020 को 'मूकनायक' पाक्षिक पत्र का शताब्दी वर्ष है। यह ऐतिहासिक मौका है। 'मूकनायक' के जरिये बाबा साहब उनकी आवाज बने थे जो समाज में दबे कुचले थे। जिनमें अपनी आवाज उठाने की ताकत तक नहीं थी। 'मूकनायक' पाक्षिक पत्र को निकाल कर अम्बेडकर ने दलित मीडिया की एक ऐसी आधारशिला रखी जिसने उस वक्त के हिन्दूवादी मीडिया के मुंह पर तमाचा मारते हुए उनकी बोलती बंद कर दी थी।

इतिहास के पन्ने गवाह है कि भारतीय मीडिया ने बहिष्कृत लोगों की आवाज बनने की बात तो दूर उनकी ओर ताका तक नहीं। हालात आज भी वैसा ही है। आज का जो मीडिया है वह भी बहुजन समाज को तरजही नहीं देता। डॉ.अंबेडकर ने जिस दौर में दलित पत्रकारिता की शुरूआत की थी, इन बातों को डॉ.अंबेडकर समझते थे और मीडिया के पक्षपात पूर्ण रवैया से लोहा लेने के लिए मीडिया में प्रवेश किये। बाबा साहब ने 1943 में भारतीय मीडिया को हिंदू और कांग्रेसी मीडिया कह कर संबोधित किया था। भारतीय मीडिया पर डॉ.अंबेडकर को कतई भरोसा नहीं था।

डॉ.अंबेडकर ने 36 वर्षों तक पत्रकारिता की। एक संपादक एवं पत्रकार की भूमिका में निष्पक्ष रहते हुए काम किया। समाज के ठेकेदारों, राजनीतिक दलों एवं नेताओं के साथ-साथ मीडिया के खिलाफ भी लंबी लड़ाई लड़ी। डॉ. अंबेडकर द्वारा प्रकाशित पत्रों में मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, जनता और प्रबुद्ध भारत का आकलन करें तो तस्वीर साफ दिखती है। डॉ.अंबेडकर की पत्रकारिता के खास मकसद थे। समाचार पत्रों के नामों को ध्यान से देखें तो सभी नामों में एक खास मकसद छुपा हैं। एक घार है, जो संदेश देता है। बाबा साहब अपने पत्रों के नाम के जरिये वंचित समाज को निश्चित दिशा में ले जाने के लिए संघर्ष करते रहे।

'मूकनायक' को ही लीजिये। नायक का शाब्दिक अर्थ होता एक दिशा देने वाला। डॉ. अंबेडकर पूरे 'बहिष्कृत भारत' की बात करते हैं। वैसा भारत जहाँ एक ओर समाज में ऐसे लोग है जिन्हें सब कुछ करने की आजादी है जबकि दूसरी ओर समाज में दूसरे यानी अछूत लोगों पर प्रतिबंध है। वे बहिष्कृत है। डॉ.अंबेडकर ने 'बहिष्कृत भारत' के लोगों की आवाज को, इस पत्र में जगह देते हुए आवाज बुलंद कर 'समता' समाज की वकालत ही नहीं बल्कि अधिकार की लड़ाई 'समता' पत्र से लड़ी। फिर 'जनता' को लेते हुए भारत को प्रबुद्ध भारत बनाने के लिए 'प्रबुद्ध भारत' पत्र निकालते हैं। जहां बाबा साहब के समाचार पत्रों में प्रगतिशीलता के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन की बात थी। वहीं, उस दौर के अखबारों के नामों में और आज के अखबारों में भी ठहराव नजर आता है। बाबा साहब ने जितने भी समाचार पत्र निकालें उसमें बहुजन आंदोलन की जड़ें थी। हासिये के लोगों थे। एक समाज था।

मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, जनता और प्रबुद्ध भारत केवल समाचार पत्र ही नहीं थे, बल्कि अपने आप में एक हथियार थे। एक ऐसा हथियार जो आजादी व मुक्तिगाथा के शब्दों से पिरोया हुआ था। तभी तो अंबेडकर भी मीडियानुमा हथियार की ताकत को जान कर सामाजिक क्रांति के अग्रदूत बहुजन आंदोलन में मीडिया की आवश्यकता पर जोर देते हुए अपनी राजनीतिक पार्टी की राज्यों को भी अपना पत्र निकालने के लिए प्रोत्साहित किया था। सिर्फ खुद ही पत्र नहीं निकालते थे बल्कि अपने समाज के लोगों एवं संगठन के लोगों को भी कहते थे कि वह पत्रिका के माध्यम से लोगों को गोलबंद करें। 'मूकनायक' के कुल 19 अंक निकले थे। अंक 12 तक मुख्य पत्रिका लेखन पूरी तरह से बाबा साहब ने किया 5 जुलाई 1920 को बाबा साहब लंदन चले गए। उसके बाद उनकी जिम्मेदारी ज्ञानदेव रुवनाथ घोलप जी ने उठाई और अंक13 से 19 कुल 7 अंक निकाले थे ।


'मूकनायक' के प्रवेशांक के संपादकीय में डॉ.अंबेडकर ने इसके प्रकाशन के औचित्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए लिखा था, खासकर समाज में व्याप्त जाति के सवाल को लेकर। बाबा साहब ने अपने पहले संपादकीय में हिंदू धर्म में व्याप्त भेदभाव को सवालों के घेरे में लिया। वे लिखते हैं, मैं हिंदू हूं कहने मात्र से समाधान नहीं होगा, उसे उसकी जाति क्या है यह बताना जरूरी होता है। मतलब यही होता है कि हिंदू को उसकी मानवीय पहचान दिखाने के लिए प्रत्येक हिंदू को जातिगत भेदभाव दिखाना पड़ता है। संपादकीय में हिंदू धर्म की आलोचना करते हैं। वे लिखते हैं कि भेदभाव जितना अनुपम है उतना ही निंदनीय भी। क्योंकि भेदभाव पूर्ण आचरण में से हिंदू धर्म का जो स्वरूप बनता है वह हिंदू धर्म की पवित्रता को शोभा नहीं देता। हिंदू धर्म में जो जातियां है ऊंच-नीच की भावना से प्रेरित होती है। हिंदू समाज का स्वरूप एक मीनार की तरह है जहां हरेक जाति उस मीनार की मंजिल के रूप में है। लेकिन यहां एक बात याद रखनी चाहिए कि इस मीनार की मंजिलों के बीच कोई सीढ़ी नहीं होती है। इसलिए एक मंजिल से दूसरी मंजिल पर जाने का कोई मार्ग नहीं मिलता है। जो जिस मंजिल में जन्मा है उसी में उसे मरना होता है। नीचे की मंजिल का मनुष्य कितना लायक क्यों ना हो उसके लिए उसे ऊपर की मंजिल पर प्रवेश नहीं मिल सकता तथा ऊपर की मंजिल का मनुष्य कितना भी नालायक क्यों न हो उसे नीचे की मंजिल में भेजने की ताकत किसी में नहीं है। बाबा साहब लिखते हैं कि सीधे तौर पर कहा जा सकता है कि जाति-जाति के बीचए ऊंच-नीच की भावना मनुष्य के गुण-अवगुण की नीवं पर नहीं रखी गई है, ऊंची जाति में जन्मा व्यक्ति कितना भी अवगुणी क्यों ना हो, उसे उच्च जाति का ही कहना पड़ता है। उसी तरह नीची जाति में जन्मा व्यक्ति कितना भी गुणवान क्यों ना हो उसे नीच ही कहा जाता है। दूसरे, उन लोगों में एक दूसरे के बीच रोटी बेटी का व्यवहार भी नहीं होता। इसके हर एक जाति में भाईचारे के संबंध जातिगत है। निकट संबंध को नजरअंदाज भी कर लें, फिर भी एक दूसरे से बाहरी आचरण खुला नहीं है। अछूत जाति का अर्थ होता है ऐसा मनुष्य जिसे छू लेने मात्र से दूसरी जाति के लोग अपवित्र हो जाते हैं। भ्रष्ट हो जाते हैं। अपने पहले संपादकीय में बाबा साहब ने पिछड़ों पर भी कलम चलाई है उन्होंने लिखा है कि सत्ता और ज्ञान के अभाव में ब्राह्मणेत्तर (मुख्य रूप से ओबीसी) पिछड़े रह गए यही कारण है कि उनकी प्रगति नहीं हो सकी, यह बात स्पष्ट है। परंतु उनके दुख में दरिद्रता शामिल नहीं थी, क्योंकि उनके लिए खेती, व्यापार उद्योग और नौकरी करके जीवनयापन करना कठिन नहीं था। लेकिन सामाजिक भेदभाव के कारण अछूत, बहिष्कृत समाज पर जो प्रभाव पड़ा, वह बड़ा ही भयानक है। वे संपादकीय में आज हो रहे और भविष्य में होने वाले अन्याय को दूर करने की चिंता व्यक्त करते हैं। यही नहीं, उस दौर के समाचार पत्रों पर भी हमला करते हुए बाबा साहब लिखते हैं कि मुंबई से निकलने वाले समाचार पत्रों को बारीकी से देखा जाए तो पता चलता है उनमें से ज्यादातर पत्र किसी खास जाति हित को संरक्षित करते हैं। वे दूसरी जातियों की परवाह नहीं करते।

दर्जनों संपादकीय टिप्पणियों को मिलाकर डॉ.अंबेडकर के 40 लेख 'मूकनायक' में छपी। जो अपने आप में वह दस्तावेज हैढ्ढ ये लेख जाति के नाम पर समाज के आंखों पर लगी काली पट्टी को खोलने को लेकर काफी है। डॉ.अंबेडकर 'जाति का विनाश' चाहते थे। मीडिया के साथ ही सभी क्षेत्रों में दलितों की हिस्सेदारी सुनिश्चित किए जाने के प्रबल पक्षधर थे। बाबा साहब डॉ.अंबेडकर केवल वंचितों के महानायक ही नहीं थे बल्कि पत्रकारिता जगत के भी महानायक थे क्योंकि पत्रकारिता में जो सामाजिक क्रांति का बीच उन्होंने बोया था आज वह 'अंबेडकरी पत्रकारिता' के तौर पर जाना जाता है।

( लेखक केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना के उप निदेशक हैं )

अध्यात्म

## 'हथेली पर बाल क्यों नहीं उगते'...



अकबर और बीरबल के किस्से आज भी प्रासंगिक हैं। दोनों के बीच रोचक संवाद के कई उदाहरण मौजूद हैं। कई बार बादशाह अकबर चतुर और चालाक बीरबल की बुद्धि की परीक्षा लेते थे, तो कभी उनके साथ मजाक करते थे। ऐसा ही एक मजाकिया किस्सा हम यहां लेकर आए हैं।

एक दिन भरे दरबार में बादशाह अकबर ने बीरबल से पूछा कि मेरी हथेली पर कोई बाल क्यों नहीं है? बीरबल समझ गए कि बादशाह आज मजाक के मूड में हैं। बीरबल ने जवाब दिया कि जहांपनाह, आप दोनों हाथों से दान धर्म करते हैं, आपकी हथेलियों से होकर तमाम चीजें गुजरती हैं। यही कारण है कि आपकी हथेलियों पर बाल नहीं हैं।

बादशाह ने बीरबल पर दागा दूसरा सवाल

बादशाह ने इसके जवाब में दूसरा सवाल दागा। उन्होंने बीरबल से पूछा कि अच्छा ये बताओ कि तुम्हारी हथेलियों पर कोई बाल क्यों नहीं हैं?

बीरबल को ऐसे ही सवाल की उम्मीद थी। उन्होंने तपाक से जवाब दिया कि बादशाह आप दान करते हैं और मैं लेता हूं। इस कारण मेरी भी हथेलियों पर कोई बाल नहीं हैं।

बादशाह कहां रुकने वाले थे। उन्होंने बीरबल पर तीसरा सवाल दागा कि जितने भी दरबारी हैं, उनकी हथेलियों पर बाल क्यों नहीं हैं? बीरबल ने जो जवाब दिया, उसके बाद राजा कोई सवाल नहीं पूछ सके।

बीरबल ने कहा कि आप दान देते हैं और मैं लेता हूं। इससे अन्य दरबारियों को ईर्ष्या होती है और वे अपना हाथ मलते हैं। यही कारण है कि उनकी हथेलियों पर भी बाल नहीं है। बीरबल का जवाब सुन बादशाह अकबर को समझ आ गया कि उन्हें किसी भी तरह के तर्क में हराना आसान नहीं है।

# न्याय, समानता और समावेश की राह पर - डॉ. अंबेडकर की प्रेरणा और भाजपा का संकल्प



**डॉ संजय मयूख**

भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सहङ्कप्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता, बिहार विधान परिषद में भाजपा के मुख्य सचेतक एवं हृष्ठ के उपङ्कसचेतक



14 अप्रैल का यह दिन सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र, समानता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती का दिन है। वह व्यक्तित्व जिसने न केवल भारत का संविधान रचा, बल्कि हमें यह सिखाया कि संघर्षों के बीच भी अवसर ढूंढा जा सकता है, और बदलाव की लौ किसी एक हाथ में नहीं, पूरे समाज में होती है।। डॉ. भीमराव अंबेडकर एक विचारक, सुधारक और दूरदर्शी थे, जिन्होंने यह स्पष्ट किया कि जातिगत भेदभाव केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और प्रगति में भी सबसे बड़ा रोड़ा है। आज जब हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, तो यह आवश्यक है कि हम न केवल उन्हें स्मरण करें, बल्कि उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लें। भारतीय जनता पार्टी की नीति और दृष्टिकोण डॉ. अंबेडकर के विचारों के मूल तत्वों से मेल खाता है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास% का मूल मंत्र उसी सामाजिक समरसता और समावेशी विकास की दिशा में कार्य करता है, जिसकी कल्पना बाबा साहेब ने की थी।

**भाजपा सरकार ने डॉ. अंबेडकर के सपनों को किया साकार** – डॉ. अंबेडकर ने देखा कि भारत की आत्मा तब तक स्वतंत्र नहीं हो सकती, जब तक उसकी सबसे कमजोर और वंचित जातियां न्याय और समान अवसरों से वंचित हैं। भाजपा सरकार ने न केवल डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाया, बल्कि उन्हें नीति और कार्यान्वयन में भी उतारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने भीम एप, डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, और पंचतीर्थ जैसी पहलों के माध्यम से अंबेडकर जी के जीवन, संघर्ष और विचारों को जन-जन तक पहुँचाया है। भाजपा सरकार ने अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए बजट में रिकॉर्ड बढ़ोतरी की है, जिससे शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर खुल सकते हैं। भाजपा का मूल विचार राष्ट्रवाद है। वो राष्ट्रवाद जो हर वर्ग, हर जाति और हर समुदाय को साथ लेकर चलता है। डॉ. अंबेडकर भी यही चाहते थे कि एक ऐसा भारत का निर्माण हो जहाँ व्यक्ति को उसकी जाति, धर्म या जन्म से नहीं, बल्कि उसकी योग्यता और योगदान से पहचाना जाए। भाजपा सरकार ने उनकी इस सोच को धरातल पर उतारने का प्रयास किया है।

**डॉ. अंबेडकर का भारत, भाजपा की दिशा**– देश में कम ही लोग जानते हैं कि डॉ. अंबेडकर का योगदान केवल समाज सुधार या संविधान तक सीमित नहीं था। आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. बीआर अंबेडकर का योगदान भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता के रूप में उनकी भूमिका से कहीं आगे है। उनकी गहरी बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता ने प्रमुख आर्थिक और सामाजिक ढांचों को प्रभावित किया, जिससे वे स्वतंत्र भारत के शासन और विकास को आकार देने में मील का पत्थर साबित हुए हैं।

डॉ. अंबेडकर की डॉक्टरेट थीसिस ने भारत के वित्त आयोग की स्थापना को प्रेरित किया। साथ ही, उनके विचारों ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम, 1934 के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने और आरबीआई की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे हमारे देश में रोजगार कार्यालयों के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने रोजगार कार्यालयों की स्थापना, राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड प्रणाली की स्थापना और दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड बांध परियोजना और सोन नदी परियोजना जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं जैसे प्रणालीगत प्रगति का समर्थन किया, जिससे बुनियादी ढांचे और संसाधन प्रबंधन में उनकी दूरदर्शिता का पता चलता है। भाजपा सरकार ने भी इसी दृष्टिकोण को अपनाते हुए देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, डिजिटल इंडिया और उज्ज्वला योजना जैसी पहलों ने उन तबकों तक विकास की किरण पहुँचाई है, जो दशकों तक विपक्षी दलों को नीति के चलते उपेक्षित थे।

**संविधान निर्माता से आगे-राष्ट्र निर्माता**– डॉ. अंबेडकर ने संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में जिस संविधान का निर्माण किया, वह आज भी विश्व के सबसे समावेशी लोकतंत्रों में से एक का आधार है। उन्होंने यह स्पष्ट किया था कि केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं है। हमें सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता भी मिलनी चाहिए। यह विचार भाजपा की न्यू इंडिया की परिकल्पना का मूल आधार है। जहाँ हर नागरिक को समान अवसर और सम्मान मिले। भाजपा ने अपने शासन में यह सुनिश्चित किया है कि डॉ. अंबेडकर के विचार केवल किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि वे नीतियों, योजनाओं और ज़मीन पर कार्यों के माध्यम से जीवित रहें। भाजपा सरकार का मानना है कि हमारा भारत तभी सशक्त होगा जब प्रत्येक नागरिक सशक्त होगा। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के सभी वर्गों के विकास लिए पूरी प्रतिबद्धता से समर्पित है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें। बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। वरना बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट में सावधानीपूर्वक निवेश करें।

**मिथुन**
जीवनशैली में नयापन आयेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग सम्बन्धी कारोबारियों को लाभ होगा।

**कर्क**
स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। झूठ बोलने से बचें। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें। सन्तान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं।

**सिंह**
रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है। अपने काम का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की सम्भावना बन रही है।

**कन्या**
परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उन्हें शान्ति से निपटायें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी।

**तुला**
आज आप नयी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। इन्जीनियरिंग के विद्यार्थियों को जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। रोजगार के नये विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे।

**वृश्चिक**
फँसा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। किसी भी मुद्दे पर सावधानी पूर्वक प्रतिक्रिया दें। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की सम्भावना है।

**धनु**
व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। भारी भोजन का सेवन करने से बचें। आज आप अनुसन्धान के मूड में हो सकते हैं।

**मकर**
अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपायें। अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम सम्बन्धों में तनाव की आशंका है। आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र नाराज हो सकते हैं।

**कुंभ**
साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी।

**मीन**
उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा।

# दान पेटी से चोरों ने उड़ाए तीन लाख से अधिक रुपये

## जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना क्षेत्र अंतर्गत कंकेर गांव में लक्ष्मी नारायण सह सूर्य मंदिर में अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मंदिर का ताला तोड़कर गर्भगृह में दाखिल हुए और वहां रखी दान पेटी को तोड़कर तीन लाख 23 हजार रुपये नकदी लेकर फरार हो गए।

मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजयकांत सिंह ने बताया कि 4 से 9 मार्च तक जियर स्वामी जी महाराज की देखरेख में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यज्ञ समाप्ति के बाद 7 अप्रैल को पूरे खर्च का हिसाब किया गया, जिसमें 3.23 लाख रूपये शेष बचे। समिति के निर्णय के अनुसार इस राशि को दान पेटी में रखकर गर्भगृह में सुरक्षित किया गया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के मुख्य द्वार की दो चाबियां थीं, जो उन्हीं के पास रहती थीं। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने पहले चाबी चुराई, फिर मुख्य द्वार खोलकर गर्भगृह का ताला तोड़ा और दान पेटी में रखी रकम चुरा ली। वारदात के बाद चोरों ने मुख्य द्वार को पुनः बंद कर दिया, जिससे किसी को शक न हो।

**सुबह पूजा के समय खुला चोरी का राज**

रविवार सुबह जब पुजारी मंदिर में पूजा करने पहुंचे, तो गर्भगृह का ताला और दान पेटी टूटी हुई मिली। इसके बाद घटना की सूचना मंदिर प्रबंधन समिति और बड़ेम थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सिमरन राज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। साथ ही फोरेंसिक टीम को भी साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया। मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से प्राप्त आवेदन के आधार पर बड़ेम थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय पांडेय के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया है। टीम को शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई हैं।

# राष्ट्रीय सवर्ण क्रांति सेना के कार्यकर्ता सम्मेलन में उठा आरक्षण का मुद्दा, एकजुटता पर दिया गया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** आरा शहर के मारुति नगर स्थित जमीरा कोठी में राष्ट्रीय स्वर्ण क्रांति सेना का कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को हुआ। अध्यक्षता सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह ने की। पूनम सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में एकजुटता पर बल देते हुए कहा की आरक्षण एक अभिशाप है। अम्बेडकर साहब ने कहा था कि जब आदिवासी समाज का राष्ट्रपति बन जाएगा तब देश को आरक्षण की जरूरत नहीं है। संविधान निर्माता डॉ भीम राव आंबेडकर ने यह भी कहा था की देश की आजादी के बाद 10 वर्षों तक आरक्षण लागू करना है। लेकिन आज आजादी के 77 वर्ष पूरे हो गए। स्वर्ण समाज आज कहां है। 45% अंक लाने वाले कुर्सी पर बैठे रहें और 80 प्रतिशत वाले टुकुर टुकुर देख रहे है। यह कैसी सामाजिक विषमता है। पूनम सिंह ने कहा की विभिन्न राजनीतिक दल हमें सिर्फ वोट की राजनीति के रूप में इस्तेमाल कर रहें है और स्वर्ण समाज उनकी छिपी मंशा के चक्रव्यूह में फंसकर तीतर बितर हो जाता है। आज आवश्यकता है हम अपने हक और अधिकार के लिए एकजुटता बनाएं। संचालन मुकेश सिंह जैतेश व धन्यवाद ज्ञापन जमीरा कोठी के पुष्पेंद्र नारायण सिंह व अतिथियों का स्वागत जितेंद्र सिंह ने किया। वक्ताओं में पटना से आए सुमित कुमार सिंह, छात्र नेता आजाद सिंह, डॉ अरविंद राय, अधिवक्ता इंदु भूषण तिवारी व हरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, यशवंत सिंह, डॉ राम जी तिवारी, देव कुमार सिंह, विश्वनाथ सिंह, रूबी राय, बबलू सिंह, पप्पू जी, अरविंद सिंह, आसनारायण सिंह, एंटी करप्शन के मनजीत सिंह आदि ने सम्मेलन के दौरान गठित स्वर्ण आयोग की भूमिका से लेकर स्वर्ण जाति की कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने अपने विचारों को रखा और कई सवाल भी खड़े किए। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से एकजुटता बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने राजू पांडेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह को पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया।

# छात्रों की प्रगति एवं समग्र विकास पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को कक्षा 6 के भैया-बहनों के अभिभावकों के लिए एक अभिभावक गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावक गोष्ठी की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। उपस्थित अतिथियों में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, बजरंगी प्रसाद, अभिभावक गोष्ठी में मनोनीत अध्यक्ष बृजनंदन यादव, उप प्रधानाचार्य सुरेश मेहता उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के कक्षा 6 के कक्षाचार्य किरण, अंजलि, नंदलाल पाठक, अनुराग मिश्रा उपस्थित रहे। अभिभावक गोष्ठी का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, नैतिक विकास तथा उनके सर्वांगीण विकास पर अभिभावकों और शिक्षकों के मध्य प्रभावी संवाद स्थापित करना था। गोष्ठी की शुरुआत विद्यालय की आचार्य अंजलि जायसवाल द्वारा उपस्थित अभिभावकों के स्वागत एवं परिचय से हुई। उन्होंने विद्यालय की कार्यशैली और इस गोष्ठी के महत्व को रेखांकित किया। परिचय के पश्चात, विद्यालय की आचार्य श्रीमती किरण दीदी जी ने गोष्ठी की प्रस्तावना प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने इस आयोजन के उद्देश्य, विषयवस्तु और इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके उपरांत बहन हर्षिका कुमारी द्वारा एक भावनात्मक एकल गीत प्रस्तुत किया गया जिसने उपस्थित अभिभावकों और आचार्यगण को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया और वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुति के बाद अभिभावकों से उनके सुझाव एवं विचार आमंत्रित किए गए। अभिभावकों ने खुले मन से अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, संस्कार और निरंतर संवाद की सराहना की। साथ ही कुछ उपयोगी सुझाव भी दिए, जिन्हें विद्यालय प्रशासन ने गंभीरता से सुना और नोट किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की कार्यप्रणाली, विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों के समावेश तथा अनुशासन के प्रति अपनाए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि 'छात्रों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब अभिभावक और विद्यालय के शिक्षक मिलकर साझा प्रयास करें। विद्यालय के सचिव बजरंगी प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन अर्पित करते हुए कहा, 'शिक्षा जब संस्कृति से जुड़ी रहेगी, वहीं रचनात्मक शिक्षा कहलाएगी।' उनका यह विचार उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और शिक्षकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ। यह आयोजन शिक्षक-अभिभावक सहयोग को प्रगाढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## पूर्व के मामले में फरार चल रहे पिता पुत्र की गिफ्तारी

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने पूर्व के केस में फरार चल रहे पिता पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पूर्व के केस में सेरथुआ गांव निवासी पंजाबी यादव एवं उसका पुत्र पप्पू यादव फरार चल रहा था। जिसके विरुद्ध न्यायालय से एन बी ब्ल्यू निर्गत किया गया था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर सेरथुआ से गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया है।

# मिसेज ग्लोबल बिहार के 11वें सीजन का ग्रैंड फिनाले संपन्न

## मिसेज ग्लोबल बिहार 2025-26 की विजेता बनी डॉक्टर कविता राउत, फर्स्ट रनरअप बनी पंखुड़ी और सेकेंड रनरअप बनी अलका मदेशिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** रंग-बिरंगी जगमग रौशनी के बीच जैसे हीं मॉडल्स ने अपनी प्रस्तुति देनी शुरू की वैसे ही सारा हॉल तालियों की गरगराहट से गूंज उठा। मौका था ब्रांड एनसी एवं नारी नीति फाउंडेशन इंडिया द्वारा पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित होटल द औरम में आयोजित मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन - 11 के ग्रैंड फिनाले का। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू सहित गेस्ट ऑफ ऑनर शशांक शेखर, श्रीपति त्रिपाठी, नीतू नवगीत, कुमार अरुणोदय, मृत्युंजय सिंह, सुषमा साहू फैशन डिजाइनर सह शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम की शुरुआत फिनाले के लिए चयनित मिसेज श्रेणी के 10 प्रतिभागिओं द्वारा पहले राउंड यानी एथनिक राउंड से हुई जिसमें सभी प्रतिभागियों ने भारतीय परिधान में अपना जलवा बिखेरा। इस राउंड के साथ ही प्रतिभागियों ने अपना इंट्रो दिया। इसके बाद कैजुअल राउंड में थीम शक्ति के तहत प्रतिभागियों ने नारी शक्ति रूप का प्रदर्शन किया तथा दूसरे राउंड सीक्वेंस के बाद मॉडल्स द्वारा टैलेंट राउंड दिया गया। इसके पश्चात गाउन राउंड का आयोजन हुआ जिसमें सभी प्रतिभागियोंने बहुत ही खूबसूरती से अपने-अपने परिधानों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। इस तीसरे राउंड के पश्चात सभी प्रतिभागियों से उपस्थित निर्णायकों द्वारा सवाल-जवाब किया गया जिसका प्रतिभागियों ने बड़े ही आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। पटना की मेयर सीता साहू ने इस बेहतरीन आयोजन के लिए संस्था को अपनी शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित देश के जाने-माने फैशन डिजाइनर व इस शो के डायरेक्टर नीतीश चंद्रा ने बताया कि इस सीजन के लिए देश के विभिन्न प्रांतों में रहने वाली 275 से अधिक बिहारी महिलाओं ने मिसेज केटेगरी के लिए अपना ऑनलाइन ऑडिशन दिया था जिसमें से 10 बेहतरीन प्रतिभागियों का चयन फिनाले के लिए किया गया था। बिहार, यूपी, झारखंड, कर्नाटक, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता आदि शहरों से शामिल हुई ये सभी महिलाएं अलग-अलग पेशे से आती है जिनमें हाउस वाइफ, बैंकर, डॉक्टर, मॉडल शामिल हैं। वहीं नारी नीति फाउंडेशन इंडिया की प्रबंध निदेशिका शारदा नितीश चंद्रा ने बताया कि इस शो का उद्देश्य महिला ससक्तिकरण को बढ़ावा देना हैं। जिस तरह हमने अब तक इस शो का सफल संचालन किया है वैसे ही आगे भी करते रहेंगे ताकि समाज कि हर वर्ग कि महिलाएं आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम में अतिथिओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागिओं को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माया शंकर, दिव्या सिंह, पूजा शर्मा, डॉ. बिन्दा सिंह, ज्योति रानी, मधुबाला, शिल्पा सिंह, समीर परिमल, संजीत मिश्रा, डॉ. मुक्ता, धृति, लक्ष्मी सिंह, रंजू, स्वाति कौशल, भानु नारायण, के साथ ही शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# पूर्णाहुति व भंडारा के साथ साप्ताहिक यज्ञ का समापन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गड़हनी/भोजपुर।** आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर सिम्बोसिस स्कूल सेमरांव के पास हो रहे साप्ताहिक हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ का रविवार को पूर्णाहुति व विशाल भंडारा के साथ यज्ञ संपन्न हो गया। पूर्णाहुति को ले आज सैकड़ों महिला व पुरुष भक्तों ने सुबह जुटकर भजन व पूजा पाठ किया उसके बाद भंडारा शुरू हुआ। यज्ञ के अंतिम दिन प्रखंड के कई गांवो से आये हजारों ग्रामीण जनता, साधु संतों व राहगीरों ने भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही यज्ञ समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। बता दे की यज्ञ 7 अप्रैल से श्री श्री 1008 भागवतानंद जी महाराज के सानिध्य में हो रहा था। यज्ञ में प्रतिदिन अयोध्या से आए संतो के द्वारा प्रवचन व कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन भी किया जा रहा था। बीती रात रात भर भजन कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिले से आये चंदन यादव, बलिया से रितु राय, दीपक कुमार मिश्रा सहित कई कलाकारों के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। वही बिहार के मशहूर ऐंकर रविरंजन राय ने अपनी सुरीली आवाज से लोगो को खूब झुमाया व तालियां बटोरी। वही यज्ञ के संयोजक राजद नेता श्रीनिवास यादव ने सफलता पूर्ण यज्ञ करने के लिये सभी कमिटी के सदस्यों व ग्रामीणों को धन्यवाद भी दिया। कहा कि आज कई वर्षों से अर्धनिर्मित अवस्था मे बजरंगबली का मंदिर पड़ा था लेकिन मैं ठान लिया कि मंदिर का नवनिर्माण जल्द करवाऊंगा। ग्रामीणों के सहयोग से पूरा भी हो गया। साथ ही कहा कि कोई काम करने को ले आप आगे आइये उसके बाद काम अपने आप हो जाता है। अयोध्या, बनारस, बक्सर सहित कई जगहों से साधु संत आए हुए थे। उनकी रहने ठहरने का समुचित व्यवस्था कमिटी की तरफ से किया गया था। प्रसाद खिलाने के बाद सभी साधु संतो को कमिटी के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर विदाई दी गई।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बिहार में 7वां एक्सक्लूसिव शो रूम किया लॉन्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सीवान।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बिहार के सिवान स्थित बड़हरिया रोड में अपना 7वां एक्सक्लूसिव शोरूम भव्य उद्घाटन के साथ लॉन्च किया। यह किसना का भारत में 72वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। इस शुभ अवसर पर घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, हरी कृष्णा ग्रुप, ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शोरूम के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किसना द्वारा डायमंड ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर 50 से 100 प्रतिशत तक की छूट और गोल्ड ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, हरी कृष्णा ग्रुप, ने कहा सीवान के बड़हरिया रोड में नए शोरूम का उद्घाटन हमारे लिए गर्व और खुशी का क्षण है। यह शोरूम हमारे ग्राहकों को बेहतरीन ज्वेलरी शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हमारा लक्ष्य, 'हर घर किसना,' के माध्यम से भारत का सबसे तेजी से बढ़ता ज्वेलरी ब्रांड बनना है और हर महिला का डायमंड ज्वेलरी पहनने का सपना साकार करना है।ङ्क पराग शाह, डायरेक्टर, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी, ने कहा ञ्चशादी और उपहार देने का सीज़न हमारे ग्राहकों के लिए विशेष महत्व रखता है। सीवान में हमारे नए शोरूम के लॉन्च के साथ, हम ऐसी ज्वेलरी प्रदान करना चाहते हैं जो उनकी भावनाओं को दर्शाए और उनके खास पलों को और भी यादगार बनाए। डॉ. इंद्र मोहन कुमार, फ्रेंचाइज़ पार्टनर, किसना, ने कहा ञ्चकिसना के साथ साझेदारी करना हमारे लिए एक शानदार अनुभव रहा है। अपनी गुणवत्ता, भरोसे और कारीगरी की विरासत के साथ, यह ब्रांड डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी को एक व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचा रहा है। हमें खुशी है कि हम सिवान के लोगों के लिए इस असाधारण खरीदारी अनुभव को लेकर आए हैं, खासकर इस उत्सव और खुशी के मौसम में। समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, किसना ने लॉन्च इवेंट के हिस्से के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन किया और जरूरतमंदों के लिए भोजन वितरण अभियान भी आयोजित किया।

## एक नजर

### मुखिया आवास पर चैता गायन कार्यक्रम का आयोजन

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर प्रखंड स्थित बरनाव पंचायत के मुखिया आवास पर में चैता का दुगोला कार्यक्रम आयोजित हुआ। दो टीम के बीच में ज़ोरदार चैता का आयोजन प्रोग्राम किया गया। चैता का आयोजन कर्ता मुकेश कुमार पॉल ने किया। प्रखंड के दर्जनभर से अधिक गांव के लोग इन दोनों कलाकारों को सुनने के लिए इकट्ठा हुए और कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया। जसमें दूर दूर से ग्रामीण क्षेत्र के गायक और कलाकारों ने भाग लिया। आयोजन समिति की ओर से सभी कलाकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें गायकों ने परंपरागत चैता गीत गा कर सबको झुमने पर मजबुर कर दिया। वहीं रात भर श्रोताओं ने चैता गायन का आनंद लिया। मुखिया मुकेश कुमार पॉल ने कहा कि हिन्दू मान्यताओं के मुताबिक चैत माह को वर्ष का पहला महीना माना गया है। उन्होंने कहा कि चैता का शुरूआत ञ्जआज चईत हम गाईब हो रामाआ, एसी डहीना। व बाद में महुआ बीनन हम ना जाईब हो रामा देवरा के संग में, जैसे परांपरागत चैता गायन गांव व क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा गा कर सभी श्रोताओं को सराबोर कर दिया व झुमने पर मजबुर कर दिया। होली पर्व समाप्त होते ही चैत मास शुरू हो जाता है। मौके पर मौजूद रहे ब्यास दीनानाथ सिंह, दशरथ सिंह, लालबाबू बैठा ढोलक पर महाराज पंडित, दुर्गा राम, डबल सिंह, कुटुर सिंह मुना पंडित, बिहारी पंडित, बैजू पर सुरेंदर राम झाल पर उमेश सिंह गिरजा कहार, मुनि यादव, बिगन साह,हरि कहार, दुखित यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### युवा नेता ने महारैली में दिखाया दम

**गड़हनी/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समतामूलक संग्राम दल का 12 अप्रैल को पटना मिलर हाई स्कूल मैदान में भूमि अधिकार महारैली का आयोजन किया गया। महारैली में गड़हनी प्रखण्ड के बगवां निवासी युवा नेता बिजय मेहरा सह समतामूलक संग्राम दल का प्रदेश उपाध्यक्ष ने सरकार के खिलाफ खूब गरजे। कहा कि 75 वर्ष बाद भी देश व बिहार के सभी गरीबो को रहने का घर नही है और सरकार अमृत महोत्सव मनाकर अपना ढिंढोरा पीट रही है। वही संबोधित करते हुए गरीबो से कहा कि जो जमीन सरकारी है ओ हमारी है। आज आजादी के 75 वर्ष बाद भी लोग झोपड़ी में रहने को मजबूर है। देश में अमृत काल चल रहा रहा है। लेकिन गरीब, भूमिहीन लोग पांच डिसमिल जमीन के लिए तरस रहे हैं। जबकि संविधान में ये कानून बनाया गया है। अमीर और गरीब के बीच विकास के अंतर को उल्लेख करते हुए कहा कि जब तक बिहार में मनोज भारती को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा। तब तक गरीबों का उत्थान नहीं होगा। मनोज भारती ने कहा कि इस रैली में बिहार के सभी जिलों से अपने पैसे खर्च कर के लाखों लोगों शामिल हुए जो एक इतिहास रच दिया है। वही दूसरी पार्टियां लाखो रुपये खर्च करती है तो एक गांधी मैदान नही भर पता है।

### प्रतियोगिता का आयोजन

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर नगर स्थित दयाराम सरोवर के समीप रविवार को बलोपासना दिवस पर बजरंग दल द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 1000 व 500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लड़कों के ग्रुप में रविशंकर कुमार ने प्रथम, विशाल कुमार ने द्वितीय व नीरज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के ग्रुप में पुनीता कुमारी ने प्रथम, चंदा कुमारी ने द्वितीय व दुर्गा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ग्रुप के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को कप, मेडल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में शीर्ष पांच में रहे गुड्डू कुमार, विशाल कुमार, बिट्टू कुमार, नीतीश कुमार, दशरथ कुमार, काजल कुमारी, सिमरन कुमारी, आकांक्षा कुमारी, शिवानी कुमारी व स्वाति कुमारी को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल के नगर संयोजक रवि गुप्ता ने किया। नगर संयोजक रवि गुप्ता व बजरंग दल के विभाग संयोजक मोनू निराला ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा समाज व जनहित में कार्य करता है। इसी उद्देश्य को लेकर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर मंत्री मोहित राज, प्रखंड मंत्री राकेश यादव, श्री रामनवमी समिति के अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, नगर सह संयोजक राजू सोनी, सुरक्षा प्रमुख राजू गुप्ता, विद्यार्थी प्रमुख सुनील कुमार, प्रचार प्रमुख सनातनी पवन, विशाल सिंह, गौतम कुमार, गौरव कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ राजा, अनिल कुमार, विवेक कुमार व दीपक गुप्ता अरुण कुमार मौजूद थे।

### ईश्वर को करें याद : पद्मनाभ स्वामी

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरा सदर प्रखंड के पिरौटा गांव में श्री पद्मनाभ स्वामी के सान्निध्य में चल रहे सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के भव्य भंडारे के साथ रविवार को संपन्न हो गया। अखिलेश बाबा ने बताया कि पूर्णाहुति के दिन पुरे पंचायत सहित आसपास के कई गांव के श्रद्धालुओं ने आकर यज्ञ मंडप का परिक्रमा कर प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। काफी संख्या में कार्यकर्ता यज्ञ को सफल बनाने में लग रहे। डॉ सुनील कुमार सोनी, सतीश ओझा, धर्मेंद्र यादव, ताजुद्दीन अंसारी, गणेश यादव, कृष्ण यादव, सरोज यादव, हलचल यादव, सहित काफी संख्या में लोग सेवा भाव में लगे रहे। पद्मनाभ स्वामी जी महाराज ने कहा कि इस यज्ञ में पूरे गांव के सभी लोगों का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा। सभी लोगों पर ईश्वर की कृपा बनी रहे। यही मेरा आशीर्वाद रहेगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य को ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए। चाहे खेत हो, खलिहान हो या ऑफिस में हो। ईश्वर को कहीं से भी याद किया जा सकता है। सामर्थ अनुसार दान पुण्य करना चाहिए। किसी भी गरीब की सेवा करनी चाहिए। परोपकार जैसा कोई धर्म नहीं है। किसी भी बेसहारा का सहारा बनना चाहिए। इससे लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है। मानव जीवन धन्य हो जाता है।

### विचार गोष्ठी का आयोजन

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर आरा चंदवा स्थित सामुदायिक भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता व संचालन भोजपुरिया जन मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राष्ट्रीय संगठन प्रभारी गोरखनाथ अकेला ने किया। उद्घाटन भोजपुरिया जन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चतुर्भुज प्रसाद गुप्ता थे। भरत सिंह सहयोगी ने कहा कि अंबेडकर जी के 134 वीं जयंती के पूर्व संध्या पर हम लोग देश के सभी वोटरों को आह्वान करते हैं कि एक हो जाइए।

# 11 साल से फरार हार्डकोर नक्सली मुकेश यादव गिरफ्तार, बिहार पुलिस को बड़ी कामयाबी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार पुलिस ने नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 साल से फरार हार्डकोर नक्सली मुकेश यादव उर्फ सूर्यदेव यादव को गिरफ्तार किया है। औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कासमा थाना क्षेत्र के खैरा मनोरथ गांव से गुप्त सूचना के आधार पर विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उसे धर दबोचा। मुकेश की गिरफ्तारी से नक्सली संगठन के कई अहम राज खुलने की संभावना जताई जा रही है। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि वर्ष 2014 में सलैया थाना क्षेत्र के चाल्हो जोन में माओवादियों के खिलाफ चलाए गए सर्च ऑपरेशन में पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की थी। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी (संख्या 10/14) में 40 से अधिक नक्सलियों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें मुकेश यादव भी शामिल था। तभी से वह फरार चल रहा था।

**लेवी वसूली और ट्रेनिंग में था माहिर**

पुलिस के अनुसार, मुकेश यादव नक्सली संगठन का कुख्यात सदस्य था। वह ठेकेदारों, ईंट-भट्ठा संचालकों और कारोबारियों से लेवी वसूलने, नए लोगों को संगठन से जोड़ने, खुफिया जानकारी जुटाने और नक्सलियों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग देने में माहिर था। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की बैठकें आयोजित करता था और उन्हें नक्सली संगठन से जुड़ने के लिए उकसाता था। उसने कई नक्सली गतिविधियों में अपनी संलिप्तता भी स्वीकार की है।

**आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस**

पुलिस अब मुकेश के आपराधिक रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है। पूछताछ के दौरान मिले खुफिया इनपुट के आधार पर आने वाले दिनों में कई स्थानों पर छापेमारी की योजना बनाई गई है। इस कार्रवाई में कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम, सलैया थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा, एसटीएफ और जिला पुलिस के जवान शामिल थे।

मुकेश की गिरफ्तारी को नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से नक्सली संगठन की कमर टूटेगी और क्षेत्र में शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी।

## किशोरी की तलाश में जुटी पुलिस

**कोंच।** थाना क्षेत्र के सिमरा पंचायत के एक गांव से एक किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी के परिजनों ने पुलिस से किशोरी को ढूंढने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि कांड संख्या 230/25 दर्ज कर किशोरी की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं।

# पालीगंज में दर्दनाक हादसे : करंट और अज्ञात वाहन की टक्कर में दो की मौत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज में रविवार को दो अलग-अलग हादसों ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। पहली घटना में बिजली के करंट की चपेट में आने से एक युवक की, तो दूसरी में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवती की जान चली गई। दोनों ही घटनाओं ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी।

**करंट से युवक की दर्दनाक मौत**

खिरिमोड़ थाना क्षेत्र के जीवन बिगहा गांव में शनिवार की तेज आंधी के कारण बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। रविवार की सुबह 30 वर्षीय हरेंद्र कुमार, पुत्र रामशीष यादव, उस रास्ते से गुजर रहे थे। सुरेश यादव के दालान के पास पहुंचते ही वह गिरे तार की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। खिरिमोड़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल भेजा।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से युवती की जान गई**

दूसरी ओर, पाली-पटना मुख्य पथ पर धरहरा मोड़ के पास महिंद्रा शो रूम के सामने एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 20 वर्षीय सोनी कुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सोनी, पटना जिले के भगवानगंज थाना क्षेत्र के खैनिया चक निवासी रामअवध प्रसाद की पुत्री और जयंत कुमार की पत्नी थी। सूचना पर पहुंची पालीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

क्षेत्र में शोक की लहर

इन हादसों ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। बिजली विभाग की लापरवाही और सड़क पर लापरवाह ड्राइविंग ने एक बार फिर सवाल खड़े किए हैं।

# पेड़ से दबकर युवक की मौत तीन दिन बाद मिला शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के घोषी थाना क्षेत्र के मंडई गांव में बीते बृहस्पतिवार को आई आंधी-तूफान ने एक परिवार की खुशियां छीन ली। तीन दिन से लापता 28 वर्षीय नीतीश कुमार का शव ताड़ के पेड़ के नीचे दबा हुआ मिला, जिससे गांव में सनसनी और शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के चाचा योगेश्वर यादव ने बताया कि बृहस्पतिवार को आंधी-तूफान के बाद नीतीश घर नहीं लौटे। परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार को गांव वालों को ताड़ के पेड़ के नीचे कुछ दबे होने पर शक हुआ। पेड़ की पत्तियों को हटाने पर नीतीश का शव दिखाई दिया। शव मिलने की खबर फैलते ही घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई और परिजनों में



कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल घोषी थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आंधी-तूफान के दौरान पेड़ गिरने से हादसे का प्रतीत होता है। मामले की जांच जारी है। इस घटना ने गांव में शोक और भय का माहौल पैदा कर दिया है।

# फुटपाथी दुकानदारों का गुस्सा फूटा, जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी का पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद में फुटपाथी दुकानदारों ने अवैध वसूली और जिला परिषद की निष्क्रियता के खिलाफ शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया के बैनर तले फुटपाथी दुकानदार संघ ने जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा के नेतृत्व में काको मोड़ स्थित उठा-सब्जी मंडी में जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का पुतला दहन कर विरोध जताया।




प्रदर्शन में जिले की पांच प्रमुख मार्केट कमेटियों के अध्यक्ष और कार्यकारी सदस्य शामिल हुए। दुकानदारों ने मनमानी चुंगी वसूली, ठेकेदारों की दबंगई और बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर गुस्सा जाहिर किया। संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने आरोप लगाया कि फुटपाथी दुकानदारों से 40 से 50 की अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा, ठेकेदार और जिला परिषद के कर्मचारी मिलकर गुंडागर्दी के बल पर जबरन पैसा वसूल रहे हैं। विरोध करने पर गाली-गलौज और धमकी दी जाती है। मीट-मुर्गा-मछली मंडी के अध्यक्ष राजेश पंडित ने बताया कि अवैध वसूली का विरोध करने पर उन्हें दुकान में आग लगाने और उजाड़ने की धमकी मिली। उठा-सब्जी मंडी के दुकानदारों ने शिकायत की कि उनके क्षेत्र में न पेयजल है, न शौचालय, न ही धूप-बरसात से बचने की व्यवस्था, फिर भी ठेकेदार मनमानी वसूली कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार खुलेआम कहते हैं, जहां जाना है जाओ, सांसद-विधायक को बुलाओ, हमें कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इससे जाहिर होता है कि ठेके में मिलीभगत और मनमानी हो रही है।

फुटपाथी दुकानदार संघ ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में दुकानदारों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# पौधारोपण से जैव विविधता को बढ़ावा, पर्यावरण संरक्षण में योगदान: मोहन प्रसाद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** शकूराबाद थाना परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, जहानाबाद द्वारा 202वें साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष न केवल शुद्ध हवा प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन, भूमिगत जलस्तर में वृद्धि और मृदा कटाव को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने वृक्षों को जैव विविधता का आधार बताते हुए कहा कि ये वन्य जीवों के लिए प्राकृतिक आश्रय स्थल हैं और पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करते हैं। थानाध्यक्ष ने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम पांच पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के निःशुल्क वृक्षारोपण अभियान को प्रशंसनीय और अनुकरणीय बताते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पुण्य कार्य है। मोहन प्रसाद सिंह ने युवा प्रकोष्ठ की पूरी टीम को बधाई दी और उनके पर्यावरण संरक्षण के संकल्प की सराहना की। उन्होंने थाना परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त करते हुए युवाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में थाना कर्मी दीपक कुमार, ललित कुमार, धीरेंद्र सिंह, शंभूनाथ सिंह, ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के संचालक सुधीर कुमार, पत्रकार रणविजय कुमार, नारायण कुमार, शेखर कुमार, गायत्री परिवार के श्यामनारायण कुमार, रंगेश कुमार, बचन देव कुमार, कौशल कुमार, विनोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, शंकर कुमार, शिशुपाल कुमार, प्रवीण कुमार, सुमंत कुमार, कुमार श्रीकांत सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।




वृक्षारोपण के साथ संकल्प शकूराबाद थाना परिसर में गायत्री परिवार और थाना कर्मियों ने मिलकर पौधरोपण किया, जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामूहिक प्रयास का प्रतीक बना।

# ईस्ट चम्पारण लायंस क्लब ने आयोजित किया मेगा स्वास्थ्य शिविर, 300 मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** ईस्ट चम्पारण लायंस क्लब ने सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक और कदम बढ़ाते हुए रविवार को मधुबनी घाट के निकट पोस्ट ऑफिस के पास मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में करीब 300 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। क्लब के अध्यक्ष लायन चंदन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का प्रबंधन क्लब के सदस्य लायन डॉ. सुजीत सिंह और उनके पिता डॉ. मिथिलेश सिंह के सौजन्य से किया गया। शिविर में कई प्रख्यात चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें डॉ. परवेज हॉस्पिटल के निदेशक लायन डॉ. परवेज अजीज, प्रसिद्ध दंत चिकित्सक लायन डॉ. सुरेश चंद्र, शिशु रोग विशेषज्ञ लायन डॉ. सुमित कुमार, नेत्र विशेषज्ञ लायन डॉ. नारायण की टीम के वरिष्ठ सदस्य लायन के.पी. श्रीवास्तव, दंत चिकित्सक लायन डॉ. प्रीतम कुमार और फिजियोथेरेपिस्ट लायन डॉ. आमिर नेहाल शामिल थे। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल आदि की निःशुल्क जांच विभा डायग्नोस्टिक सेंटर और पाथ काइंड लैब के डॉ. प्रीतम राज के सहयोग से की गई। ईसीजी और ब्लड शुगर जांच डॉ. परवेज हॉस्पिटल के सौजन्य से हुई। सभी 300 मरीजों को मैक्सकोच बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक लायन ई. सतीश गुप्ता के सहयोग से निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। क्लब अध्यक्ष लायन चंदन कुमार ने सभी




चिकित्सकों, आयोजनकर्ताओं और मैक्सकोच बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड को धन्यवाद दिया। उन्होंने शिविर की शांतिपूर्ण सफलता के लिए सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। क्लब के सचिव लायन पवन पुनीत चौधरी ने कहा कि क्लब भविष्य में भी इस तरह के मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर क्लब के लायन अमित सेन, लायन सतीश गुप्ता, जोनल चेयरमैन लायन सुजीत कुमार सिंह, प्रथम उपाध्यक्ष लायन अशोक जैसवाल, लायन के.पी. श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव लायन मनीष माधवन, लायन सोनल सरस्वती, लायन आदित्य सिंह, लायन मनीष झा, लायन अनिल वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की आज इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी है। मृतक कैदी मधुबन थाना क्षेत्र निवासी राजेन्द्र भगत बताया गया है। उक्त जानकारी जेल अधीक्षक विजय कुमार अरोड़ा ने दी है। उन्होंने बताया कि मधुबन थाना कांड सं0-70/93 हत्या केस में 24 मार्च 2025 को मृतक राजेन्द्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी। तत्पश्चात उसे सेंट्रल जेल लाया गया जहां जेल चिकित्सा पदाधिकारी के अनुसंशा पर उसे जेल गेट से ही प्राण रक्षनार्थ सदर अस्पताल भेज दिया गया। तब से यानि 24 मार्च 2025 से ही वह सदर अस्पताल में इलाजरत था जहां आज उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर नगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस बावत नगर थाना में युडी केस दर्ज कर लिया गया है।

# जहानाबाद में महापरिवर्तन आंदोलन को मिला आधी आबादी का समर्थन, महिला प्रकोष्ठ का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद में महापरिवर्तन आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए रविवार को जिला मुख्यालय के एक निजी विद्यालय में महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान महापरिवर्तन जिला महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया, जिसकी संयोजक की जिम्मेदारी डॉ. अंकिता गौतम को सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता श्रीदा डेंटल केयर की संचालिका डॉ. अंकिता गौतम ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. गौतम ने कहा, जैसे बच्चों की पहली पाठशाला घर होती है, वैसे ही अच्छे कार्यों की शुरुआत भी घर से होनी चाहिए। यदि हम महिलाएं पुरुषों को पॉलीथिन का उपयोग छोड़ने और घर-गली को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करें, तो धीरे-धीरे पूरा परिवेश स्वच्छ हो जाएगा।ङ्क कार्यक्रम का संचालन कर रही शिक्षिका डिम्पी कुमारी ने जोर देकर कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं को अब आगे आना होगा। उन्होंने कहा, ञ्जजिला जब उन्नत और विकसित होगा, तो इसका सकारात्मक प्रभाव समाज और परिवार पर भी दिखेगा। इसके लिए सबसे पहले जिला को गंदगी मुक्त करना जरूरी है, ताकि हमारा परिवार और बच्चे बीमारी से बचे रहें। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जिला अग्निशमन विभाग और होमगार्ड की समादेष्टा प्रभा कुमारी ने महिलाओं को अग्निशमन विभाग के हेल्पलाइन नंबर 101 और आपातकालीन नंबर 112 की जानकारी दी। उन्होंने कहा, ञ्जमहिलाओं को किसी भी परेशानी में इन नंबरों का उपयोग करना चाहिए, पुलिस हमेशा आपकी मदद के लिए तत्पर है।

# मेहसी में 17वें लीचीपुरम उत्सव का भव्य शुभारंभ, सांस्कृतिक रंगों में रंगी सीता की धरती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार के प्रमुख लीची उत्पादक क्षेत्र मेहसी में तिरहुत उच्च विद्यालय के ऐतिहासिक प्रांगण में तीन दिवसीय 17वें लीचीपुरम उत्सव-2025 का शुभारंभ 12 अप्रैल, शनिवार को रात 8 बजे भव्यता के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में मेहसी थाना अध्यक्ष सानू गौरव, मुखिया संघ अध्यक्ष राकेश पाण्डेय और लीचीपुरम उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष सानू गौरव ने मेहसीवासियों की सांस्कृतिक चेतना और आपसी सौहार्द की सराहना की। उन्होंने कहा, मेहसी की पहचान उसकी लीची से है। यह क्षेत्र न केवल राज्य, बल्कि देश और विदेश में अपनी पहचान बना सकता है। लीची उद्योग यहां की रीढ़ है और यह उत्सव इसे नई ऊर्जा प्रदान करता है। उत्सव के पहले दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। स्थानीय और बाहरी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यहां जन्म ली सीता मैया जैसी भावनात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर किया, वहीं अनुष्का गुप्ता की बेड़ियों को चुप्पियों को तोड़ कर




चली हूं गीत ने प्रेरणा बिखेरी और तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। प्रसिद्ध गायक रामचंद्र प्रजापति ने लीची आधारित गीतों और भजनों की प्रस्तुति से आध्यात्मिक माहौल बनाया। राम तेरी गंगा मैली के राधा-मीरा भाव गीतों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

**बाल कलाकारों ने जीता दिल**

राजकीय मध्य विद्यालय घड़ियारी चक के बच्चों ने सामाजिक संदेश देता नाटक प्रस्तुत किया। नागरिक नाटक मंच चौक बाजार, मेहसी सेंट्रल स्कूल और स्मार्ट एजुकेशनल पॉइंट के छात्र-छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन किया। गायक मुख्तार आलम, सोनाक्षी और माही मेहता की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच संचालन गुड्डू कुमार ने प्रभावशाली ढंग से किया।

**2008 से चली आ रही परंपरा**

लीचीपुरम उत्सव की शुरुआत 2008 में हुई थी, जिसकी आधारशिला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रखी थी। इसके बाद उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी सहित कई राज्यस्तरीय नेता इस आयोजन का हिस्सा बने। अब यह उत्सव बिहार के पांच प्रमुख वार्षिक आयोजनों में शुमार है, जो किसानों, लीची उत्पादकों, कलाकारों और संस्कृति प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

# जल यात्रा के साथ तीन दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ आरंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**संग्रामपुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी बरियरिया पंचायत अंतर्गत मिश्रा ग्राम वार्ड नंबर छह में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा विभिन्न गांव का भ्रमण करते हुए बाजे गाजे के साथ पुछरिया स्थित गंडक नदी (नारायणी नदी) के किनारे पहुंची जहां यज्ञाचार्य आचार्य मुकुल मनोहर पाण्डेय के नेतृत्व में सहायक हृदयानंद शुक्ला, शिवम कुमार तिवारी, शुभम कुमार चौबे, अखिलेश मिश्रा के वैदिक मंत्रोचार के बीच जलमातृका, स्थल मातृका, व गंगा पूजन के बाद पवित्र जल भरा गया। इससे पहले यज्ञ के यजमान



मदन मिश्रा व अन्य को दशविध स्नान कराया गया। पवित्र जल लेकर पुनः विभिन्न रास्तों से यज्ञ मंडप तक जल लाया गया जहां जल में विभिन्न औषधि को हनुमान जी के स्नान के लिए रखा जाएगा। जानकारी देते हुए आचार्य श्री पाण्डेय ने बताया कि यज्ञ के प्रथम दिन जलयात्रा के उपरांत पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व अग्नि स्थापन किया जाएगा। समिति के सदस्य पूर्व मुखिया श्याम नारायण मिश्रा ने बताया कि यज्ञ में भंडारे की भी व्यवस्था की गई है।यज्ञ को सफल बनाने में सुबोध कुमार मिश्रा, संजय कुमार मिश्रा, काली मिश्रा, लक्ष्मण ठाकुर, राजू ठाकुर, रामसकल प्रसाद, गणेश साह, धीरेन्द्र द्विवेदी, तपेश मिश्रा, महेन्द्र ठाकुर सहित सभी ग्रामीण जी जान से जुटे हुए हैं।

# बीरगंज, नेपाल में हिंसा के बाद कर्फ्यू की अवधि रात 12 बजे तक बढ़ी






**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** नेपाल के बीरगंज में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकली शोभा यात्रा के दौरान पथराव की घटना के बाद भड़की हिंसा और उपद्रव को नियंत्रित करने के लिए लगाए गए कर्फ्यू की समय सीमा को स्थानीय प्रशासन ने रविवार रात 12 बजे तक बढ़ा दिया है। परसा जिला के जिलाधिकारी गणेश अर्याल और पुलिस अधीक्षक गौतम मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पूरे शहर में कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए मोर्चा संभाला। पुलिस ने अब तक दर्जनों उपद्रवियों को दंगा फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दंगाइयों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और वीडियोग्राफी का सहारा लिया जा रहा है। इस घटना के बाद रक्सौल में भी प्रशासन सतर्क हो गया है। भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की तैनाती बढ़ा दी गई है और स्थानीय पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## एक नजर

# अनोखी शादी: चोरी-छिपे मिलने पर ग्रामीणों ने मंदिर में कराया विवाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के शकूराबाद थाना क्षेत्र के सावन बिगहा गांव में एक प्रेम कहानी का सुखद और अनोखा अंत देखने को मिला। अकबरपुर गांव का एक युवक अपनी प्रेमिका से चोरी-छिपे मिलने सावन बिगहा पहुंचा, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद प्रेमिका के परिजनों ने त्वरित निर्णय लेते हुए युवक के परिवार से संपर्क किया और गांव के मंदिर में दोनों का विवाह करवा दिया। घटना की खबर फैलते ही गांव में तमाशबीनों की भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है कि युवक और युवती के बीच लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था और वे अक्सर गुप्त रूप से मिलते थे। रविवार को जब युवक प्रेमिका से मिलने पहुंचा, तो ग्रामीणों ने दोनों को एक साथ देख लिया। ग्रामीणों ने पहले दोनों से बात की और जब दोनों ने शादी के लिए सहमति जताई, तो गांव के मंदिर में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। हालांकि, खरमास और शुभ मुहूर्त न होने के बावजूद यह शादी सामाजिक सहमति से संपन्न हुई। विवाह समारोह में दोनों परिवारों के परिजन और दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। गांव वालों का कहना है कि दोनों एक-दूसरे से सच्चा प्यार करते थे, इसलिए बिना किसी विवाद के उनकी शादी करवाना उचित समझा गया। इस फैसले को सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। ग्रामीणों की इस पहल ने प्रेम कहानी को विवाह के खूबसूरत बंधन में बदलकर एक मिसाल कायम की।

# सीमा जागरण मंच और एनएमओ ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) और सीमा जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आदापुर प्रखंड के दो स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सहदेवा महादेवा पोखरा के पास आयोजित शिविर का नेतृत्व सीमा जागरण मंच के विभाग संयोजक सुरेश कुमार गुप्ता ने किया। शिविर में एनएमओ (बिहार-झारखंड) के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. प्रशांत झा (जनरल फिजिशियन), डॉ. विकास कुमार, डॉ. प्रिंस कुमार, डॉ. ज्योति कुमारी और डॉ. प्रियांशु कुमार, सभी एनएमसीएच पटना, ने करीब 200 मरीजों की मुफ्त जांच की और दवाइयां वितरित कीं। शिविर को सफल बनाने में तेतर संतोष विश्व, प्रो. चैतन्य कुमार, सीमा जागरण मंच के नगर मंत्री निशु कुमार, सुनील कुमार, खेखरिया वार्ड नंबर 11 के पार्षद प्रकाश कुमार और नंदलाल यादव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी तरह, आदापुर प्रखंड के ग्राम वारवा में भी तेतर संतोष विश्व की अध्यक्षता में एक अन्य निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें प्रो. चैतन्य कुमार के विशेष सहयोग से एनएमओ की डॉक्टरों की टीम ने लगभग 150 मरीजों का इलाज किया और दवाइयां वितरित कीं। यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने और जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुई।

# बर्फ फैक्ट्री में धमाका, युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिला के सुगौली थाना क्षेत्र के जनता चौक के पास बर्फ फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ है। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पूर्व मुखिया के बेटे पवन सहनी उर्फ मिंटू के रूप में हुई है। मृतक अपनी बर्फ फैक्ट्री में काम कर रहा था। अचानक तेज धमाके के साथ गैस ब्लास्ट हुआ। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। युवक की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को बाहर निकाला। घटनास्थल की बारीकी से जांच की। परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की गई। पुलिस ने बताया कि घटना की वजह जानने के लिए एफएसएल टीम को बुलाने की तैयारी की जा रही है।

# सघन वाहन जांच में 46 हजार वसूला गया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चकिया(पूर्वी चम्पारण)।** शहर के सुभाष चौक पर रविवार को डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान वहां से गुजरने वाले वाहनों को रोककर चालकों से वाहन से संबंधित कागजात इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण तथा हैलमेट आदि की जांच की गई। उपयुक्त कागजात आदि साथ नही रहने व कमी पाये जाने वाले वाहन चालकों को जुर्माना भरना पड़ा। वाहन जांच में 46 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। इस जांच अभियान से बाइक सहित अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है ।आम दिनो की तरह सडकों पर वाहनों का परिचालन कम देखा गया। वहीं कुछ वाहन चालक मार्ग बदल कर अपने गन्तव्य की ओर जाते देखे गये। इस जांच अभियान में इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार अपर थाना अध्यक्ष गौरव कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# बिहार में पुनः एनडीए की बनेगी सरकार : डॉ. दीपक कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा, चिकित्सा प्रकोष्ठ बिहार के अध्यक्ष डॉ.दीपक कुमार ने सभी प्रखंड में बीस सूत्री समिति के गठन पर नवनियुक्त सभी सदस्यों क़ो बधाई देते हुए कहा कि इस साल बिहार विधानसभा चुनाव में पुनः एनडीए का सरकार बनेगा, बिहार की जनता केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के कार्यों से संतुष्ट है, देश और राज्य विकास कर रहा है। राज्य में एन डी ए गठबंधन अटूट है, सभी को उचित भागीदारी मिलेगी। डॉ.दीपक ने आगे कहा की राजद पिछले चुनाव के मुकाबले अभी और कमजोर हुआ है, जनता जंगलराज के नाम से डर जाते है। डॉ.कुमार ने जन सुराज द्वारा पटना में आयोजित रैली क़ो सुपर फ्लॉफ बताया एवं कहा कि बिहार में आमने सामने की लड़ाई होगी यहां कोई किसी का तीसरा कोण नहीं बनने वाला है। डॉ.दीपक कुमार ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का सराहना करते हुए कहा कि उपेंद्र कुशवाहा द्वारा पटना के नाम क़ो पाटलिपुत्र करने कि मांग क़ो उचित बताया। डॉ.कुमार ने कहा कि पाटलिपुत्र नाम नहीं विरासत है।

# टीपीडीएस सहायक गोदाम प्रबंधक तथा डीएसडी ठेकेदार पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत रामगढ़वा टीपीडीएस सहायक गोदाम प्रबंधक सूरज प्रकाश, डीएसडी ठेकेदार राजेश कुमार गुप्ता तथा डिलीवरी बॉय राज कुमार उर्फ राजू पर कड़ी कार्रवाई की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल द्वारा 9 अप्रैल 2025 को रामगढ़वा के अहिरौलिया पंचायत के सभी पीडीएस डीलर के गोदाम की जांच के क्रम में टीपीडीएस गोदाम से स्टॉक निर्धारित मात्रा से कम भेजने की जानकारी तथा साक्ष्य प्राप्त हुए। मामले की पूरी जांच करते हुए डीएसडी ठेकेदार राजेश कुमार गुप्ता तथा डिलीवरी बॉय राज कुमार/ राजू के विरुद्ध रामगढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। सहायक गोदाम प्रबंधक सूरज प्रकाश की संदेहास्पद भूमिका प्राथमिकी में दर्ज करते हुए उनकी लापरवाही के लिए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है।

# ग्राम भ्रमण जुलूस का आयोजन

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** श्री शिव सह परिवार शनि देव महाराज संतोषी माता हनुमान जी महाराज प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन ग्राम भ्रमण विशाल जुलूस का आयोजन किया गया। यह विशाल जुलूस गोछी कुशहर पंचायत के गोछी गांव के गिरि टोला से निकल कर लाला छपरा चौक होते हुए केसरनाथ मंदिर, केसरिया थाना चौक, नगर पंचायत भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर पूजन किया गया। इस जुलूस में पांच सौ एकावन महिलाएं सैकड़ों युवा शिव भक्तों ने हर-हर महादेव का जयघोष कर रहे थे सब के हाथों में भगवा ध्वज अनेकों रथ, सैकड़ों वाहन गाजे बाजे के साथ चल रहे थे। शिव भक्तों में मुख्य रूप से शिव बालक गिरि ,सुशील गिरि, राजेश्वर गिरि, नवल किशोर गिरि, अवधेश गिरि, माया शंकर गिरि, राजेंद्र गिरि, सुजीत गिरि, कुमोद गिरि, सुरेंद्र गिरि, राममंगल गिरि, मनोज गिरि, मुन्ना गिरि, प्रकाश चंद्रा, विकाश, सूरज, अरुण, राजकुमार, बाली महतो, साही पासवान, पंकज गिरि आदि लोगों ने भाग लिया।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में 81 नये सहायक प्राध्यापक हुए नियुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूसा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में 81 सहायक प्रोफेसरों, 9 एसोसिएट प्रोफ़ेसरों और 2 प्रोफ़ेसरों की नियुक्ति की गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 50 से अधिक उम्मीदवारों ने योगदान दे दिया है और आने वाले कुछ दिनों में बाकी लोगों के भी योगदान करने की संभावना है। बताते चलें कि सहायक प्राध्यापक के चयन के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी दिल्ली के द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका भारांक 100 था, इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय के तथा बाह्य विशेषज्ञों द्वारा साक्षात्कार लिया गया जिसका भारांक 25 था। चयन के उपरांत उम्मीदवारों के योगदान के लिए चरित्र प्रमाण पत्र और चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है। विदित हो कि विश्वविद्यालय में करीब पांच वर्षों के बाद सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई है। इससे पहले विश्वविद्यालय सहायक प्राध्यापक की लिखित परीक्षा स्वयं आयोजित करती थी, लेकिन वर्तमान कुलपति ने निर्णय लिया कि लिखित परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी दिल्ली से कराई जाये। विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पदों पर देश भर के तीस हजार से अधिक आवेदकों ने आवेदन किया था, जिसमें से 22 राज्यों के 81 अभ्यर्थी का चयन किया गया है। चयनित सहायक प्राध्यापकों में से लगभग तीस प्रतिशत बिहार राज्य के हैं। इसके अतिरिक्त नौ एसोसिएट प्रोफ़ेसर और एक प्रोफ़ेसर के पद पर भी उम्मीदवार का चयन किया गया है। नई नियुक्ति विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में एक प्रमुख मील का पत्थर है। कुलपति डॉ. पुण्यव्रत सुविमलेंदु पांडेय ने चयन प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि नए संकाय सदस्यों के जुड़ने से शिक्षक-छात्र अनुपात में सुधार होगा और अकादमिक कार्यक्रमों, अनुसंधान पहलों और विस्तार गतिविधियों में ताजगी आएगी। उन्होंने कहा कि नए सहायक प्राध्यापक विश्वविद्यालय के मिशन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे जिससे कृषि और संबद्ध विज्ञान में ज्ञान को आगे बढ़ाने, अगली पीढ़ी के कृषि पेशेवरों को आकार देने और अनुसंधान क्षमता को बढ़ाने में काफी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा इन नियुक्तियों के साथ, विश्वविद्यालय किसानों के साथ जुड़ाव बढ़ाने और कृषि के क्षेत्र में सार्थक प्रभाव डालने का प्रयास करेगा। वहीं कुलसचिव डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में नई नियुक्ति अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने और कृषि शिक्षा और अनुसंधान में एक अग्रणी संस्थान बनने की दिशा में इसकी व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा इन नई नियुक्तियों से विश्वविद्यालय को नयी उर्ज़ा और नए विचार मिलेंगे। जो कृषि शिक्षा और अनुसंधान के भविष्य को ऊंचाईयों तक ले जायेंगा। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ पीएस पांडेय मिशन मोड में विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मुकाम देने के प्रयास में लगे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि जल्दी ही यह सपना साकार होगा।

## आंधी-बारिश से दनियावां में व्यापक नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** शनिवार देर रात दनियावां प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई किसानों की फसलें अभी खेतों में कटने को तैयार हैं, जबकि कुछ की कटी हुई फसलें खलिहानों में रखी थीं। बारिश से दोनों ही स्थितियों में फसलों को क्षति पहुंची है। बारिश के कारण गेहूं की फसलों के भीगने से उनके दानों की चमक और रंग प्रभावित हुआ है, जिसके चलते व्यापारी इन्हें कम कीमत पर खरीद रहे हैं। इससे किसानों में चिंता का माहौल है। इसके अलावा, खलिहानों में रखी दलहनी और तिलहनी फसलों को भी नुकसान हुआ है। प्रगतिशील किसान संघ के सुनील कुमार (पूर्व आत्मा अध्यक्ष), झूलन सिंह और नागेंद्र कुमार (सरथुआ गांव) ने इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है।

## पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली सभा आयोजित, दलीय भेद भुला कर नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजली देते विभिन्न दलों के नेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** शहर के खरीदाबाद मगरदही में राजद नेता व पूर्व मुखिया अमर शहीद अखिलेश राय तथा पूर्व मुखिया रामउदेश राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें दलीय भेद भाव भुला कर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने नेता द्वय को श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर अमर शहीद अखिलेश राय के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। अंत में पूर्व विधान पार्षद सह राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती ने धन्यवाद ज्ञापन किया। श्रद्धासुमन अर्पण के क्रम में वक्ताओं ने कहा की स्वर्गीय अखिलेश राय शोषित पीड़ितो व गरीब - गुरबों की बुलंद आवाज के प्रतीक थे। वे समाजिक न्याय तथा परस्पर सदभाव के मजबूत स्तम्भ थे। एक लोकप्रिय मुखिया, चर्चित राजद नेता तथा गरीबो के मसीहा के रूप में स्वर्गीय अखिलेश राय सदैव याद किए आते रहेंगे। मौके पर पूर्व मंत्री सह उजियारपुर विधायक आलोक कुमार मेहता, स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, विभूतिपुर विधायक अजय कुमार तथा हसनपुर के पूर्व विधायक सुनील कुमार पुष्पम जनता दलयू जिलाध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नीलम सहनी, शशीधर झा, पूर्व विधान पार्षद सह राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती, सुनील कुमार पुष्पम, सन्नी हजारी, केंद्रीय सहकारिता बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार राय, उप मेयर रामबालक पासवान, मोहिउद्दीन नगर प्रमुख जवाहर लाल राय, संजीव कुमार राय, राकेश कुमार ठाकुर, ललन यादव, तारकेश्वरनाथ गुप्ता, रंजीत कुमार रंभू, आदि मौजूद थे।

## रक्तवीर योद्धा सम्मान समारोह: रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम में 21 ने किया रक्तदान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा के बड़ी खेल मैदान में रविवार को रक्तवीर योद्धा सम्मान समारोह सह रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रुद्र फाउंडेशन के संस्थापक स्व. राधेश्याम पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में एनएसएसटी स्कूल के बच्चों ने बिहार के लोकगीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुति दी और रक्तदान के महत्व को दर्शाता एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। रक्तदान जिला स्तरीय कमिटी ने देशभर के विभिन्न शहरों से आए रक्तवीरों और संस्थानों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्थानीय रक्तवीरों को भी सम्मानित किया गया। भूली ब्लड डोनेट टीम (धनबाद), दिनकर सेवा दल (बेगूसराय), सूर्यकला रामजी फाउंडेशन (बेगूसराय), श्याम सेवा समिति (पटना) सहित कई संस्थाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद माँ ब्लड बैंक, पटना द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 21 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार, सरपंच डॉली, संजय सजन सिंह, मुखिया पम्मी कुमारी, प्रतिनिधि ओम चौधरी, धर्मवीर भारती, राजू सर, राजेश सर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कमिटी के अध्यक्ष राजू भारती, सचिव अनीश केशरी, शहबाज मिन्हाज, प्रिन्स शौंडिक, राणा यादव, पप्पू यादव, अंकित पटेल, जयप्रकाश, विवेक गुप्ता, संजय चौधरी और विजेता पटेल सहित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजकों ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

यह आयोजन न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि सामाजिकता को भी बढ़ावा दिया।

## रफीगंज पुलिस का वाहन चेकिंग अभियान 28 हजार रुपये का जुर्माना वसूला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले में अपराध नियंत्रण और यातायात नियमों के पालन को लेकर रफीगंज पुलिस द्वारा शनिवार की रात पचार पेट्रोल पंप के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान एसपी के निर्देश पर संचालित किया गया, जिसकी कमान एसआई मिथिलेश कुमार ने संभाली। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल दिखा और वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस द्वारा करीब आठ बाइक चालकों से 28,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। ये जुर्माने हेलमेट न पहनने, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन और कागजात अधूरे होने जैसे मामलों में लगाए गए।

थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से अपराध नियंत्रण और यातायात सुरक्षा के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। वाहन चालकों को हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, गति नियंत्रण में रखना और सभी दस्तावेज दुरुस्त रखने का सख्त निर्देश दिया गया है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि बाइक पर ट्रिपल लोडिंग को लेकर विशेष निगरानी की जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मटन पार्टी के बाद युवक की संदिग्ध मौत, साजिश का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र के धमनी गांव निवासी 28 वर्षीय बासुकीनाथ गोस्वामी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना पौथू थाना क्षेत्र के बराही गांव की है, जहां बासुकीनाथ शनिवार को अपने चचेरे भाई त्रिलोकी गोस्वामी के साथ अपनी बहन के घर मटन पार्टी के लिए गया था। रविवार सुबह उसकी मौत की खबर ने परिजनों को स्तब्ध कर दिया। मृतक के चचेरे भाई त्रिलोकी ने फोन पर परिजनों को सूचना दी कि बासुकीनाथ मटन पार्टी के बाद सो गया था और सुबह देर तक नहीं जागने पर उसे मृत पाया गया। इसके बाद त्रिलोकी और कुछ लोग बासुकीनाथ का शव लेकर धमनी गांव पहुंचे। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने शव लाने वालों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक की पत्नी सरिता देवी ने चचेरे भाई त्रिलोकी गोस्वामी और बराही गांव निवासी बहनोई कपिल कुमार गोस्वामी पर साजिश के तहत खाने-पीने में कुछ देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही हसपुरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार, एसआई पवन कुमार सहित पुलिस बल धमनी गांव के आजाद बिगहा टोले पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। सरिता देवी का फर्द बयान दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई के लिए मामला पौथू थाना को हस्तांतरित किया जाएगा। परिजनों ने बताया कि बासुकीनाथ बचपन में ही मां को खो चुका था और कुछ वर्ष पहले पिता का भी निधन हो गया था। चार बहनों का वह इकलौता भाई था, जिनकी शादी हो चुकी है। करीब 15 साल पहले उसकी शादी सरिता देवी से हुई थी और उसके तीन बच्चे हैं। बासुकीनाथ मेले में मनिहारी की दुकान लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके निधन से पत्नी और बच्चे बेसहारा हो गए हैं। पत्नी सरिता और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों और परिजनों की नजर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर टिकी है, जो इस रहस्यमयी मौत के कारणों को स्पष्ट कर सकती है।

## मक्का अनुसंधान में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव हुए सम्मानित



सम्मानित होते कुल सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूसा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मृत्युंजय कुमार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के द्वारा कोयंबत्तूर में आयोजित 68 वें वार्षिक मक्का कार्यशाला में मक्का से जुड़े शोध में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कुलसचिव की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय केलिए गर्व का विषय है। उन्होंने मक्का की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिससे न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे कृषि जगत को लाभ मिलेगा। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस पांडेय ने डॉ. मृत्युंजय कुमार को बधाई देते हुए कहा कि आपकी मेहनत, प्रतिबद्धता, सुक्ष्म सूझ और समर्पण ने आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है। आपकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय की ख्याति बढ़ी है। डॉ पाण्डेय ने कहा कि डॉ. मृत्युंजय कुमार को यह सम्मान मिलने से वैज्ञानिकों में उत्साह का संचार होगा जिससे विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्यों को और गति मिलेगी। उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं और छात्रों को प्रेरणा मिलेगा और वे भी अपने अनुसंधान कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे।

## नशे में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने शनिवार को शहर के बाबूगंज इलाके से नशे की हालत में हंगामा कर रहे युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के महुआवां गांव निवासी सोनू कुमार सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि युवक नशे में धुत होकर सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में लेकर रफीगंज थाना लाया गया। मेडिकल जांच में शराब के सेवन की पुष्टि होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए गया न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि शराबबंदी कानून के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल का प्रथम स्थापना दिवस समारोहपूर्वक संपन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** लक्ष्य इंटरनेशन स्कूल, समस्तीपुर में 13 अप्रैल (रविवार) को प्रथम स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के मशहूर वरीय अधिवक्ता डॉ. गिरीश कुमार ठाकुर एवं ट्रस्टी सीता देवी ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना, सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जिनमें नृत्य, नाटक, गायन इत्यादि शामिल थे। उपस्थित गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों आदि ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए। तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आशीष राज, विराज सिंह, स्वराज चंद्रा, विश्वजीत कुमार झा, पुष्पम राज, ठाकुर उत्कर्ष शंकर, कनिष्का कुमारी झा, उन्नति शंकर, ऋषि सिंह, पुष्पांजली कुमारी, खुशी कुमारी, स्वेच्छा कुमारी, प्राची कुमारी, पंखुरी झा, साक्षी कुमारी, स्वेच्छा कुमारी, साक्षी प्रिया इत्यादि ने अपनी शानदार प्रस्तुति का लोहा मनवाया। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक परीक्षा में अपने-अपने वर्गों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं आरूषी कुमारी, ईशीता कुमारी, मायरा राय, अयान कुमार, अक्षज कश्यप, सत्यम झा, मयंक राज, रौशनी कुमारी, नीतिन, श्रेयांस आर्या, उन्नति शंकर, उत्कर्ष शंकर, पुष्पांजली कुमारी, रिषी सिंह, विवेक कुमार, आतिक्ष प्रकाश, अशीष राज, कनिष्का कुमारी झा और लवली कुमारी झा को मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य-पंकज कुमार झा ने छात्र व छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल एवं लक्ष्य साईंस एण्ड कॉमर्स कोचिंग के चेयरमेन सह जिला परिषद उपाध्यक्ष ठाकुर उदय शंकर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उनके भविष्य निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। साथ हीं उन्होंने छात्र व छात्राओं को नए सत्र की कामयाबी का सूत्र बताते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। विदित हो कि लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल, समस्तीपुर की स्थापना अप्रैल 2024 में की गई थी और विद्यालय की पठन-पाठन की सुचारू व्यवस्था को देखते हुए बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने इसे उसी वर्ष संबंद्धता प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक-ठाकुर उदय शंकर, प्राचार्य पंकज कुमार झा, शिक्षकगण-संध्या सुमन, चंचल झा, शिल्पी कुमारी, आंचल कुमारी, स्मृति कुमारी, विकास कुमार दीपक, प्रभात कुमार और लक्ष्य साईंस एण्ड कॉमर्स कोचिंग के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## चरकावां में 24 घंटे का अखंड कीर्तन, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 13 स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर, चरकावां निचलीडीह में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नवयुवक संघ द्वारा 24 घंटे के अखंड कीर्तन और भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर आयोजक दुर्गेश प्रसाद, वार्ड पार्षद सुबोध शर्मा, राजद नगर अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र यादव तथा विजेश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। आयोजकों ने बताया कि अखंड कीर्तन के समापन उपरांत आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। रामाशीष यादव, प्रकाश फाम, पिंटू यादव, रूपेश कुमार, डोमन मिस्त्री, केदार सिंह, अनिल चंद्रवंशी, भोला प्रसाद, अमरेन्द्र बिहारी कर्ण, ललन सिंह, दीपक शर्मा, ब्यास यादव, बिनय यादव सहित कई स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## चैत पूर्णिमा पर मंदिरों में दिखी भक्तों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भगवान राम, हनुमान एवं विभिन्न मंदिरों मे पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना को ले सुबह से ही श्रद्धालुओं उत्साहित दिखा। देवी मंदिर के साथ विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की। प्रखंड के चपरी हनुमान मंदिर परिसर मे 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ है, जहां बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के मझियावां सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी पड़ी।

## गुजरात के मुख्यमंत्री ने ओबरा के लाल को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** उच्च विद्यालय ओबरा के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज शर्मा के पुत्र अहमदाबाद स्ट्रांगहोल्ड सेफ्टी सिस्टम के निदेशक शशि रंजन को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारत में उत्कृष्ट उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। यह सम्मान समारोह का आयोजन अहमदाबाद में किया गया। गुजरात में विभिन्न उद्योगों से जुड़े प्रतिष्ठित उद्यमियों को आमंत्रित किया गया था। विदित हो कि पुरस्कृत शशिरंजन ने देश भर के इंडस्ट्री निर्माण इंडस्ट्रियल सेफ्टी प्रोडक्ट के निर्माण का सेवा क्षेत्र में अपना नवाचार उत्कृष्ट प्रबंधन और व्यवसाय के दृष्टि कोण से एक नई पहचान बनाई है। पुरुस्कार पाकर शशिरंजन ने कहा कि यह सम्मान न सिर्फ मेरे लिए बल्कि पूरी टीम की समर्पण और मेहनत का फल है। इस मौके पर ओबरा के समाजसेवी एवं प्रभुद नागरिकों ने शशिरंजन को बधाई दी है। बधाई देने वाले मे शिक्षक अजय कुमार पूर्व स्टेशन प्रबंधक अरबिंद कुमार, रतनपुर पूर्व मुखिया सिद्धेश्वर शर्मा, स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर, कुंदन कुमार शर्मा, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक हरिवंश सिंह, श्रीनिवास शर्मा, प्रभारी प्रधानाध्यापक बिंदेश्वर कुमार सिंह, शिक्षक मिहिर कुमार, समाजसेवी धनंजय शर्मा, पूर्व व्यापार मंडल कृष्णकांत शर्मा, पूर्व प्रधानाध्यापक सुरेंद्र पांडेय, विनोद कुमार, माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव अमिताभ रंजन आदि लोगो ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## औरंगाबाद में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम का भव्य स्वागत किया गया। बैंड-बाजे और फूल मालाओं के साथ हुए इस स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर विधायक अजय कुमार, जिला अध्यक्ष राकेश सिंह, पप्पू कुमार, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव एवं रफीगंज विधानसभा के संभावित प्रत्याशी हस्सान सिद्दीकी, रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अजीम खान, सचिव रामराज सिंह, शकील अहमद, जिलानी बाबा, उजैर अहमद, वीरेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ रणनीतिक चर्चा की। रफीगंज विधानसभा की समस्याओं को लेकर भी विशेष विमर्श हुआ, जिसमें हस्सान सिद्दीकी ने क्षेत्रीय मुद्दों को प्रमुखता से रखा। कार्यक्रम में डॉ. मामून सिद्दीकी, हैरिस खान, कट्टू पठान, इसराइल बैंड, वाजिद हुसैन, धीरेंद्र कुमार सिंह, असब, नेयाज अहमद समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हनुमान जयंती पर पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** देवी मंदिर के पीछे हनुमानगढ़ी स्थित हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान भक्तों ने पूजा अर्चना के उपरांत भगवान हनुमान के जीवन लीलाओं की चर्चा की। व्यवस्थापक अशोक पांडेय व डॉक्टर आलोक कुमार ने कहा कि राम भक्त हनुमान का जन्म चैत पूर्णिमा तिथि को हुआ था। इस अवसर पर हम सभी श्रद्धालुगण उनका जन्मोत्सव समारोह मनाते हैं। श्रद्धालु भगवान राम, सीता और हनुमान का पूजा अर्चना व स्मरण करें क्योंकि कहा जाता है कि इनके स्मरण मात्र से ही सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही भय, संकट, रोग पल भर में दूर होते हैं। इनके स्मरण से भक्तों में नकारात्मक भावना दूर हो जाती हैं। पूजा अर्चना के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सरयू सिंह, केशव प्रसाद, विनोद प्रसाद, बलिराम सिंह, पुजारी जगदीश सिंह, अभिषेक कुमार, डॉक्टर रामेश्वर प्रसाद सहित कई श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## हसपुरा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार स्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यालय में रविवार को कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा ने की, जबकि संचालन पूर्व मुखिया संतोष शर्मा ने किया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर पर समर्थन जुटाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रणविजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन 2025 के विधानसभा चुनाव में 'मिशन 225' के लक्ष्य के साथ पूरी ताकत से मैदान में उतरेगा। उन्होंने कहा, हमारे गठबंधन में कोई मतभेद नहीं है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा बिहार में संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर लगातार आवाज उठा रहे हैं। डॉ. रणविजय ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय होने का निर्देश देते हुए कहा, कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं।

## रफीगंज में अंबेडकर जयंती की तैयारियां पूरी, आज निकलेगी भव्य झांकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर रफीगंज में अंबेडकर विचार मंच द्वारा व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को हयात होटल में नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इसकी रूपरेखा तय की गई। सोमवार को शहर में भव्य झांकी निकाली जाएगी।

बैठक में सभी प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से शांतिपूर्ण और भव्य झांकी लाने पर सहमति जताई। अध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने सभी पंचायतों से डॉ. बी.आर. अंबेडकर की झांकी को शांतिपूर्ण ढंग से निकालने की अपील की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया भोला चौधरी, राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला परिषद विकास कुमार, राजेंद्र कुमार राकेश, सुरेंद्र पासवान, सुनील कुमार दीप, रामाशीष दास, अशोक पासवान, शिक्षक शत्रुघ्न यादव, विनोद कुमार, अशोक दास, डीके यादव, इंदल कुमार, कमलदेव कुमार, संजय अंबेडकर, अरुण कुमार, धर्मेंद्र दास, विजय चौधरी, सुरेंद्र प्रसाद, नागदेव राम, धर्मेंद्र रजक, भीमसेन राम, राम प्रवेश पासवान, सुदर्शन राम, मंडल यादव, रामाशीष पासवान, जितेंद्र नारायण, प्रेम कुमार, राम प्रवेश, दीपक कुमार, सुदर्शन डोम, कमलेश, राज कुमार, ललन ठाकुर, दिनेश, रवि, रूप नारायण, संतोष, जितेंद्र, संजय, विजय चौधरी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में अंबेडकर जयंती मनाने का संकल्प लिया गया।

# कुदरत के कहर से दहल गया जनजीवन, कईयों के टूटे आशियाने

## तेज आंधी के साथ बारिश ने जनजीवन किया अस्त व्यक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** शनिवार की रात कुदरत के कहर जिले के जनजीवन को तबाह कर डाला। हर तरफ मदद की आस में लोग सड़कों पर बैठे हुए हैं। देर रात से जिले के लगभग सभी हिस्सों में बिजली आपूर्ति सेवा ठप होते गई। ग्रामीण इलाकों में कई लोगों के फोन भी चार्ज ना हैं कि कॉल कर मदद मांग सके। दरअसल यह नज़ारा बेगूसराय जिले में पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक हुए तेज आंधी-बारिश के बाद सामने आया है। शनिवार को भी कई प्रखंडों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबादी हुई। पिछले 48 घंटे में जिले के 10 से ज्यादा लोगों की आकाशीय बिजली गिरने से भी मौत हो गई है।सड़कों पर गिरे पेड़ के टहनी बना जलावन का सहारा सुबह-सुबह जिले की सड़कों पर कई बच्चे पेड़ के टूटे टहनी को चुनकर किसी जुगाड़ के सहारे जलावन के लिए अपने घर ले जाते आप देख सकते हैं। नावकोठी, चेरियाबरियारपुर सहित कई प्रखंडों में पेड़ गिरने से पशुओं की भी मौत की तस्वीरें सामने आई। जिले के लगभग सभी प्रखंडों से कई ऐसी तस्वीर सामने आई। जहां गरीबों के आशियानें पेड़ गिरने से टूट गए। कई गाड़ियां जो रात्रि में सड़कों पर चल रही थी इसपर पेड़ गिर गया. जिस वजह से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। फिलहाल जिले के सभी इलाकों में अधिकारी आपदा में हुए नुकसान की पड़ताल कर रहे हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को भी बेगूसराय में बारिश का अलर्ट जारी है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। 15 अप्रैल तक बारिश के आसार हैं। इसकी जानकारी मौसम विभाग ने दे दी है. यदि आप बेगूसराय से हैं तो मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए अपनी तैयारी कर लें। सोमवार और मंगलवार को मेघगर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जारी की गई है।

## प्रकृति ने किसानों की मेहनत पर बरसाया पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** शनिवार रात्रि तेज बारिश आंधी-तूफान ने अन्नदाताओं को संकट में डाल दिया है। बेगूसराय जिले में एक बार फिर से तेज आंधी-तूफान बारिश ने किसानों के लिए आफत बनकर आई आंधी-पानी से फसलों की व्यापक क्षति हुई है। बारिश के साथ तेज हवा के झोंके ने खेतों में कटे एवं लगे हुए गेहूं की फसल को बड़े पैमाने पर नुकसान किया है। वही मक्का की फसल भी खेतों में गिरकर नष्ट हो गया है। इस बारिश से खेतों में कटी हुई गेहूं कि फसल के सड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। बखरी के विभिन्न किसानों ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आफत बनकर आई तूफ़ान और बारिश में अब गेहूं के फ़सल से संतोष करना होगा। क्योंकि पिछले 9 अप्रैल से यह बारिश शुरू हुआ और अधिकांश किसानों का गेहूं का फ़सल खेतों में कटे हुए पड़ा है। जो लगातार पानी पड़ने से नष्ट होने के कगार पर आ गया। वही कुछ किसानों ने गेहूं के फ़सल को अपने घर ले भी गए वैसे किसान राहत कि सांस ले रहे। पीड़ित किसानों ने कहा कि अब तक कृषि विभाग के कोई कर्मी फसलों की हुई क्षति का आकलन करने भी नहीं पहुंचे हैं। किसानों ने इलाके में हुई आंधी पानी से फसलों की हुई क्षति का मुआवजा दिलवाने की मांग जिला कृषि अधिकारी से की है। फसलों को नुकसान पहुंचने के कारण किसानों के बीच मायूसी छाई हुई है। किसानों ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हम सब छोटे मोटे किसान कर्ज उधार लेकर खेती किसानी करते हैं। और आज़ जब घर ले जाने का समय आया तो सब कुछ प्रकृति ने छीन लिया। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव ने बताया कि गेहूं मक्का नुकसान मामले में जिला अधिकारी से फिलहाल कोई दिशा निर्देश नहीं मिला है, कुछ भी सूचना आते ही प्रक्रिया तेज कर दी जाएगी।

## आंधी-तूफान से विद्युत आपूर्ति ठप

**बखरी।** शनिवार की देर रात्रि आई तेज आंधी और बारिश ने प्रखंड क्षेत्रों में आफत बनकर टूटी। तेज हवाओं और बारिश के कारण इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद है ।विद्युत एसडीओ राजीव रंजन ने बताया कि बखरी के बगरस फीडर को बिजली सप्लाई देने वाला बरौनी स्थित एक लाख 32 हजार का टावर क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके बखरी समेत 33 हजार केवी का लाइन सप्लाई बंद है। जिससे पूरे क्षेत्र की विधुत व्यवस्था चरमरा गई है। वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर युद्धस्तर पर काम जारी है जल्द ही सप्लाई चालू कर लेने कि अश्वासन दिये। वही बखरी के दर्जनाधिक जगहों पर ताड़ पर पेड़ गिरने के कारण तार और पोल (खंभे) क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब हुआ है। बिजली नहीं रहने से हर घर नल का जल योजना के तहत पानी की आपूर्ति भी ठप हो गयी है। इससे लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल की जाए ताकि क्षेत्र वासियों को विभिन्न समस्याओं से राहत मिल सके। खबर भेजे जाने तक विद्युत एसडीओ राजीव रंजन ने बताया कि शनिवार देर शाम तक विद्युत आपूर्ति चालू करने का काम युद्धस्तर पर हो रहा है।

## एक नजर

### 14 घंटे से बिजली आपूर्ति बंद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिजली रोजमर्रे की चीज बन गयी है। इसके बिना लोगों का एक पल जीना मुश्किल हो गया है किन्तु शनिवार को आयी आंधी, तूफान के कारण बिजली लगभग चौदह घंटे से गुम हो गयी है। इस कारण इस आंधी में जगह-जगह पोल, तार के टूटे रहने, तार पर पेड़ गिरकर क्षतिग्रस्त करने आदि हैं। बताया गया कि बभनगामा स्थित बूढ़ी गंडक नदी के पास 132 केवी मंझौल-बखरी लाइन का पाइल टावर स्थान संख्या-57 ध्वस्त हो गया जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी।जेई नीरज कुमार सहित मानव बल सुबह से ही बिजली आपूर्ति बहाल करने में लगे हैं। समाचार प्रेषण तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पायी थी।

### दुर्घटना में जख्मी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कार की ठोकर से ई रिक्शा चालक पहसारा निवासी मुकेश साह का पुत्र सोनू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वह पहसारा से मंझौल आ रहा था विपरीत दिशा से आ रही कार ने ई रिक्शा में ठोकर मारी दी। इससे दोनों गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई तथा सोनू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया।उसका इलाज निजी क्लीनिक में किया जा रहा है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर संघ ने जताया शोक

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के सदस्य सह रीतलाल उच्च विद्यालय सकरौली के सेवानिवृत शिक्षक लक्ष्मण महतो का रविवार को निधन हो गया। उन्होंने अपनी अंतिम सांस पैतृक आवास रामपुर घाट (छर्रापट्टी) चेरियां बरियारपुर में ली। उनके निधन पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद राय ने शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वाले में जिला माध्यमिक शिक्षक संघ बेगूसराय के सचिव रणजीत कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय ओझा टोल तेघड़ा के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेश कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय बेगमपुर के शिक्षक शम्भूनाथ विद्यार्थी, सेवानिवृत्त शिक्षक रामावतार महतो,आनंदी बाबू आदि ने उनके पैतृक आवास पर पहुंच कर पार्थिव शरीर पर फूल, माला अर्पित किया तथा उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।शोक व्यक्त करने वालों में जिला माध्यमिक शिक्षक संघ बेगूसराय के अध्यक्ष उमानंद चौधरी, उपाध्यक्ष भगीरथ प्रसाद राय, मंजू सिंह, सदस्य राज्य कार्य समिति डॉ सुदर्शन कुमार, कोषाध्यक्ष फैजुर रहमान,परीक्षा अध्यक्ष मो सलीम उद्दीन, सचिव सुधीर सिंह, संयुक्त सचिव अपूर्व घोष, मुंगेर प्रमंडल संयुक्त सचिव डॉ मुकेश कुमार मिडिया प्रभारी साकेत रंजन भारती, राज पार्षद राजदेव राय,मंझौल अनुमंडल अध्यक्ष शिवचंद्र प्रसाद सिंह, सचिव मनोज कुमार,चेरिया बरियारपुर प्रखंड अध्यक्ष शकुंतला कुमारी, सचिव संजीव कुमार आदि थे।

### धूमधाम से मनी हनुमान जयंती

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के सूदना गायत्री मंदिर रोड स्थित प्राचीन देवी मंडप में हनुमान जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर शनिवार की शाम में विशेष पूजा अर्चना के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। भक्तजनों ने भजन कीर्तन के बाद मंदिर में विधिवत आरती की। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर पुजारी पंडित मिथिलेश मिश्रा, सीनू पाठक, शोभा दुबे, विनीता सिंह, प्रियंका गुप्ता, सरोज देवी, ब्यूटी पांडेय, सुभद्रा पांडेय, अनुराधा तिवारी, रंजुला सिन्हा, मालती देवी, माधुरी देवी, प्रिया, रंभा, चिंता, बबीता पाल, अनीता पांडेय, सुषमा मिश्रा, राजीव रंजन पांडेय, नवल किशोर तिवारी, सुधीर सोनी, धनंजय सिंह, अंजनी पांडेय, रघुवीर पांडेय, मनीष उपाध्याय सहित कई मौजूद थे।

### रंजन चंद्रवंशी को किया गया सम्मानित

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रंजन चंद्रवंशी शुरू से ही समाज सेवी रहे हैं। समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझते हुए कई काम किए हैं। यही कारण है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन्हें सचिव बनाया है। उक्त बातें महासभा के डॉ गणेश चंद्रवंशी ने कही। वे शनिवार को अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में बेलवाटीका में आयोजित रंजन चंद्रवंशी के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रंजन चंद्रवंशी एक ईमानदार व नेक इंसान हैं। इनके नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा का संगठन बेहतर ढंग से विकास करेगा। साथ ही महासभा को भी मजबूती मिलेगी। मौके पर महासभा के गणमान्य लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नव नियुक्त सचिव रंजन चंद्रवंशी को शौल ओढाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर रंजन चंद्रवंशी ने कहा कि समाज को सबसे ऊपर रखकर चलने वाले व्यक्ति हैं। आने वाले दिनों में समाज हित के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। सम्मानित करने वालों में डॉक्टर गणेश चंद्रवंशी, संतोष कुमार चंद्रवंशी, प्रेम कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार चंद्रवंशी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, कांति चंद्रवंशी, मंजू कुमारी चंद्रवंशी, शैलेश चंद्रवंशी, बृज किशोर चंद्रवंशी, शंभू नाथ चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी आदि शामिल थे।

## समस्याओं के निदान के लिए होगा जन संवाद : चेयरमैन

### अधिष्ठापन एवं उन्नयन को लेकर आमजनों की आवश्यकता पर दिया जाएगा ध्यान : कार्यपालक पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं विभाग की ओर से आगामी 17 अप्रैल से नव विस्तारित क्षेत्र के आमजन की समस्याओं के संग्रह और उसके निराकरण के लिए नगर जन संवाद मोहल्ला सभा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर परिषद बीहट के मुख्य पार्षद बबीता देवी ने बताया कि खासकर नगर परिषद बीहट क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं आवास, सड़क, नाला, पार्क, स्ट्रीट लाइट, सम्राट अशोक भवन, मोक्षधाम, एक्सट्रीम वॉटर ड्रेनेज, जलापूर्ति, शौचालय, सीवरेज आदि मसलों को लेकर नगर जन संवाद का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला स्तर से लेकर नगर परिषद बीहट के पदाधिकारियों और स्थानीय वार्ड पार्षद सहित आम लोगों को भी जन संवाद के लिए आमंत्रित किया गया है। जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण स्वरूप ने बताया कि जहां नागरिक सुविधाओं का अभाव है वहां नगर जन संवाद करते हुए उसके अधिष्ठापन एवं उन्नयन हेतु आमजनों की आवश्यकता पर ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए 17 अप्रैल से लेकर 31 मई तक नगर परिषद बीहट क्षेत्र में जन संवाद मोहल्ला सभा का आयोजन किया गया है। वहीं 17 अप्रैल को पंचायत भवन मालती, 19 को प्राथमिक विद्यालय मालती, 21 को मध्य विद्यालय हाजीपुर, 24 को पंचायत भवन हाजीपुर और 28 अपैल को पंचायत भवन असुरारी में जनसंवाद का आयोजन है। जबकि 2 मई को वीणा नाटय कला मंच असुरारी, 7 मई को उर्दू प्राथमिक विद्यालय दैवना, 13 मई को मध्य विद्यालय मोसादपुर, 17 मई को प्राथमिक विद्यालय चकबल और 19 मई को मध्य विद्यालय बीहट में मोहल्ला सभा का आयोजन है। वहीं 22 मई को मध्य विद्यालय चकिया, 24 मई को काली स्थान चकिया, 27 मई को पंचायत भवन मल्हीपुर और 31 मई को मध्य विद्यालय विष्णुपुर चांद में नगर जन संवाद का आयोजन किया जाएगा।

## देर रात्रि आई आंधी से विद्युत आपूर्ति ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** जीरो माइल पावर ग्रिड से 33000 बिजली का तार तेघरा उपकेंद्र तक जोड़ने वाली बिजली का तार पर वृक्ष गिरने से सभी जगह का विद्युत आपूर्ति हो गई। जबकि बारिश के कारण क्षेत्र के किसानों की खेतों में लगी गेहूं की फसल एवं कल्यानो में पसली हुई गेहूं के बाए और भूसे को भी काफी नुकसान पहुंचा। जबकि किसानों के अन्य फसलों की भी हानि हुई। विद्युत विभाग जगह-जगह टूटे हुए तार और तार पर गिरे हुए वृक्षों को हटाने में देर रात से ही लगा हुआ है। लगभग 12 घंटे बाद दिन के करीब 1:00 बजे कुछ जगहों पर विद्युत बाहर की गई। लेकिन की कीशान तो परेशान ही रहे। मजदूर लगे रहने के कारण और विद्युत विभाग की सतर्कता के कारण ग्रामीण क्षेत्र के बिजली विभाग के पदाधिकारी मोबाइल उठाना उचित नहीं समझते हैं। बरौनी क्षेत्र में शाम तक सुचारू रूप विद्युत चालू कर दी गई है।

## हनुमान जयंती पर विहिप और बजरंगदल ने निकाला जुलूस

### जयश्री राम के नारे से गुंजायमान दिखे गांव से शहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरौनी।** हनुमान जयंती समापन के उपलक्ष्य में तेघड़ा पिढौली से विश्व हिंदू परिषद् सह बजरंग दल के तत्वाधान में बड़ी संख्या में बजरंगी सनातनियों की मोटरसाइकिल जुलूस निकाली गई। यह जुलूस पिढौली से प्रारंभ होते तेघड़ा बाजार, बरौनी फ्लैग, बिढ़निया बाजार, चंद्रवंशी चौक, फुलवाड़िया बाजार, आलू चट्टी रोड, मिर्चीया चौक होते राजेंद्र रोड के मार्ग से वाटिका चौक पर पहुंच सभा में तब्दील हो गई। जहां जुलूस में शामिल वक्ताओं ने इसके महत्ता और सनातनियों की एकजुटता व राष्ट्र प्रेम को बढ़ावा देने पर बल दिया। वहीं पूर्व से निर्धारित रोड रूट मैप पर दंडाधिकारी सहित भारी तादाद पुलिस बल मौजूद थे। इस मौके पर तेघड़ा के पूर्व विधायक ललन कुंवर, एसडीपीओ रविंद्र मोहन प्रसाद, तेघड़ा थानाध्यक्ष, फुलवड़िया थानाध्यक्ष समेत सैकड़ों बाइकर्स हजारों लोगों की तादाद जुलूस में शामिल थे।

## राजनीतिक पार्टियों में हिस्सेदारी को लेकर कानू विकास संघ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** रविवार को कानू विकास संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक गढ़पुरा प्रखंड के कुम्हारसों में दुख मोचन साह के आवास पर बुटन साह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन डॉक्टर पंकज शाह के द्वारा किया गया। वही पूर्व जिलाध्यक्ष कुंदन कानू ने संबोधित करते हुए कहा कि अति पिछड़ा वर्ग जिला में सबसे ज्यादा आबादी रहने के बावजूद भी सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक लाभ से वंचित हैं। अब अधिकार संघर्ष के बदौलत ही लिया जा सकता है। इन्होंने साफ शब्दों में कहा जनसंख्या के अनुरूप विभिन्न राजनीतिक पार्टियों विधानसभा चुनाव में हिस्सेदारी नहीं देती है तो कानू विकास संघ सबक सिखाएगी। वहीं बूटन साह ने कानू विकास संघ बेगूसराय के गांधी स्टेडियम में एक भव्य जनसभा करने का निर्णय लिए जिसमें पचास हजार की जनसंख्या के साथ लोग उपस्थित रहेंगे ।और इसी जनसभा से विधानसभा प्रत्याशियों का शंखनाद करेंगे। इस दौरान पंकज शाह ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि कानू जाति अत्यधिक आबादी रहने के बावजूद भी समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा है।इन्होंने सरकार से मांग कि कानू जाति को अनुसूचित जाति का दर्ज़ा सरकार द्वारा नहीं दिया गया तो कानू विकास संघ आने वाला विधानसभा चुनाव में सरकार के विरुद्ध अपना वोट करेगी। प्रखंड अध्यक्ष नावकोठी दीपक कानू ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दल कानू जाति से छल किया है। अब कानू जाति जाग चुका है ।जो बर्दाश्त योग्य नहीं है। इस बैठक में इंद्रमणि साह,लक्ष्मी साह, जिला कोषाध्यक्ष भगवान साह, सुनील साह, कौशल साह, किशोर किसलय, गायत्री देवी, अर्जुन साह, चंदन साह, रामलोचन साह, राम निहोरा साह सहित जिले भर के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 28वें बिहार सम्मान एव बिहार बाल कलाश्री अवार्ड संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** बिहार शिक्षा एवं सांस्कृतिक विकास परिषद एवं बिहार कलाश्री पुरस्कार परिषद के तत्ववधान में 28 वी बिहार सम्मान एव बिहार बाल कलाश्री अवार्ड संपन्न किया गया जिसका उद्घाटन माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। मुख्य अतिथि युवा नेता आनंद मोहन झा थे। विशिष्ट अतिथि संगीत निर्देशक विनोद पंडित एवं रवि रंजन थे। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार और कला संस्कृति पुरुष विश्वमोहन चौधरी संत ने किया। आगत अतिथि का स्वागत डॉक्टर प्रियंबदा मिश्रा ने किया। अतिथि के हाथों डॉक्टर चंदन आशीष शिक्षा में लोकृति गुप्ता अनोखी कला और संस्कृत में प्रियंका श्रीवास्तव लोकनृत्य में सबनम परवीन अभिनय में डॉ. प्रियंबदा मिश्रा साहित्य सृजन में अंजना देवी लोकगायनमे मो शाहनवाज अता पत्रकारिता में और नीलम सिंह समाजसेवा को 'बिहार सम्मान' सम्मान स्वरूप ट्रॉफी, अंगवस्त्रम एवं सम्मान पत्र दिया गया। बिहार बाल कलाश्री अवार्ड छोटे बच्चों को जिसमें मीठीआर्य, संस्कृति कश्यप, स्वस्तिक कश्यप, आर्यन शंकर, प्राती शिव ठाकुर और सृजन चटर्जी गायन को दिया गया। संगीत कार्यक्रम में मगही गायक अरुण कुमार गौतम, लोक गायक, पृथ्वीराज पासवान, डॉक्टर प्रियंवदा मिश्रा ने अपने गायन से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। नृत्य निर्देशन प्रेम कुमार के अनुसार नृत्य संस्कृति और स्वस्तिका के युगल से हुआ। एकल तबला वादन आर्यन के द्वारा हुआ। अन्य रंगारंग कार्यक्रम में रवि रंजन, अरुण कुमार गौतम, रीना देवी, रीता कुमारी आदि की भागीदारी रही।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटनगंज ने खोली पनशाला

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जायंट्स ग्रुप आफ डालटनगंज ने शहर के निर्वाणा होटल के पास पनशाला खोला। रविवार को मुख्य अतिथि समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय ने फीता काटकर पनशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने संस्था के सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में शहर में पेयजल की समस्या गंभीर हो जाती है। राहगीर अपनी प्यास बुझाने के लिए बेचैन हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में यह पनशाला राहगीरों की प्यास बुझाने में कारगर होगा। संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद मुर्तजा ने बताया कि पनशाला खोलने का मुख्य उद्देश्य गर्मी में लोगों की प्यास बुझाना है।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** शक्ति संवर्धन 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दूसरा दिन सुबह 9 बजें से देव पूजन किया गया एवं शाम को दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि रमाशंकर सिंह के द्वारा गायत्री एवं यज्ञ के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया जहां लगभग 600 महिलाओं के द्वारा हवन में भाग लिया गया। यज्ञ कर्मकांड पटना गायत्री शक्तिपीठ के पूर्व ट्रस्टी एवं वर्तमान में कुरथौल गायत्री परिवार के ट्रस्टी दिनकर सिह द्वारा यज्ञ समापन कराया तथा विभिन्न संस्कार पुंसवन संस्कार 5 विद्यारंभ संस्कार 32 अन्नप्रासन संस्कार 8 किया गया इसके अलावा मसौढ़ी गायत्री परिवार के बिट्टू कुमारी, सपना केसरी, मुकेश पटेल, मनोज पटेल, केदार प्रसाद यादव संतोष केसरी नित्यानंद ओझा, कृष्ण प्रसाद सभी मसौढ़ी गायत्री परिवार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में कुरथौल गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी अरुण कुमार एवं ओमप्रकाश सिह ने भगीदारी निभायी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटू कुमार, राजेश्वर कुमार सिह, मनोज कुमार प्रभाकर द्वारा भाव भरा संगीत

## वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** वाईजेके स्टूडेंट्स फ़ेडरेशन ने जिलाध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात की। साथ ही विद्यार्थियों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया। बताते चलें कि कुछ दिन पहले सत्र 2018- 21 व 2019- 22 जेनेरिक पेपर परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था। इसमें अधिकतर बच्चों को बहुत कम अंकों से अनुत्तीर्ण कर दिया गया है। इससे प्रश्न उठ रहा है कि इतने सारे बच्चे एक साथ अनुत्तीर्ण कैसे हो सकते हैं। वहीं विद्यार्थियों का कहना है कि हमारे कॉपी की जांच में कहीं त्रुटि हुई है। इसे लेकर संगठन ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम इस पर कार्रवाई करेंगे। इसकी परीक्षा पुनः आयोजित करवाने की जल्द कोशिश करेंगे। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय को इस परीक्षा का अंकपत्र भी जल्द जारी कर देना चाहिए। क्योंकि परीक्षा का परिणाम काफी लंबे अंतराल के बाद आया है। इसमें और विलंब नहीं होना चाहिए। मौके पर मणि, विभीषण, विक्रम, अरविंद आयुष, अनिकेत, राहुल, उज्जवल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## करोड़ों रुपये खर्च के बावजूद एक किमी दूर से पानी ला रहे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** केंद्र सरकार की ओर हर घर को पानीयुक्त बनाने के लिए शुरू किया गया जल जीवन मिशन फ़ेल होता नजर आ रहा है। विश्रामपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में हर घर नल से जल देने की योजना में सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए। लेकिन लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा। यह समस्या किसी एक पंचायत या किसी एक गांव की नहीं है, अधिकतर गांवों की स्थिति कुछ ऐसी ही है। विश्रामपुर प्रखंड के सभी दस पंचायतों में योजना की शुरुआत की गई। यह दो वर्ष बाद भी अधूरा पड़ा है। कई गांवों में केवल जलमीनार खड़ा तो कहीं पाइपलाइन का काम अधूरा है। अधिकारी अपनी कमी छुपाने के लिए कागजों में काम पूरा कर दिए हैं। लेकिन अभी कई गांवों में पाईप लाईन बिछाना, जलमिनार खड़ा करना, नल लगाना बाकी है। जहां टोंटियां लगी हैं वहां पानी नहीं आ रहा है। गौरा का गटियाही नौका टोला के लोग पेयजल को लेकर पूरे दिन परेशान रहते हैं। उन्हें एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। छोटी-छोटी बच्चियां पानी लेने के लिए माथे पर डेकची व हाथों में बाल्टी लिए जा रही थी। कैमरे से फोटो लेते देख भाग खड़े हुए। जंगलों पहाड़ों में बच्चियां एक किलोमीटर दूर जाकर पानी लाती हैं। आने- जाने में हमेशा डर सा बना रहता है। गांव के लोगों ने बताया कि गर्मी के मौसम में काफी समस्या बढ़ जाती है। घर के बगल से गुजरने वाली नदी भी सूख जाती है। इसके कारण काफी परेशानी होती है। नहाने के लिए चुआंड़ी का पानी उपयोग कर लेते हैं। लेकिन पीने के लिए भटकना पड़ता है। लोगों ने कहा कि समस्या को लेकर पंचायत क्षेत्र की मुखिया व अन्य लोगों से भी शिकायत की गई। लेकिन किसी ने आगे बढ़कर सहयोग नहीं करना चाहा। पंचायत व गांव में मुंहदेख कर दरवाजे पर जलमीनार लगाए गए हैं। जल मीनार लगाने में भी पैसे वसूले गए हैं। वे गरीब परिवार पैसे नहीं दे सके। इसके कारण सुविधा नहीं मिल सका। आज वे सभी भटक रहे हैं। जल संकट से जूझ रहे लोग विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवां पंचायत का गौरा गांव जहां पेय जल की समस्या है। लोग जल संकट से जूझ रहे हैं।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### शराब निर्माण एवं बिक्री के मामले में आठ गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शराब निर्माण, संग्रहण, तस्करी के विरुद्ध उत्पाद विभाग की ओर से अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के देखरेख में इस अभियान में आठ लोगो को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया। अधीक्षक मद्य निषेध मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कई टीम का गठन करते हुए मुफस्सिल के हजारी बैलहट्टा, पुरुषोतमपुर, बैरिया के बैजुआ दियारा, लौरिया के सिसवनिया धांगड़ टोली बैरिया के सरैयामन एवं चनपटिया के बीन टोली में छापामारी की गयी। जहां से श्याम् मार, छोटू साह, सुनील यादव, मुकेश कुमार, सीमा देवी, सोनु कुमार विवेक कुमार एवं सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 73.620 लीटर विदेशी शराब, 41.600 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों पर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### बीस सूत्री अध्यक्ष समेत सदस्यों को किया गया सम्मानित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** योगापट्टी प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के गठन के उपरांत समिति के अध्यक्ष संतोष चौधरी उपाध्यक्ष शंभू कुशवाहा सदस्य धर्मनाथ यादव जनार्दन पांडे सुदामा पाल लाल बाबू पासवान शंभू प्रसाद इंद्रजीत ठाकुर सर्वेश चौधरी उमा देवी प्रेमशिला देवी को आज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में अंग वस्त्र से एवं मिठाई खिलाकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में सम्मानित किया गया। उपस्थित व्यक्तियों ने समिति के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम का संचालन भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मुरली मनोहर पांडे ने की । इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष अश्वनी कुमार जिला मंत्री बेबी झा जदयू नेता मनोज कुशवाहा सुरेंद्र कुशवाहा सहित एनडीए गठबंधन के प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### शराब पीने के आरोप में एक गिरफ्तार

**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शराब पीने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ट्रेनवा माधोपुर गांव निवासी रणजीत सिंह के रूप में हुई है।इस संबंध में सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने रविवार को जानकारी दी।गिरफ्तार आरोपी पर आगे की कार्रवाई के लिए सिवान न्यायालय भेज दिया गया।

### सांसद से मिले एलएसबीए के प्रखंड समन्वयक

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। एलएसबीए संविदा कर्मियो का हड़ताल जारी है। रविवार को संविदा कर्मी संघ का एक शिष्टमंडल वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार से मिलकर उन्हें अपना 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा और उनकी मांग को सरकार तक पहुचाने का अनुरोध किया। इसपर सांसद ने उन्हें सकारात्मक आश्वाशन दिया है। मौके पर प्रखंड समन्वयक रिंकी कुमारी, अवनीश कुमार, सुरेंद्र सिंह प्रतिश कुमार, अखिलेश्वर प्रसाद, मुकेश कुमार, मनीष कुमार आदि शामिल थे।बता दें कि एलएसबीए के सभी प्रखंड समन्वयक आठ अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

### मारपीट कर मोबाइल छीना, गोली मारने की दी धमकी

**तरवारा/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीवी नगर थाना क्षेत्र के शिवदह बाजार स्थित राहुल हार्डवेयर से शनिवार की संध्या दुकान बंद करने के समय शिवदह गांव के ही दो लोगो ने हथियार के बल पर नगदी रुपये और मोबाईल फोन छीन लिए और गोली मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बताते चले कि शिवदह बाजार स्थित राहुल हार्डवेयर की दुकान पर शनिवार की संध्या इसी गांव निवासी राजेश यादव का 20 वर्षीय पुत्र अमिश कुमार यादव तथा अभिमन्यु कुमार महतो पिता रामकिशुन महतो ने अचानक से दुकान पर आकर हथियार के बल पर दुकान में रखे 70 हजार नगद तथा एंड्रॉयड फोन लेकर गोली मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जिसकी जाँच की जा रही है जांचोपरांत कानूनी कार्यवाई की जाएगी।

### छेड़खानी के आरोप में देवढ़िया निवासी आरोपी गिरफ्तार

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ छेड़खानी के आरोप में पुलिस ने देवढ़िया गांव निवासी अरविंद यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने एकमा थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि अरविंद यादव आए दिन उसका पीछा करता है और अश्लील हरकतें करता है। महिला ने बताया कि विरोध करने पर आरोपी उसे धमकी भी देता था। आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और अरविंद यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार आरोपियों में थाना क्षेत्र के भागर गांव निवासी गुलाल महतो तथा रामासरे बिन शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से देसी महुआ तथा बंटी बबली शराब बरामद हुआ है। इस संबंध में सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने रविवार को जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपियों पर आगे की कार्रवाई के लिए सिवान न्यायालय भेज दिया गया।

### उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिला पदाधिकारी सिवान की अध्यक्षता में जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया कि खरीफ मौसम 2025 में जिले में उर्वरक की आवश्यकता के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही निदेश दिया कि अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, सीवान सदर / महाराजगंज तथा जिला स्तर पर गठित छापेमारी दल उर्वरक बिक्री पर सतत निगरानी रखेंगे तथा समय-समय पर उर्वरक प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण करेंगे तथा अनियमितता पाये जाने पर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

### अधिक से अधिक कृषकों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करे : डीएम

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में असामयिक वषार्पात से हुई फसलों की क्षति के आकलन हेतु शनिवार को जिला पदाधिकारी ने दिनांक 09.04.2025 एवं 10.04.2025 को जिले में हुई असामयिक वषार्पात के विषय में जिला कृषि पदाधिकारी से चर्चा की गयी। इस संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखण्डों के चयनित राजस्व ग्रामों में फार्मर कैम्प लगा कर कृषि समन्वयक एवं राजस्व कर्मचारी के माध्यम से अधिक से अधिक कृषकों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करे। इसके साथ बीजोत्पादन- को लेकर जिला पदाधिकारी महोदय ने निदेश देते हुए कहा कि बीजोत्पादन योजनान्तर्गत कृषकों से उत्पादित बीज का नियमानुसार अधिप्राप्ति करना सुनिश्चित किया जाय।

# अंबेडकर की प्रतिमा स्थल की भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने की सफाई

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व शहर के गोपालगंज मोड़ स्थित अंबेडकर की प्रतिमा एवं स्थल की सफाई भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुआ. भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने आसपास स्वच्छता अभियान चलाया. जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि आज युवा मोर्चा के कार्यकर्ता द्वारा हर जगह अंबेडकर की मूर्ति की सफाई करने का अभियान चला रहा है. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा डॉ अंबेडकर के सभी पुराने स्थलों को विश्व में एक अलग पहचान दिलाई जा रही है. भाजयुमो जिला अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह पटेल ने कहा कि अभी हम लोग इस स्थल की सफाई किए हैं



और शाम को अंबेडकर की मूर्ति पर भी दीप उत्सव मनाया जाएगा. हैप्पी यादव ने कहा कि भाजपा ने हमेशा बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को हमेशा सम्मान दिया है. भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शर्मानंद राम ने कहा कि हमारे दिल में अंबेडकर बसे हैं. अपमानित करने का काम कांग्रेस और राजद के लोग करते हैं. भाजपा के जिला महामंत्री हरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि संविधान निर्माता अंबेडकर का सम्मान भाजपा हमेशा करती है. लेकिन कुछ लोग संविधान की प्रति साथ लेकर के रोज उनके बनाए हुए संविधान का उल्लंघन करते हैं. भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा आज पूरे प्रदेश में अंबेडकर जयंती के पूर्ण स्वच्छता अभियान चला रही है. भाजपा जयंती को सेवा सप्ताह के रूप में मना रही है. कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के जिला महामंत्री हरेंद्र कुशवाहा, प्रेम मांझी, अजय पासवान, जिला उपाध्यक्ष विनीत तिवारी, रॉकी साह, जिला मंत्री महेश गुप्ता, चंचल सिंह, सत्यम पाठक, पिंटू मिश्रा, गोविंद बसु, सोमिल उपाध्याय, अंकु चौबे, रॉकी साह, राजा श्रीवास्तव विजय प्रकाश यादव बृजेश पटेल, सौरभ कुशवाहा, अजीत चौरसिया युवा मोर्चा और भाजपा के सभी विकास करता उपस्थित रहे.

## एडीजी सीआईडी ने की समीक्षा बैठक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपर पुलिस महानिदेशक अपराध अनुसंधान विभाग पारसनाथ ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान डीआईजी हरकिशोर राय, एसपी डा. शौर्य सुमन के अलावे एसडीपीओ एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकरियों, पर्यवेक्षी पदाधिकारियों को सरकार के नये नियमों की जानकारी देते हुए सीसीटीएन से कांड दैनिकी, पर्यवेक्षण प्रतिवेदन अपलोड करने के सिस्टमों की जानकारी देते हुए कहा कि यथाशीघ्र हीं अब पेपरलेस सिस्टम लागू कर दिया जायेगा। उन्होंने सभी थानों में दर्ज होनेवाली प्राथमिकी का अनुसंधान पेपर लेस किये जाने की जानकारी देते हुए कहा कि इसके लिए सभी पर्यवेक्षी पदाधिकारियों, अनुसंधानकताओं को डिजीटली करण की दिशा में काम में पारंगत होना जरुरी है। सरकार सभी




अनुसंधानकताओं को लैपटॉप उपलब्ध करा रही है। कागज पर अनुसंधान करने का मामला खत्म हो जायेगा। उन्होंने घटनास्थल पर से उपलब्ध साक्ष्यों को भी अपलोड करने के लिए सभी पर्यवेक्षी एवं अनुसंधानकताओं को पारंगत करने का निर्देश दिया। अब पुरा अनुसंधान ऑनलाईन होगा। न्यायालय के न्यायाधीश भी केस से संबंधित पुलिस का अनुसंधान या आरोप पत्र ऑनलाईन देख सकेंगे। कॅप्यूटराईज्ड अनुसंधान को पुलिस मुख्यालय के पदाधिकारी भी ऑनलाईन देख सकेंगे। उन्होंने इसके लिए पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने पर भी जोर दिया।

## 204 पाउच नेपाली शराब के साथ पांच धंधेबाज गिरफ्तार

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस ने 204 पीस नेपाली शराब समेत दो बाइक के साथ पांच शराब धंधेबाज को शनिवार की रात बसंतपुर मोड़ के आगे बड़ौत बाबा स्थान के रास्ते कच्ची सड़क से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि शनिवार की देर शाम नवमी चौक पर वाहन जांच करने के दौरान मुझे गुप्त सूचना मिली कि भिसवा नेपाल से दो बाइक पर सवार पांच व्यक्ति एक बड़ा बोरा में शराब लेकर बसंतपुर बड़ौत बाबा स्थान के रास्ते चनपटिया के चूहड़ी जाने वाले हैं। सड़क में रात के लगभग 9 बजे दो बाइक पर सवार पांच व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगे। जिसे पुलिस बल के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ लिया गया। जिसमें काला रंग का होंडा शाइन पर तीन व्यक्ति थे। और पीछे वाले उजाला अपाची पर दो व्यक्ति के बीच उजाला रंग का बड़ा भरा हुआ बोरा था।पूछताछ के दौरान पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान दीपक साह गोलदार छिपरमाई परसा नेपाल, सुनील साह बहुअरवा थाना साठी बुनाद यादव मिजार्पुर परसा नेपाल विकास कुमार बैरिया शिकारपुर हरिनारायण साह जगन्नाथपुर सिकटा के रूप में हुई है।

## आकाशीय बिजली से मृत व्यक्ति के परिजनों से मिले सांसद

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विगत दिनों ठनका गिरने से पोखरा गांव के सरैया मठिया गांव के 40 वर्षीय हरेराम गिरी के पुत्र राकेश गिरी उर्फ बुधन गिरी की मौत 10 अप्रैल को हो गई थी. स्थानीय समाजसेवी दिलीप कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया रत्नेश्वर यादव ने इसकी सूचना स्थानीय संसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल व स्थानीय प्रशासन को दी . महाराजगंज के एसडीओ अनिल कुमार ने महाराजगंज के बीडीओ बिंदु कुमार को तत्काल 20 हजार रुपए की सहायता राशि पीड़ित परिजनों को चेक के माध्यम से दिलवाया. साथ ही स्थानीय मुखिया ने कबीर अंत्येष्टि की राशि भी पीड़ित परिवार को दी.सांसद श्री सीग्रीवाल हैदराबाद पीएम के कार्यक्रम से लौटने के बाद सीधे सरैया मठिया पहुंच कर पीड़ित परिजनों से मिले. परिवार का ढाढस बढ़ाया. डीएम से बात कर तत्काल आपदा से 4 लाख रुपए मुहैया कराने की बात कही. सांसद ने कहा मैं हर संभव पीड़ित परिवार के साथ हूं . जिला श्रवण पदाधिकारी से श्रम विभाग से श्रमिक को मिलने वाली राशि को भी दिलाने की बात कही. है मृतक के पत्नी लक्ष्मीबाई को विधवा पेंशन भी दिलाने का आश्वासन दिया.मौके पर मुखिया श्रत्नेश्वर यादव भाजपा नेता दिलीप कुमार सिंह भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह, पूर्व नगर उपाध्यक्ष केश , राहुल सिंह,अजय कुमार,मनिष कुमार सिंह कुंदन सिंह नरेंद्र पांडेय जी सुरेश सिंह, हितेश्वर गिरी जी रंजन गिरी जी संतोष गिरी दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

**हर संभव सहायता राशि दिलाने का दिया भरोसा**



## ट्रेंड सेटर बिहार अवार्ड 2025 से सम्मानित हुए डॉ उमेश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नारिनीति फाउंडेशन इंडिया के द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला प्रवक्ता सह नारायणी सुपरस्पेशलिटी ऑर्थोपेडिक क्लीनिक बसवारिया बेतिया के संचालक डॉ उमेश कुमार को ट्रेंड सेटर बिहार अवार्ड 2025 सम्मान से नवाजा गया।यह सम्मान उन्हें बिहार के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ श्रवण कुमार एवं नारिनीति फाउंडेशन इंडिया के निदेशक सह इंडिया के मशहूर फैशन डिजाइनर नीतीश चंद्रा के हाथों प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में अपने कार्यो से युवाओं को प्रभावित करते हुए नया ट्रेंड सेट करने वाले बिहार के कुछ गिने -चुने महानुभावों को सम्मानित किया गया।डॉ उमेश कुमार को यह अवार्ड उनके द्वारा पिछले कई वर्षो से स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेकानेक महत्वपूर्ण कार्य करके युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणादायक ट्रेंड सेट करने के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया। डॉ उमेश कुमार ने यह अवार्ड अपने दिवंगत पिताश्री को समर्पित करते हुए बताया कि कोई भी सम्मान छोटा या बड़ा नही होता। प्रत्येक अवार्ड जिंदगी में और बेहतर एवं बड़ा करने को प्रेरित करता है।बता दे कि हाल ही के दिनों में डॉ उमेश कुमार ग्लोबल हेल्थकेयर अवार्ड, आइकोनिक डॉक्टर ऑफ बिहार समेत कई प्रतिष्ठित खिताब से नवाजे जा चुके है।



## लड़की भगाने के मामले में पटना से युवक गिरफ्तार

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शेखपुरा बिंद टोली, पटना से लड़की भगाने के आरोप में पुलिस ने शेखपुरा बिंद टोली निवासी प्रकाश राज, (पिता अखिलेश बिंद) को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार एकमा थाना क्षेत्र की एक युवती अपने परिवार के साथ शेखपुरा, पटना में रहती थी। वर्ष 2024 में युवती के परिजनों ने एकमा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रकाश राज ने बहला-फुसलाकर उनकी बेटी को भगा लिया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश राज की भूमिका की पुष्टि की। काफी समय से फरार चल रहे आरोपी को एकमा पुलिस ने विशेष छापेमारी कर पटना के शेखपुरा बिंद टोली से गिरफ्तार कर लिया।

## डोनबॉस्को स्कूल के संस्थापक की मनाई गई गोल्डन एनिवर्सरी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीवनसाथी के रूप में एक साथ 50 वर्ष पूरे करने की ऐतिहासिक उपलब्धि को जिले के प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थान डॉनबॉस्को स्कूल के संस्थापक कोशी वैद्यन एवं उनकी पत्नी थ्रेसिया कोशी ने धूमधाम से मनाया. यह 'गोल्डन वेडिंग एनिवर्सरी' समारोह बैसाखी गांव स्थित डॉनबॉस्को स्कूल परिसर में रविवार को आयोजित किया गया, जहां परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों ने मिलकर इस यादगार दिन को खास बनाया.कोशी वैद्यन और उनकी पत्नी थ्रेसिया कोशी ने हमेशा अपने परिवार को प्राथमिकता दी.इस सफर में उन्होंने न सिर्फ जीवन के उतार-चढ़ाव को साथ में झेला, बल्कि अपने प्रेम, समर्पण और समझदारी से सभी को प्रेरित किया.इस खास मौके पर उनके परिवार के लोगों ने एक भावुक प्रस्तुति दी और पुराने पलों की यादें ताजा कीं. पूरे आयोजन में भावनाओं, आशीर्वाद और खुशियों की बौछार रही. पुत्र थॉमस कोशी,पुत्री मीनू एवं पुत्र बधू मंजू ने कहा कि माता-पिता का साथ और उनका प्यार हमारे लिए एक मिसाल है. समारोह के अंत में पति-पत्नी ने केक काट कर एक-दूसरे को फिर से माला पहनाई और सभी का आभार व्यक्त किया.कार्यक्रम में शामिल लोगों ने गुलदस्ता देकर कोशी वैद्यन एवं उनकी पत्नी थ्रेसिया कोशी को सफल दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दी.



## प्रशांत किशोर से मिले उदयशंकर सिंह, जनसुराज की रणनीति पर हुई चर्चा

**मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज पार्टी के वरीय नेता उदयशंकर सिंह ने रविवार को पटना स्थित प्रशांत किशोर के कार्यालय में भेंट कर उन्हें पुष्प गुच्छ/बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बिहार की वर्तमान राजनीतिक स्थिति व आगामी चुनावों को लेकर जनसुराज की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। उदयशंकर सिंह ने कहा कि जनसुराज गांधी जी के विचारों से प्रेरित एक आंदोलन है, जो बिहार में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रशांत किशोर को बिहार की राजनीति का उभरता हुआ सितारा बताते हुए कहा कि वे बीते दो वर्षों से अधिक समय से गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोर स्थिति जैसे मुद्दों को उठाने के लिए 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में एक रैली आयोजित की गई थी, जो सरकार को नागवार गुजरी। इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य की जनता मौजूदा शासन से परेशान है और अब बदलाव की इच्छुक है। उल्लेखनीय है कि जन सुराज के वरीय नेता व कौरु धौरु पंचायत के मुखिया पति उदय शंकर सिंह मांझी विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज की ओर से आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूत व संभावित प्रत्याशी भी हैं।



## शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाती है: श्रीकांत यादव

**लक्ष्य प्राप्ति के लिए जरूरी है मेहनत, आत्मविश्वास व अनुशासनः समरेंद्र बहादुर सिंह**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के परसागढ़ बाजार स्थित अतुल्य स्टडी सेंटर द्वारा रविवार को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के चेहरों पर सफलता की चमक व भविष्य के प्रति आत्मविश्वास साफ नजर आया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के साथ-साथ उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। मुख्य अतिथि एकमा विधायक श्रीकांत यादव ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए संस्थान की आधुनिक व अनुशासित शिक्षण व्यवस्था की प्रशंसा की।

उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाती है। साथ ही उन्होंने संस्थान को डिजिटल पैनल उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। ताकि छात्र-छात्राएं तकनीकी रूप से सशक्त बन सकें। विशिष्ट अतिथि शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि बोर्ड परीक्षा की सफलता केवल पहला पड़ाव है। इससे भी ऊंचे लक्ष्य छात्रों के सामने हैं, जिन्हें हासिल करने के लिए लगातार मेहनत, आत्मविश्वास व अनुशासन जरूरी है। उन्होंने छात्रों से जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच व लगन से आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की चार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं क्रमशः शिल्पी कुमारी, कृष्णा कुमार, साक्षी कुमारी, खुशबू कुमारी के अलावा मेदू छपरा गांव निवासी जगलाल यादव की पुत्री पिंकी कुमारी को इंटरमीडिएट में 468 अंक लाने पर विशेष सम्मान विधायक , शिक्षक नेता व संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया, जिन्होंने अपनी मेहनत व समर्पण से संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कार्यक्रम का संचालन अमित रस्तोगी, अतुल रस्तोगी व मनु कुमार ने किया। आयोजन में छात्रों के साथ अभिभावक, शिक्षक व गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। समापन पर सभी आगत अतिथियों को संस्था की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।







## परसागढ़ में भाजपा का एकमा विधानसभा क्षेत्र स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**चुनावी रणनीति व अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए गए दिशा-निर्देश**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** प्रखंड के परसागढ़ बाजार स्थित एक विवाह भवन के सभागार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा एकमा विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान को तेज करने व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा की गई। सम्मेलन में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती चयनित स्थानों पर धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया, साथ ही सामाजिक समरसता व संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति भी बनाई गई। कार्यकताओं को जिम्मेदारियों का विभाजन करते हुए विभिन्न दिशा-निर्देश दिए गए। ताकि क्षेत्र में पार्टी की पकड़ और अधिक मजबूत हो सके। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद भीम सिंह चंद्रवंशी व विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आवश्यक सुझाव दिए और संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया। सम्मेलन को भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजेश कुमार सिंह रमण, छपरा पश्चिमी जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद भोला, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, हेम नारायण सिंह, एकमा पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विकास कुमार मिश्रा, एकमा नगर अध्यक्ष श्री प्रकाश, मांझी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार दुबे, लहलादपुर मंडल अध्यक्ष अजय राय, भाजपा नेता राजन तिवारी, पूर्व जिला पार्षद रुपेश कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, बलवंत सिंह, चंद्रशेखर सिंह, चितरंजन सिंह, कृष्णा नंद पांडेय, पवन कुमार, संजीत मिश्रा, सोनू सिंह, प्रहलाद सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अरविन्द सिंह अंतिम, वीरेश सिंह, समेत अन्य कई नेताओं व कार्यकताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने व बूथ स्तर तक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सम्मेलन के अंत में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा सभी कार्यकताओं से उसे सफल बनाने की अपील की गई।






## अखंड अष्टयाम में शामिल हुए विधायक श्रीकांत यादव, पूजा-अनुष्ठान कर की मानव कल्याण की कामना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** एकमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीकांत यादव अपने समर्थक कार्यकताओं के साथ एकमा प्रखंड के पचुआ गांव स्थित अखंड अष्टयाम आयोजन स्थल पहुंचे। इस दौरान विधायक श्रीकांत यादव ने श्रद्धा भाव से पूजा-अनुष्ठान में भाग लिया और नासमस्तक होकर मानव कल्याण, सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। आयोजन स्थल पर भक्ति की धुनें, श्रद्धा का वातावरण और ग्रामीणों की आंखों में आस्था की चमक देखने को मिली। विधायक ने जनप्रतिनिधि के रूप में न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि ग्रामीणों के बीच बैठकर भावनात्मक जुड़ाव का भी परिचय दिया। उन्होंने कहा कि गांव की मिट्टी में बसी संस्कृति और संतों के स्वर में घुला भक्ति भाव आत्मा को शांति और मन को शक्ति देता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**शपथ पत्र**

मैं सलमती देवी उर्फ शालमा देवी पति स्व शंभू साह ग्राम+पोस्ट+थाना हुसैनगंज जिला - सिवान बिहार शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरे आधार नं 821926154299 में मेरा नाम सलमति देवी है। मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी सं 536613828 में गलती से मेरा नाम Shalma Devi अंकित हो गया है। कि मैं सलमती देवी एवं SHALMA DEVI दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं। शपथ सं 2282/8.4.25.

# अपराध नियंत्रण को ले औरंगाबाद पुलिस एक्शन मोड में

## एसपी अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में चलाये गये विशेष अभियान में 29 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण एवं मादक पदार्थों की खरीद- फरोख्त के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप औरंगाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में चलाये गये विशेष अभियान में केवल एक दिन में 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें 15 लोगों को जेल भेज दिया गया। इसके अलावा मद्य निषेध के शीर्ष में 08 लोग गिरफ्तार, अन्य शीर्ष में 17, हत्या के प्रयास में 1 एवं एससी-एसटी एक्ट में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में 59.9 लीटर देसी एवं 311.04 लीटर विदेशी शराब की भी बरामदगी औरंगाबाद पुलिस द्वारा की गयी है। वहीं पांच वारंट का निष्पादन, एक कुर्की निष्पादन एवं 1262 वाहनों की जांच की गई जिसमें 1,56,500 रू0 जुर्माने की राशि के रूप में वसूल की गयी। इस दौरान एक ट्रैक्टर, एक बाइक एवं एक कार जब्त किया गया है। बारुन थाना की पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरुप 11.1 लीटर देसी शराब के साथ बारून निवासी सनोज कुमार पासवान को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 17 लीटर देसी शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया। मुफ्फसिल थाना की पुलिस द्वारा 20 लीटर देसी शराब जब्त किया गया है। टंडवा थाना की पुलिस द्वारा नबीनगर थाना क्षेत्र के नबीनगर निवासी कमलेश राम को 2.5 लीटर देसी शराब एवं बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है। माली थाना की पुलिस द्वारा एक कार से 311.04 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है। फेसर थाना की पुलिस द्वारा अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया है और चालक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रंगलाल बिगहा निवासी सिकंदर पासवान को गिरफ्तार किया गया है। टंडवा थाना की पुलिस द्वारा एसटी-एससी एक्ट सहित अन्य मामलों में बेनीगंज निवासी ओमप्रकाश नयन उर्फ प्रकाश नयन ने न्यायालय में आत्मसर्मपण किया गया। बंदेया थाना की पुलिस द्वारा एसटी-एससी मामले में अभियुक्त मौरपति देवी उर्फ प्रभा देवी एवं नागेन्द्र यादव ने न्यायालय में आत्मसर्मपण किया।

## ब्राउन शुगर बरामदगी मामले में एक को सजा

**औरंगाबाद (नबिटा कार्यालय)।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के एडीजे नवम पंकज पांडेय ने दाउदनगर थाना कांड संख्या 791/24 में एनडीपीएस एक्ट के तहत सुनवाई करते हुए एक अभियुक्त को सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक (स्पेशल पीपी) परवेज अख्तर ने जानकारी दी कि अभियुक्त सुजीत कुमार उर्फ लफ्फु, निवासी उमरचक, दाउदनगर को दोषी पाए जाने पर न्यायालय ने उसे जेल में बिताए गए 03 माह 27 दिन को सजा के रूप में मान्य किया है। साथ ही उस पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत अल्प मात्रा में नशीले पदार्थ की बरामदगी के मामलों में एक वर्ष से अधिक की सजा का प्रावधान नहीं है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 15 दिसंबर 2024 को दाउदनगर थाना अध्यक्ष फहीम आजाद खान के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान तलाशी में अभियुक्त के पास से 04 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ था।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** नेशनल हाईवे 139 पर हरदत्ता गांव के समीप सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान एरका गांव निवासी 62 वर्षीय कृष्णा मेहता के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वे शनिवार की रात्रि अंबा बाजार से सब्जी बेच कर घर लौट रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के लिए औरंगाबाद से जमुहार जाने के दौरान रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राहुल राज मृतक के घर पहुंचे और पोस्टमार्टम कराने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया।

## पूर्व सांसद ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर बंधाया ढ़ाढस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने रविवार को कुटुंबा और नरहर अंबा गांव में पीड़ित परिवार से मिलकर कर ढ़ाढस बंधाया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व भाजपा के कुटुंबा पंचायत अध्यक्ष पिंटू बारी के पिता लखन बारी, डॉ. रागिब के दामाद तथा नरहर अंबा गांव में अर्जुन पाठक और उनकी पत्नी सुनीता देवी की मौत हो गई थी। पूर्व सांसद ने पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा आपदा राहत कोष से दी जाने वाली योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, मुखिया प्रतिनिधि आकाश सिंह, राम विलास सिंह, जीतू तिवारी, सोनू मालाकार, अरविंद पासवान, छोटे सिंह, विनोद सिंह, सुनील साव, विवेक गुप्ता, हरेंद्र सिंह, रिंकू सिंह, शकील खान, फैजी खान, रसूल खान, बबन पाठक आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी

**ओबर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** ओबरा थाना क्षेत्र के लबदना गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में शुक्रवार की सुबह मारपीट की घटना घटित हुई जिसमें करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। प्रथम पक्ष से उपेंद्र पासवान के पुत्र विकास कुमार, जितेंद्र पासवान की पत्नी मंजू देवी, पुत्री रानी कुमारी सहित अन्य लोग शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से शंभू यादव, मीना देवी एवं अरविंद यादव गंभीर रूप से घायल है। वहीं दीपक कुमार, उदय यादव एवं शिवकुमार को मामूली चोटे आई है। ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### विद्युत करंट से व्यक्ति झुलसा

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** मदनपुर के सलैया थाना क्षेत्र के पिरवां पंचायत के हथियावां गांव में शनिवार की रात विद्युत के टूटे तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। उसकी पहचान हथियावां गांव निवासी उमेश यादव के रूप में की गई है। घटना के बाद आनन-फानन में एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पिरवां पंचायत के मुखिया जनेश्वर यादव व मुखिया प्रतिनिधि गोपाल यादव ने बताया कि पीड़ित उमेश यादव बहुत ही गरीब व्यक्ति हैं। मजदूरी का काम कर परिजनों का भरन-पोषण करता है। पीड़ित को आर्थिक मदद की गई है।

### प्रवचन में लोगो की बढ़ी आस्था : सुशील सिंह

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज के ढोसिला पंचायत के नीमा वाजिद गांव में शिव- प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में काफी संख्या में श्रद्धालू यज्ञ मंडप का परिक्रमा करने, प्रवचन, एवं रामलीला देखने आ रहे है। इस दौरान आये पूर्व सांसद सुशील सिंह को आयोजको ने अंगवस्त्र एवं माला से सम्मानित किया। उन्होने कहा कि यज्ञ एवं प्रवचन से धर्म के प्रति रूचि बढते जा रही है। उन्होने कहा कि कुम्भ मेला मे कोई भेदभाव नही था। अमीर, गरीब और सभी वर्ग के लोग डूबकी लगाये। सनातनी सेवा के लिये हमेशा तत्पर रहती है। हिन्दू धर्म मे दया, क्षमा और अहिसा है और अच्छे समाज का जनक है। आयोजकों ने बताया कि गांव मे दो अलग-अलग नवनिर्मित मंदिर मे शिव प्राण प्रतिष्ठा एवं देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामदास स्वामी, लवकुश स्वामी जी महराज के तत्वावधान में यज्ञ का आयोजन किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** शहर के यामाहा बाइक शोरूम के समीप बेकाबू अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान शहर के ही राजवाड़ी गांव निवासी आयुष कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान आयुष ने बताया कि वह अपने घर से बाइक पर सवार होकर बाइक की सर्विसिंग कराने जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। घटना के बाद घायल आयुष का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

## चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का चुनाव असंवैधानिक, मंत्री प्रेम कुमार संगठन के असली अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा (पंजीकरण संख्या 2145/1912, स्थापना वर्ष 1906) ने एक अहम बयान जारी करते हुए समाज के लोगों को आगाह किया है कि कुछ तत्व संगठन का फर्जी रजिस्ट्रेशन कर समाज को गुमराह करने की साजिश रच रहे हैं। महासभा के अनुसार, पंजीकरण संख्या 2145/030/1912 के नाम पर एक फर्जी संगठन केवल कागजों पर चलाया जा रहा है जिसका समाज सेवा से कोई लेना-देना नहीं है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के नेतृत्व में संगठन जमीनी स्तर पर सक्रिय है और पंचायत, प्रखंड, जिला स्तर से लेकर देश के सात से अधिक राज्यों में चंद्रवंशी समाज के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। संगठन गांव-गांव जाकर चंद्रवंशी समाज के सुख-दुख में सहभागी बना हुआ है। इस कार्य के बाद ही राष्ट्रीय समिति का विधिवत गठन किया गया है। महासभा के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा कि समाज को गुमराह करने वाले ये चंद लोग केवल राजनीतिक लाभ और चंदा वसूली के उद्देश्य से इस प्रकार के ढोंग रच रहे हैं जिसका चंद्रवंशी समाज में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से आग्रह किया है कि ऐसे फर्जी संगठनों से सावधान रहें। इस बीच अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का चुनाव आज नगर भवन में संपन्न हो गया जिसे जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने असंवैधानिक बताया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269













